# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –146 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.




हनुमान जयंती आज


- अच्छी सेहत के लिए ...
- बदहाल हैं, राम की बहन... 04
- चीन कभी डरा नहीं, टैरिफ युद्ध पर ...
- बांग्लादेश-पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना... 09
- शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स 75 हजार के पार
- डॉलर पर भारी रुपया, 61 पैसे उछला 11
- 1001 चौके-छक्के...
- कीपिंग करते हुए... 10


## आईपीएल में आज

TATA IPL

लखनऊ विरुद्ध गुजरात (लखनऊ) 3.30 दोपहर से

हैदराबाद विरुद्ध पंजाब (हैदराबाद) 7.30 शाम से

# समाजसेवी संस्था की आड़ में मानव तस्करी; 11 साल में 15,000 लड़कियों को बेचा

**कानपुर।** अगवा कर राजस्थान के जयपुर में बेची गई किशोरी के मिलने और खरीदने वाली महिला के पकड़े जाने के बाद बड़ा राजफाश हुआ है। आरोपी महिला जयपुर में गायत्री सर्व समाज फाउंडेशन के नाम से समाजसेवी संस्था चलाती है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि वह मानव तस्करी का गिरोह चला रही थी। वर्ष 2014 से अब तक 15000 से ज्यादा लड़कियों को सामूहिक विवाह के लिए बेच चुकी है। किशोरी को उसने ढाई लाख रुपये में खरीदा था और धोखे से उसकी शादी करा दी। वह बचकर भाग निकली और स्वजन को जानकारी दी।

## बचकर भागी लड़की ने भांडा फोड़ा

*एसीपी चित्रांशु गौतम के मुताबिक आरोपितों द्वारा करीब 15 हजार शादियां कराए जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। खरीद-फरोख्त कितने मामलों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। नौबस्ता क्षेत्र निवासी एक मजदूर की 16 वर्षीय बेटी पड़ोसी सौरभ मिश्रा की छोटी बेटी को पढ़ाती थी। सौरभ की पत्नी ने 29 मार्च को बाजार चलने के बहाने किशोरी को घर बुलाया। किशोरी पहुंची तो घर में सौरभ व उसकी दो महिला मित्र पलक व सुमन ही मिलीं। किशोरी ने सौरभ की पत्नी को फोन किया तो उसने कहा कि तुम सौरभ के साथ चली जाओ। किशोरी सौरभ व उन दो महिलाओं के साथ कार से चली गई।*

*रास्ते में उन लोगों ने किशोरी को पनीर खिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश आया तो रात हो गई थी। सौरभ से पूछने पर उसने कहा कि रिश्तेदार के घर जा रहे हैं। वह उसे जयपुर के खोनागुरिया के प्रेमनगर निवासी गायत्री नाम की महिला के फार्म हाउस लेकर पहुंच गए। उसे खाना खिलाया गया, जिसके बाद वह फिर बेहोश हो गई। होश आया तो वह राजस्थान के सीकर में नरोत्तम नाम के युवक के घर में थी। उसे बताया गया कि सामूहिक*



*विवाह समारोह में नरोत्तम से उसका विवाह हुआ है। उसे फोटो भी दिखाई गई। किशोरी ने आत्महत्या की धमकी दी तो नरोत्तम उसे गायत्री के फार्महाउस ले गया। वहां नरोत्तम और गायत्री के बीच ढाई लाख के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ, तब पता चला कि उसे सौरभ ने 1.30 लाख में गायत्री को बेचा था, जबकि गायत्री ने ढाई लाख रुपये में नरोत्तम को बेचा।*

*विवाद होने पर गायत्री उसे किसी तीसरे व्यक्ति को बेचने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान वहां करीब चार साल से बंधक शबाना ने किशोरी को बाहर निकलने में मदद की। बाहर निकलकर उसने एक व्यक्ति के मोबाइल फोन से स्वजन को जानकारी दी। वह पास के बस्सी थाने पहुंची और पुलिस को भी बताया। हंसपुरम चौकी प्रभारी ललित प्रताप सिंह ने बताया कि जयपुर से गायत्री व उसके ड्राइवर हनुमान सिंह को गिरफ्तार किया गया है। कोलकाता निवासी शबाना को भी मुक्त कराया गया। आरोपित महिला गायत्री सर्व समाज फाउंडेशन के नाम से संस्था चलाती है और सामूहिक विवाह कराने की आड़ में मानव तस्करी गिरोह चला रही थी। पुलिस अब सौरभ, उसकी पत्नी, महिला मित्र सुमन व पलक के साथ ही किशोरी से विवाह करने वाले नरोत्तम की भी तलाश कर रही है।*


सार संक्षेप

## तमिलनाडु में भाजपा-एआईएडीएमके ने मिलाया हाथ

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** तमिलनाडु की सियासत में शुक्रवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा और एआईएडीएमके ने एक बार फिर हाथ मिला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एनडीए के बैनर तले एआईएडीएमके, भाजपा और अन्य सहयोगी दल एक साथ आकर चुनाव लड़ेंगे।

अमित शाह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ये चुनाव दो स्तरों पर लड़ा जाएगा, राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में।




**चूहा-सुनती हो-** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में मौलवी को 187 साल की सजा सुनाई गई है।

**चुहिया- हां प्रिये-** यदि पुर्नजन्म पर भरोसा हो तो अगला जन्म भी सजा में ही कट जायेगा।

# निष्काम सेवा ही दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है : प्रधानमंत्री

## गरीबों की सेवा ही परमार्थ है : मुख्यमंत्री





- मध्यप्रदेश के आनंदपुर क्षेत्र के समग्र विकास के प्रयास होंगे
- राम वन गमन पथ के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध
- मध्यप्रदेश अजब और गजब है, विरासत के संरक्षण के साथ विकास के लिए मध्यप्रदेश में सिंहस्थ 2028 की हो रही तैयारियां

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। आज आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है।

उन्होंने कहा कि यहां मंदिर में दर्शन किए और सेवा कार्यों की जानकारी ली तो हृदय आनंदित हो गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। केन्द्र सरकार भी सेवा की भावना को केन्द्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए निःशुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान प्रारंभ किए जा रहे हैं। हमारा पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को निखारती है और व्यक्ति को बड़े उद्देश्यों से जोड़ती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरू महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरिष्ठ सांसद वी.डी. शर्मा, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में आनंदपुर धाम के अनुयायी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आश्रम के गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गुरुजी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंद सरोवर की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। >>शेष पृष्ठ 2 पर

# उप राष्ट्रपति दिल्ली के लाल किले पर तीन दिवसीय विक्रमोत्सव का करेंगे शुभारंभ

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी होंगी शामिल







- महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का होगा मंचन
- सम्राट विक्रमादित्य की गौरव गाथा का होगा यशोगान

**भोपाल, देशबन्धु।** महान सम्राट विक्रमादित्य, विक्रम संवत् और देश के गौरवशाली इतिहास में उनके योगदान से देश को अवगत कराने के लिए सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली के लाल किले में माधवदास पार्क में होगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शाम को 7 बजे विक्रमोत्सव में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के साथ साथ लाल किले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य कालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जा रही हैं। साथ ही दिल्ली के निवासी फूड कोर्ट में मध्यप्रदेश के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी चख सकेंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में भारतीय इतिहास और संस्कृति के महान नायक के योगदान को जीवंत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने महानाट्य की परिकल्पना >>शेष पृष्ठ 2 पर

# वक्फ कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरे छात्र

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** नए वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रदर्शन किया जा रहा है, ये प्रदर्शन आलिया यूनिवर्सिटी के छात्र कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने भी छात्रों का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में जमा हुए हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने पार्टी ऑफिस के बाहर ही बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। यह विरोध प्रदर्शन पीडीपी के महासचिव खुर्शीद आलम के नेतृत्व में किया गया। क्ष्ठक्क कार्यकर्ता नए वक्फ कानून के विरोध में शहर के केंद्र की ओर मार्च करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का वक्फ बचाव अभियान हुआ शुरू

**पहला फेज 87 दिन तक चलेगा**-दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शुक्रवार से देशभर में %वक्फ बचाव अभियान शुरू हो गया है है। इसका पहला फेज 07 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो प्रधानमंत्री मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया है।

## बिहार-उत्तर प्रदेश में मौसम का कहर, आंधी पानी और बज्रपात

# 100 से ज्यादा की मौत

**पटना, लखनऊ।** बिहार और उत्तर प्रदेश बदले मौसम का कहर काल बनता जा रहा है। इन दोनों प्रदेशों में दो दिन के भीतर 100 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। और अभी मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दी है।

बिहार में गुरुवार को दोपहर के बाद आये आंधी-पानी में उनका, दीवार और पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 61 लोगों की मौत हो गयी। वहीं बुधवार को वज्रपात से 19 लोगों की मौत हो गयी। पिछले दो दिनों में आंधी-बारिश और वज्रपात से राज्य में कुल 80 लोगों की जान चली गयी है। आंधी पानी से करोड़ों रुपये की क्षति का अनुमान है। इसके साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

सबसे ज्यादा नालंदा जिले में 22 लोगों की जान चली गयी, इसमें एक ही घटना में मानपुर थाना के नगवां गांव में मंदिर पर पेड़ गिरने से छा लोगों की मौत हो गयी। कई लोग घायल है। सभी लोग आंधी-पानी से बचने के लिए मंदिर में छिपे थे, तभी पीपल का विशाल पेड़ उसी के ऊपर गिर गया। बाहीं, इस्लामपुर प्रखंड के जैतीपुर में महिला और उसके दो पोते की जान चली गयी। तीनों जिस पुलिया के नीचे छिपे थे, उसकी दीवार टूट कर गिर गयी। राहुई प्रखंड के देकपुरा गांच में मुर्गी फार्म की दीवार गिरने से मां-बेटे की मौत हो गयी। सिलाब में दी और बेन व गिरियक में एक-एक की मौत गयी।

दर्जनों घरों के छप्पर, टीन के सेह छतों पर लगी सोलर प्लेट तथा दुकानों की साइन बोर्ड आदि उड़ गये। इस आपदा को देखते हुए डीएम ने विहारशरीफ में सभी डॉक्टर तथा कर्मियों की रखुट्टी राह कर दी है और आपातकालीन नंबर जारी किया है। इधर, कोसी-सीमांचाल व पूर्व बिहार में उनका से भी की मौत ही गयी।









अदालत

## मदरसे में नाबालिग बच्ची के साथ मौलवी करता था दुष्कर्म

# कोर्ट ने सुनाई 187 साल जेल की सजा

**कन्नूर।** केरल की एक अदालत ने मौलवी को 187 साल कैद की सजा सुनाई है। मदरसे में बच्चों को तालीम (पढ़ाई) देने वाला मौलवी नाबालिग बच्चियों के साथ गंदा काम करता था। जिसके वजह से उसको ये सजा सुनाई गई। 41 साल के मौलवी मोहम्मद रफी ने 13 साल की नाबालिग बच्ची का यौन शोषण किया था। जिसको ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। वो इस मामले में पहले से ही जेल की सजा काट रहा है।

केरल की कन्नूर की पॉक्सो कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 13 साल की बच्ची मौलवी के मदरसे में तालीम लेने जाती थी। हालांकि कुछ दिनों बाद ही बच्ची का व्यवहार और शारीरिक बनावट तेजी बदलने लगा। इस बात देखकर बच्ची के माता-पिता को चिंता होने लगी। बच्ची का ध्यान पढ़ाई में भी नहीं लग रहा था। ऐसे में बच्ची के माता पिता ने जब उसे लेकर काउंसलर के पास पहुंचे तो बच्ची ने पूरी कहानी सच-सच बता दी। बच्ची ने




मदरसे में मौलवी द्वारा उसके साथ किए गए दुष्कर्म की भी बात बताई।

बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी मौलवी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ। इसी केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौलवी को 187 साल कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने पॉक्सो कानून की धारा 5 टी के तहत आरोपी को 5 साल की कैद के साथ 5 लाख का जुर्माना, धारा 5 एफ के तहत भरोसा तोड़ने के जुर्म में 35 साल की जेल और एक लाख का जुर्माना, बार यौन शोषण करने के जुर्म में 35 साल की कैद की सजा सुनाई।

इसके अलावा कोर्ट ने अन्य धाराओं तथा आरोपों के तहत जैसे ओरल सेक्स के जुर्म में 20 साल की सजा और 50 लाख का जुर्माना। जबकि आईपीसी की धारा 376 के तहत नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक लाख जुर्माना और 25 साल की कैद की सजा सुनाई गई। इसके साथ जान से मारने की धमकी देने के जुर्म में भी कोर्ट ने सजा सुनाई है।

**अधिकतम 50 की काटनी पड़ सकती है सजा**-हालांकि इन सभी सजाओं में से कई सजाएं एक साथ चलेंगी। ऐसे में मौलवी को अधिकतम 50 साल जेल में सजा काटनी पड़ सकती है। मौलवी का पहले ही निकाह हुआ था। लेकिन उसकी हरकतों की वजह से उसकी बीवी ने तलाक ले लिया था।

# देश-विदेश

## 1.196 किलोग्राम हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान में उत्तर-पश्चिम जिले की नार्कोटिक्स टीम ने एक सक्रिय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से करीब 1.196 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी काला बाजार में कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। इस कार्रवाई को पुलिस ने एक अहम मील का पत्थर बताया है, जिससे इलाके में फैले ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

### कांग्रेस का बिहार सरकार पर हमला

## बढ़ती बेरोजगारी के लिए नीतीश सरकार जिम्मेदार

**पटना, (एजेंसियां)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सचिन पायलट ने शुक्रवार को बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और मजदूरों के पलायन को रोकने में विफल रहने के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की आलोचना की। पायलट अन्य पार्टी नेताओं के साथ पटना में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार के नेतृत्व में 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में शामिल हुए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए, पायलट ने कहा कि बिहार के करोड़ों युवा नौकरी की तलाश में अन्य स्थानों पर पलायन करने को मजबूर हैं, क्योंकि राज्य सरकार ने पिछले 21 वर्षों में अवसर पैदा करने के लिए कुछ नहीं किया। पायलट ने कहा कि युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है, क्योंकि वे स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी नौकरी पाने में असमर्थ हैं। प्रश्नपत्र लीक और रिश्वतखोरी के कारण युवाओं का भर्ती प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है। सचिन पायलट ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला।

सीएम आवास घेरने उतरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहले ही रोक दिया गया है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, हम युवाओं की बुलंद आवाज लिए बिहार के मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं, उनसे युवाओं के हालात पर सवाल पूछना चाहते हैं। लेकिन अपनी नाकामी के पीछे छिप रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार युवाओं से मिलना नहीं चाहते, उनके सवालों से बचना चाहते हैं, जिम्मेदारी से भागना चाहते हैं। इसलिए युवाओं के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए नीतीश कुमार तानाशाही पर उतर आए। कांग्रेस ने आगे कहा कि युवाओं को मारा और घसीटा गया, वॉटर कैनन से उनका रास्ता रोका गया, उनके साथ बर्बरता की गई। ये तानाशाह और युवा विरोधी सरकार याद रखे।

हमारे हौसले टूटने वाले नहीं हैं। पलायन और बेरोजगारी के खिलाफ हमारी ये लड़ाई जारी है और जारी रहेगी। हम न रुकेंगे, न झुकेंगे। बिहार के युवाओं को न्याय दिलाकर रहेंगे। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, पलायन बिहार की मुख्य समस्या है। बिहार सरकार ने युवाओं के लिए क्या किया। कोई रोजगार नहीं है।

प्रदर्शन में शामिल राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कन्हैया कुमार और यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली थाने पहुंची। हालांकि, एक घंटे बाद छोड़ दिया गया।

### राहुल ने भी बेरोजगारी पर मोदी सरकार पर साधा निशाना



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में बेरोजगारी को लेकर एक बार फिर पीएम मोदी को घेरा है। कांग्रेस नेता ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के वादे की याद दिलाते हुए कहा कि इसी से पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। इसके साथ ही उन्होंने रोजगार के अवसर पैदा करने के कई सुझाव देते हुए पीएम मोदी से सीधा कई सवाल पूछे है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 2024 के चुनाव के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत धूमधाम से रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की, जिसमें हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया। उन्होंने आगे कहा कि योजना की घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है, और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ वापस कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं।

- 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा में शामिल हुए सचिन पायलट समेत कई नेता
- युवाओं का भर्ती प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है
- प्रश्नपत्र लीक, रिश्वतखोरी पर सरकार को घेरा

### ट्रंप के आगे झुकने को तैयार नहीं चीन

## अमेरिकी सामानों पर लगाया 125 फीसदी टैरिफ

- ट्रंप ने चीन पर 20 फीसदी टैरिफ बढ़ाया था
- चीन पर कुल टैरिफ बढ़कर 145 फीसदी हुआ

**बीजिंग, (एजेंसियां)।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार थमने का नाम नहीं ले रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया हो, लेकिन चीन उनके निशाने पर है। चीन भी मानने को तैयार नहीं है। वह भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाता जा रहा है। कि अब चीन ने अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। चीन ने ये फैसला तब लिया है, जब बीते दिन डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगाए टैरिफ में 20 फीसदी का इजाफा करते हुए उसे 145 प्रतिशत कर दिया था।

**विभिन्न उपायों में जुटा चीन -** अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए चीन सरकार विभिन्न उपायों में जुट गई है। अमेरिकी उत्पाद पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा सरकार ने वादा किया है कि वह अपने लोगों को अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित करके निर्यात को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली में प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि चीन उपभोक्ता खर्च को आर्थिक विकास का आधार बनाएगा और एक बहुत बड़ा बाजार होने का लाभ उठाएगा।



**डब्ल्यूटीओ में दर्ज कराई शिकायत-** एक तरफ चीन अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ डब्ल्यूटीओ में अमेरिका की शिकायत भी कर रहा है। विश्व व्यापार संगठन में चीन के मिशन ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेरिकी टैरिफ को लेकर व्यापार निकाय में एक अतिरिक्त शिकायत दर्ज कराई है।

## तहव्वुर राणा के बचाव में उतरा हिंदू वकील!

**लखनऊ।** मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमलों के अहम आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को गुरुवार को अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद विशेष विमान के जरिए नई दिल्ली लाया गया। करीब पौने सात बजे उसका विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे ऑपरेशन को गोपनीय तरीके से अंजाम दिया।

राणा को एयरपोर्ट पर लगभग आधे घंटे तक कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया, जिसके बाद उसे अदालत में पेश करने के लिए अधिकारियों की टीम रवाना हुई। इस पूरे दौरान हस्त कमांडो और स्वैट टीम की निगरानी में उसका मूवमेंट हुआ।

अब इस हाई-प्रोफाइल मामले में तहव्वुर राणा की ओर से कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) ने वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष सचदेवा को नियुक्त किया है। डालसा समाज के कमजोर और जरूरतमंद तबकों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने वाला संगठन है, जो कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत संचालित होता है।

पीयूष सचदेवा एक प्रतिभाशाली और युवा वकील हैं, जिनकी शिक्षा और अनुभव उन्हें इस मामले में विशेष बनाता है।

## किश्तवाड़ में एक आतंकी ढेर, उधमपुर में तलाश जारी

**जम्मू, देशबन्धु।** किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को समाचार भिजवाए जाने तक मार गिराया था जबकि बाकी के साथ मुठभेड़ जारी थी। जबकि उधमपुर में जिन आतंकियों के साथ दो दिन मुठभेड़ चली अब उनकी तलाश की जा रही है। इसी प्रकार कठुआ जिले में 20 दिनों से सुरक्षाबलों को छका रहे आतंकी अभी तक हाथ नहीं आए हैं। इस बीच सुरक्षाबलों ने आतंकियों की आवाजाही रोकने और अमरनाथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नेशनल हाईवे को अपने अधीन लेते हुए गश्त को तेज किया है। एक गुप्त सूचना के आधार पर, सेना की 16वीं कोर ने किश्तवाड़ जिले के छात्रू जंगल में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया तथा एक आतंकवादी से संपर्क स्थापित किया, जो बाद में मुठभेड़ में मारा गया। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर 9 अप्रैल को किश्तवाड़ के छात्रू जंगल में एक संयुक्त तलाशी और विनाश अभियान शुरू किया गया। उसी दिन देर शाम संपर्क स्थापित किया गया। आतंकवादियों पर प्रभावी ढंग से हमला किया गया और गोलीबारी शुरू हो गई। सेना की 16वीं कोर ने एक बयान में कहा कि अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है।

# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT (E./M.) DIVISION- JABALPUR (M.P.)

Wah site: www.mp.gov.in/pwdmp Email :- sepwdelecjbp@mp.nic in Tel./Fax No. 0761-2620792

NIT No--02/25-26/SAC/E/M Jabalpur, Date 08/04/2025

Online Tender for mentioned below are being Invited. The Tender have been uploaded on the system of Public Works Department on the Portal http://mptenders.gov.in Tender detalls are as below:-

| Tender No. | Name of work | Cost of Project (PAC) (Rs. In lack) | (Original EMD) | Cost of Tender form | Time Allowed | 1-Contractor categari 2- Call No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_415354_1 | PROVIDING FOR INTERNAL ELECTRIFICATION ANNUAL MAINTENANCE WORK (AMC) OF VICTORIA HOSPITAL (SGD) DISTT. JABALPUR(MP) | Rs. 15.92 Lakh | Rs. 31840/- | Rs. 2000/- | 1 YEAR | 1- Centralised PWD Registration in Electrical & "A"Class electric licence From MP Licensing Board 2-1ST Call |
| 2025_PWDRB_415361_1 | PROVIDING & FIXING ELECTRIFICATION WORK IN NEWLY PROPOSED CLMC (COMPREHENSIVE LACTATION MANAGEMENT CENTER) AT 2nd FLOOR OF RANI DURGAWATI HOSPITAL JABALPUR. | Rs. 9.29 Lakh | Rs. 18580/- | Ra. 2000/- | 1 Week After Completion of Civil Work | 1- Centralised PWD Registration in Electrical & "A"Class electric licence From MP Licensing Board 2-1 st Call |
| 2025_PWDRB_415365_1 | PROVIDING FOR THREE YEAR AMC WITH OPERATION & MAINTENANCE CONTRACT BY OEM (L.G.) FOR VRF TYPE AIR CONDITIONER (Total Capacity 204 Ton) WHICH IS INSTALLED IN M.P.S.J.A.BUILDING JABALPUR. | Rs. 37.82 Lakh | Rs. 50000/- | Rs. 5000/- | 3 years | 1- Centralised PWD Registration in Electrical & "A"Class electric licence From MP Licensing Board 2-1 st Call |

The document can only be purchased online from the above website after making online payment. The last date & time for purchase of Document on line is Dated 22/04/2025 up to (17:30.) Detailed NIT and other details can be viewed on the above mentioned portal. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

G-11391/25

Executive Engineer
P.W.D. E/M DIVISION JABALPUR



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग क्रं.-2, जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 फोन नं. एवं फैक्स नं.: 0761-2622333 ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.01/व.ले.लि./2025-26 जबलपुर, दिनांक-07/04/2025

#### निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-01

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| सं. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_415006_pack1 | रियाना पहुंच मार्ग लं. 0.55 किमी. हडा बडोडा मार्ग लं. 1.10 किमी. बीजा बडोडा मार्ग लं. 1.00 किमी. सहसन पड़रिया मार्ग. लं. 2.40 किमी. उजरोद पहुंच मार्ग लं. 0.70 किमी एवं नटवारा बम्हनोधा मार्ग लं. 1.85 किमी. लंबाई 7.60 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 84.73 लाख | 84800/- | 10000/- | 06 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2. | 2025_PWDRB_415008_pack1 | मोहला पहुंच मार्ग लं. 0.80 किमी. चिखली मंदोवर मार्ग लं. 3.60 किमी. मढा बंजर मार्ग लं. 2.60 किमी. घाट सिमरिया पहुंच मार्ग लं. 0.13 किमी. मढा बरेली मार्ग लं. 2.10 किमी. देवरी लमतरा मार्ग लं. 2.43 किमी. मोहसाम गुनहरु राय सिमरिया मार्ग लं. 1.54 किमी. जी.एडी. क्वार्टर मार्ग लं. 0.60 किमी. खिन्नी देवरी मार्ग लं. 1.70 किमी. एवं घुटना पौण्डीकलां मार्ग लं. 1.50 किमी कुल लंबाई 17.00 किमी. में बीटी नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 160.06 लाख | 160100/- | 12500/- | 08 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3. | 2025_PWDRB_415010_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत पाटन उपखण्ड में मार्गों का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 4. | 2025_PWDRB_415012_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत शहपुरा उपखण्ड में मार्गों का रखरखाव एवं पेंच मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 5. | 2025_PWDRB_415014_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत शहपुरा उपखण्ड अंतर्गत रेस्ट हाऊस एवं अन्य भवनों में विभिन्न मरम्मत कार्य, ड्रेनेज, वाटर प्रूफिंग, सेनेटरी फिटिंग, फ्लाई प्रूफ वायर मेस एवं रेनोवेशन कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 6. | 2025_PWDRB_415015_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत पाटन एवं मुख्यालय उपखण्ड अंतर्गत रेस्ट हाऊस एवं अन्य भवनों में विभिन्न मरम्मत कार्य, ड्रेनेज, वाटर प्रूफिंग, सेनेटरी फिटिंग, फ्लाई प्रूफ वायर मेस एवं रेनोवेशन कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 7. | 2025_PWDRB_415016_pack1 | रामलीला मंच गढ़ा जबलपुर में सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु कम्युनिटी हॉल का निर्माण कार्य। (डिपोजिट कार्य) | प्रथम | 8.40 लाख | 17000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 8. | 2025_PWDRB_415017_pack1 | शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत नवीन मार्ग निर्माण हेतु वाटर सप्लाई पाईप लाईन, चेम्बर रीलोकेशन एवं विभिन्न कार्य। | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 9. | 2025_PWDRB_415019_pack1 | पचपेढी उपखण्ड के अंतर्गत आफिसर्स बंगलो में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण, पार्किंग शेड, पेवर ब्लॉक एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.98 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |
| 10. | 2025_PWDRB_415022_pack1 | पचपेढी उपखण्ड के अंतर्गत न्यायाधीश बंगलो में विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग, एल्युमिनियम सेक्शन, पुट्टी, पेंटिंग, इमलशन कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा सहित ऋतु) |

टीप- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28/04/2025 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

जी- 11373/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्रं.-2, जबलपुर


# प्रथम पृष्ठ का शेष

### निष्काम सेवा ही.......

आनंदपुर में हर वर्ष तीन दिवसीय वैशाखी मेला लगता है। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे हैं। **आनंदपुर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात् विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैंण्डलूम विलेज प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के प्रयास हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ 2028 की तैयारियां भी प्रारंभ करवा चुके हैं। प्रदेश की सरकार और नागरिक विकास में जुट गए हैं। उन्होंने कहा राम वन गमन पथ का विकास होकर रहेगा, मध्यप्रदेश में पथ का बडा हिस्सा है। दमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा करो, और उनकी आत्मा में रच-बस जाओ, यही परमार्थ है, यही सच्ची मानव सेवा है। गुरुजी महाराज की सेवा भावना से हमें भी प्रेरणा मिलती है। शांति का जो पाठ उन्होंने समाज को दिया है वह अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु जी महाराज ने इस आनंदधाम को सेवा का केंद्र बनाया है। हमारी सरकार भी ऐसा ही सेवा केंद्र बनाएगी। हम गौमाता की भी सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि आनंदधाम अपने नाम को धन्य और सार्थक कर रहा है। आनंद धाम से हमने सीखा है कि गरीबों की सेवा कर ईश्वर के करीब कैसे आया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रेम और अपनत्व के इस सुख सागर में बार-बार डुबकी लगाने वे यहां जरूर आएंगे।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत**-कार्यक्रम के पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी के अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम पहुंचने पर राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेलीपैड पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया।

### उपराष्ट्रपति दिल्ली.......

को साकार किया है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएँ अंकित की गई है। सम्राट विक्रमादित्य के विराट स्वरूप को प्रस्तुत करने के लिये कलाकारों का विशाल दल लगभग 125 कलाकारों और 50 अन्य सहयोगियों के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया जायेगा। नाटक के दृश्यों का सजीव बनाने के लिए अश्व, रथ, पालकी एवं ऊँट आदि का इस्तेमाल किया जायेगा। मंचीय प्रस्तुतिकरण को प्रभावी बनाने के लिये तीन मंच एवं एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया गया है। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, धरोहरों, कलाकौशल और पर्यटन को वैश्विक पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करने का यह प्रमुख मंच है। इसी तारतम्य में महान नायक सम्राट विक्रमादित्य के स्वर्णिम काल से जन मानस को अवगत कराने के लिए विक्रमोत्सव- 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह न केवल सम्राट विक्रमादित्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को जन मानस तक पहुंचाएगा, बल्कि मध्यप्रदेश की समृद्ध परंपराओं और पर्यटन संभावनाओं को भी राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। विक्रमोत्सव-2025 में मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों के फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिसका दिल्लीवासी आनंद ले सकेंगे। मध्यप्रदेश में पर्यटन विभाग की प्रमुख पहल, नवाचारों और पर्यटन सर्किट की जानकारी दी जाएगी। तकनीक की सहायता से नागरिकों को ऐतिहासिक कथाओं को जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। यहां AR/VR अनुभव के लिए पैवेलियन होगा, साथ ही बाबा महाकाल का होलोग्राफिक भी प्रदर्शित किया जाएगा। मध्यप्रदेश की हस्तकला व कौशल को मंच प्रदान किया जाएगा, जिसमें हस्त शिल्पकार गोंड कला, बाग प्रिंट, टेराकोटा शिल्प, खजूर पत्ती शिल्प, पारंपरिक शिल्प और पेपर मैशी कला व चित्रकला के साथ अन्य उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।


इंडियन बैंक Indian Bank अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761- 4009745
इलाहाबाद ALLAHABAD Email: zojabalpur@indianbank.co.in

**टेन्डर सूचना**

निम्नलिखित शाखाओं के नए परिसर के लिए इंटीरियर, फर्निशिंग, इलेक्ट्रिकल और लैन केबलिंग कार्य करने के लिए सूचीबद्ध ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| Sl No. | Branch Name | Estimated Cost | Emd Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Karrarpur Branch, Sagar Dist | Rs 7.41 lac | Rs 7413.00 |

निविदा दस्तावेज़ की लागत: 250.00 रुपये, अंतिम तिथि: 02.05.2025 को 16.00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथि: 02.05.2025 को शाम 5.00 बजे. सभी विवरण हमारी वेबसाइट पर: www.indianbank.in या Mob.No.- 9836031604

अंचल प्रमुख



**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्रं./0908/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक ...............

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तेवर प.ह.नं. 18/09 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका सिया बाई पाल पति/पिता छोटेलाल पाल जाति पाल निवासी भेड़ाघाट रोड तेवर जबलपुर के द्वारा ग्राम तेवर बंदोबस्त नंबर 229 प.ह.नं. 18/09 में स्थित भूमि खसरा नं. 417 रकवा 0.0100 वर्गफुट/हेक्टेयर फौती नामांतरण 1999 निधन दिनांक 10/09/2021 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 04/04/2025
पेशी दिनांक - 21/04/2025

रं.नं. 104

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर जबलपुर



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार ए.यू स्माल फायेनेन्स बैंक लिमि. जबलपुर के प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, हितग्राही श्री कमलेश पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद साहू की संपत्ति मौजा भगत सिंह वार्ड प. ह. नं. 45/16 नंबं. 175 खसरा नं. 292/64 रकवा 420 वर्गफीट व्यवसायिक तल मंजिल निर्मित रकवा 420 वर्गफीट एवं प्रथम तल निर्मित रकवा 420 वर्गफीट तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को बंधक कर मेरे पक्षकार से ऋण प्राप्त कर रहे हैं उपरोक्त संपत्ति की वसीयत दिनांक 24-07-2007 हितग्राही एवं श्री राजकिशोर पिता लक्ष्मी प्रसाद साहू के पक्ष में श्री जयराम साहू पिता श्री बसोरी लाल साहू ने लिखी थी उक्त असल वसीयत पूर्व में गुम हो गयी है उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी / गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक / रहन/ गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों सहित, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक कर ऋण स्वीकृत किये जाने की कार्यवाही की जावेगी, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर, दिनांक 11.04.2025

बृजेन्द्र बड़गैयां (अधिवक्ता)
कार्या.- 823 शाहीनाका, गढ़ा जबलपुर
मो.नं. 7999056327



**न्यायालय - श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, म.प्र.**

(श्रीमति शाम्भवी सिंह)

शिवनदंन शर्मा...........आवेदक
विरूद्ध
मध्यप्रदेश शासन एवं सर्वसाधारण ...अनावेदक

RCSA: 18/2025 पेशी दिनांक - 22/4/25

**सर्वसाधारण को सूचना इश्तहार हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आंवेदक शिवनदंन शर्मा पितां चूरामन शर्मा निवासी करहैया पो. घघरोला तहसील गाडरवारा जिला नरसिहपुर म.प्र. ने इस न्यायालय में मौजा खैरी खुर्द, प.ह.न. 119/6, रा.नि.म. बोहानी स्थित ख.न. 188/3, 188/4, 188/8 रकबा क्रमशः 0.113, 0.267, 0.025 कुल रकबा 0.405 हे. भूमि जो मौजूदा रिकार्ड में अनीता शर्मा पिता प्रभात शर्मा निवासी करहैया के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज है के बावत् दावा वास्ते घोषणा करापाने एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु दावा प्रस्तुत किया हैं, अगर इस संबंध में सर्वसाधारण कोई व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार यदि कोई हित रखता है तो नियत पेशी दिनांक 22/4/2025 पर उपस्थित होकर अपने या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। यदि उक्त दिनांक के पश्चात् दावा प्रस्तुत करता हैं तो उस पर विचार नही किया जायेगा। और व प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने हेतु न्यायालय स्वतंत्र रहेगा। यदि किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण अगले दिन सुनवाई पर लिया जावेगा।

गाडरवारा
दिनांक :- 02.04.2025

(शाम्भवी सिह)द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

उवाच

## मैं काशी का हूं और काशी मेरी है : मोदी



**वाराणसी, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। काशीवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने 3,900 करोड़ रुपए की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा, काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में काशी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है।



## प्रधानमंत्री ने श्री आनंद सर मंदिर परिसर में दर्शन कर सरोवर में पुष्प अर्पित किए

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री आनंदपुर धाम में परम पावन पूजा स्थल महातीर्थ श्री आनंद सर मंदिर परिसर में 4 मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने श्री आनन्द सरोवर में पुष्प अर्पित कर परमपिता से देशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी श्री आनंदपुर धाम स्थित हैलीपेड से सीधे मंदिर परिसर में दर्शन करने पहुंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ग्वालियर से हैलीकॉप्टर द्वारा श्री आनंदपुर धाम आगमन हुआ।

**मोती महल में की श्री परमहंस अद्वैत मत के प्रमुख गुरु महाराज से विशेष भेंट**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मोती महल में श्री परमहंस अद्वैत मत परम्परा के प्रमुख गुरु महाराज से शिष्टाचार



भेंट की। यह विशेष भेंट आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर केंद्रित रही, जिसमें देश की आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने पर पारस्परिक संवाद हुआ। इस विशेष भेंट ने न केवल आध्यात्मिक जगत में उत्साह का संचार किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि देश के नेतृत्व और आध्यात्मिक संस्थाओं के बीच सकारात्मक संवाद सतत रूप से जारी है।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत**-प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अपराह्न लगभग 3.30 बजे अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेलीपैड पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा भी उपस्थित थे।

4 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

## अखेतो सेमा बने विशेष पुलिस महानिदेशक जेल

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार ने 4 आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक वरिष्ठ आईएएस जी अखेतो सेमा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जेल से विशेष पुलिस महानिदेशक जेल, प्रकाश चंद्र परिहार सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुमनि ग्रामीण इंदौर जोन इंदौर से पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नगरीय पुलिस जिला इंदौर, अवधेश प्रताप सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा से सेनाना 36 वीं वाहिनी, भारतीय रिजर्व बटालियन, विसबल बालाघाट और राजेन्द्र कुमाश वर्मा को सहायक पुलिस महानिरीक्षक , प्रशिक्षण विशेष शखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल अटैज जोन पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा सागर से पुलिस अधीक्षक पीटीसी इंदौर पदस्थ किया गया है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किले तक सम्राट विक्रमादित्य की भव्य शोभा यात्रा निकली।

## सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन से शुरू हुई डॉ. यादव की शीर्ष तक की यात्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** उज्जैन की पवित्र धरती पर 2000 के दशक की शुरुआत की एक अनोखी सांस्कृतिक पहल की शुरूआत 'सम्राट विक्रमादित्य महामंचन' के रूप में हुई। यह महानाट्य मंचन केवल एक ऐतिहासिक पात्र का स्मरण नहीं था, बल्कि एक ऐसे युग की पुनर्प्रतिष्ठा थी जिसे भारतीय संस्कृति, न्याय, और नीति का प्रतीक माना जाता है। इस मंचन की सबसे रोचक बात यह रही कि इसमें स्वयं डॉ. मोहन यादव ने सम्राट महेन्द्रादित्य (विक्रमादित्य के पिता) का जीवंत अभिनय किया था।



डॉ. मोहन यादव ने सम्राट महेन्द्रादित्य (विक्रमादित्य के पिता) का जीवंत अभिनय किया था।

महानाट्य के मंचन के समय किसी ने सोचा भी नहीं था कि रंगमंच पर उतरने वाला यह युवक भविष्य में वास्तविक रूप में मध्यप्रदेश के विक्रमादित्य की तरह एक नेतृत्वकर्ता, एक सांस्कृतिक अभिभावक और जनमानस का प्रतिनिधि के रूप में प्रतिष्ठित होगा। डॉ. यादव का यह सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रेम ही उन्हें सत्ता के शीर्ष तक ले आया। सत्ता में आने के बाद भी उनका यह रुझान केवल मंचन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने महानाट्य के मंचन को सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बनाया।

**प्राधिकरण से प्रारंभ हुई विक्रमदर्शिता**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने, उन्होंने विकास को केवल अधोसंरचनात्मक निर्माण तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य की दृष्टि से उज्जैन शहर को एक ऐसे नगर के रूप में देखा जो इतिहास, आस्था और आधुनिकता का संगम बने। उनकी पहल पर शहर में चार दिशाओं में भव्य प्रवेश द्वार निर्मित किए गए, जो चार युगों के प्रतीक हैं। यह कार्य न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अभिनव था, बल्कि सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला भी था। उज्जैन को देश का पहला ऐसा शहर बनने का गौरव प्राप्त हुआ, जिसमें दिशा-प्रेरित प्रवेश द्वारों से संस्कृति का स्वागत हुआ।

**विक्रम विश्वविद्यालय को नई पहचान**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अगला महत्वपूर्ण कार्य सम्राट विक्रमादित्य के नाम से स्थापित विक्रम विश्वविद्यालय को राष्टीय स्तर पर पहचान दिलाना रहा। उन्होंने विश्वविद्यालय में न केवल शोध और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई, बल्कि सम्राट विक्रमादित्य के साहित्य, न्याय दर्शन, और सांस्कृतिक मूल्यों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में भी विशेष प्रयास प्रारंभ किए गए।

**लाल किले से देशव्यापी मंचन की ओर**- अब जब डॉ. यादव सत्ता और संस्कृति दोनों के मध्य सेतु बन चुके हैं, उन्होंने अपने पुराने सांस्कृतिक अभियान को उत्थान के एक नए सोपान पर ले जाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में टीम अब सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन को देशभर में करने के लिए तत्पर हैं। इससे सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और दर्शन पर आधारित यह महानाट्य लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्थल पर किया जाकर राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित कर सांसकृतिक उत्थान का नया आयाम स्थापित करेगा।

सम्राट विक्र मादित्य केवल इतिहास के पात्र नहीं हैं, वे भारतीय मानस के आदर्श पुरुष हैं। डॉ. मोहन यादव ने उन्हें सुशासन-प्रेरणा में बदल दिया है। उनका यह अभियान केवल उज्जैन या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत में सांस्कृतिक चेतना की लौ जलाने वाला है। जब लाल किले की प्राचीर पर विक्रमादित्य की गाथा गूंजेगी, तब यह केवल एक नाट्य मंचन नहीं होगा। यह भारतीय अस्मिता का उत्सव होगा।

## लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आठ से दस अप्रैल के बीच किए गए इन परीक्षणों के दौरान ग्लाइड बम को विभिन्न वारहेड विन्यासों में कई स्टेशनों में एकीकृत किया गया था। ये परीक्षण करीब 100 किलोमीटर की रेंज में पूरी सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पूरे किए गए। 'गौरव' 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस अवसर पर मौजूद डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षणों की समीक्षा की।

इस प्रणाली को विकास-सह-उत्पादन भागीदारों-अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, भारत फोर्ज और विभिन्न एमएसएमई के सहयोग से साकार किया गया है। इन परीक्षणों से 'गौरव' को भारतीय वायुसेना में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'गौरव' के सफल विकास परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और उद्योग जगत की सराहना की उन्होंने कहा कि गौरव के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में और वृद्धि होगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी।

## उन्नत और समृद्ध रही है प्राचीन भारतीय वास्तुकला : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसम का किया शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राचीनकाल से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे। भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई उदाहरण भोपाल और इसके आसपास विद्यमान है। भोपाल का ताल मूलत: बांध है। एक हजार साल पहले बनी है यह अद्भुत और बेमिसाल संरचना आज भी सामयिक और बड़ी आबादी के लिए उपयोगी है।

मितव्ययता और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ निर्मित यह संरचना, प्राचीन समृद्ध ज्ञान परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जिस पर आज भी विचार प्रासंगिक है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स सम्मेलन विशेष महत्व का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वास्तुशिल्प नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए वास्तुकला उत्कृष्टता में विरासत को समाहित करने के लिए डॉ. निधिपति सिंघानिया को भारतीय वास्तुकार संस्थान (आईआईए) फैलोशिप से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्किटेक्ट्स को विश्वकर्मा बंधु संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर वास्तुकला और पूजा पद्धतियों में कई रहस्य विद्यमान हैं। भस्म आरती जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा को संक्षिप्त रूप में दिखाने का प्रकल्प है। राजा भोज द्वारा बनवाया गया भोजपुर मंदिर और उनके बड़े भाई राजा मुंज द्वारा मांडव में बनाई गई संरचनाएं तत्कालीन उत्कृष्ट वास्तु शिल्प का उदाहरण है। उत्कृष्ट तकनीक के ये प्रतीक



हमारी संस्कृति पर गौरव और आत्म सम्मान का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि राजा भोज कई विधाओं के विशेषज्ञ थे, उन्होंने विभिन्न विषयों पर पुस्तक भी लिखी। उनकी राजधानी उज्जैन थी लेकिन उत्तर की ओर से हो रहे आक्रमणों से नागरिकों की सुरक्षा के लिए राजा भोज ने अपनी राजधानी को मांडव में स्थापित किया और वहां उत्कृष्ट जल संरचनाओं का भी निर्माण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दौर में मध्यप्रदेश बदल रहा है, प्रदेश में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, जलवायु, जन सामान्य का आत्मीय व्यवहार, सड़क-बिजली-पानी जैसी अधोसंरचनात्मक सुविधाएं, प्रदेश को निवेश के लिए आदर्श राज्य बनाती हैं। व्यवसायियों और उद्योगपतियों को कार्य में परेशानी ना आए इस उद्देश्य से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ सेक्टर विशेष पर केंद्रित नीतियां लागू की गई है। प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन सिटी भी तेजी से विकसित हो रही हैं, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े शहरों से आसपास के पांच जिलों को जोड़कर विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, शाजापुर को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन विकसित करने की कल्पना है।

फार्मेसी काउंसिल, कार्यालय में पंजीकरण प्रक्रिया का किया अवलोकन

## विद्यार्थी और पंजीकृत फार्मासिस्ट को डिजिटल, सुलभ सेवाओं के प्रदाय लिए सरकार संकल्पित : पटेल

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है कि हर विद्यार्थी और पंजीकृत फार्मासिस्ट को बिना किसी विलंब के डिजिटल, सुलभ और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध हों। राज्य मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश स्टेट फार्मेसी



काउंसिल, भोपाल कार्यालय का दौरा कर पंजीकरण प्रक्रिया की सम्पूर्ण कार्य प्रणाली का अवलोकन किया।

राज्य मंत्री श्री पटेल ने काउंसिल के अधिकारियों एवं स्टॉफ से संवाद कर पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुगम, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने तकनीकी माध्यमों से प्रक्रिया को त्वरित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में फार्मेसी के किसी भी छात्र एवं अभ्यर्थी को पंजीकरण में अनावश्यक परेशानी न हो और सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित हों इसके लिए प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य शिक्षा और पंजीकरण से जुड़ी संस्थाओं में निरंतर सुधार और नवाचार के माध्यम से ही छात्र हितों की रक्षा की जा सकती है। फार्मेसी काउंसिल की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रभारी रजिस्ट्रार श्रीमती माया अवस्थी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक- स. क्र.-03/एम/24-25/07
दिनांक 11/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्मिता नायर पति श्री सुरेश नायर द्वारा गुरु अर्जुन देव कॉलोनी के भवन क्रमांक ए/20 वार्ड ग्वारीघाट के प्लाट 1000 व.फु. विक्रय पत्र आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. ए/20 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री मनोज कुमार जग्गानी पिता श्री नोतनमल जग्गानी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 03 (रामपुर) नगर निगम, जबलपुर
कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक- स. क्र.-03/एम/24-25/05
दिनांक 11/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोशन जेठवानी पिता श्री मनोहर लाल जेठवानी एवं श्रीमती श्रेया जेठवानी पति श्री रोशन जेठवानी द्वारा पंचशील नगर के भवन क्रमांक एफ-10 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे प्लाट 1300 व.फु. तल घर... भूतल 841 व.फु. प्रथम तल 841 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. एफ-10 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमती सुदेश भाटिया पति श्री एम.एल. भाटिया के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 102
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 03 (रामपुर) नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक- स. क्र.-03/एम/25-26/08
दिनांक 11/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा नायर पति श्री मुरलीधर नायर द्वारा गुरु अर्जुनदेव कॉलोनी के प्लाट में क्रमांक डी -17 वार्ड शंकरशाह नगर प्लाट 1125 व.फु. भूतल 750 व.फु. प्रथम तल 750 व.फु. के विक्रय पत्र आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. डी -17 वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमती जसमीत कौर आनंद पति श्री सरदार परविन्दर सिंह के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 102
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 03 (रामपुर) नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक- स. क्र.-03/एम/25-26/06
दिनांक 11/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उज्जवल सेठी पिता स्व. केवल सेठी एवं श्रीमती आशा सेठी पति स्व. केवल सेठी द्वारा न्यू पी.पी. कॉलोनी के भवन क्रमांक LIG -54 वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 150 व.फु. भूतल 600 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. LIG -54 वार्ड ग्वारीघाटगृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री उज्जवल सेठी पिता केवल सेठी एवं श्रीमती रामचमेली सेठी पति श्री हरवंश लाल सेठी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 03 (रामपुर) नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक- स. क्र.-03/एम/25-26/04
दिनांक 11/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीना खत्री पति श्री नितिन खत्री द्वारा पंचशील नगर के प्लाट क्रं. 166 वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 1155 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त प्लाट क्र. 166 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री सिद्धांत गुप्ता पिता श्री शंकरलाल गुप्ता के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 03 (रामपुर) नगर निगम, जबलपुर
कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय/2025/26/एम/03 दिनांक 11.4.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सेवकराम केशरवानी पिता भावनदास केशवानी, हरीश चंद हिरानी, गोविन्द हिरानी दोनों के पिता श्री हासानंद हिरानी एवं श्री अजय कुमल गोपालानी पिता स्व. श्री वीरूमल गोपालानी मकान नं. 213 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल... भूतल 1725 व.फु. प्रथम तल 1200+525 व.फु. द्वितीय तल 400 व.फु. विक्रय पत्र, खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक संभाग-13 मुख्यालय , नगर निगम , जबलपुर
र.नं. 102

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम और जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**
I, Army No 13766959W Rank HAV Name ASLAM AHAMAD Presently residing at Vill- KAPOORI PO-DHARALHA Teh- NAKUR Distt SAHARANPUR (UP) PIN-247001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में माता का नाम SANJIDA BAGAM और मेरी माता की जन्मतिथि 04/04/1958 दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम SANJIDA BEAGAM और जन्मतिथि 01/01/1955 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो मे दर्ज है एवं मेरी माता के इस नाम और जन्मतिथि को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 136269 दिनांक 11/04/2025 नोटरी जबलपुर म प्र
गलत नाम- SANJIDA BAGAM
गलत जन्मतिथि - 04/04/1958
सही नाम-SANJIDA BEAGAM
सही जन्मतिथि - 01/01/1955
कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं, KANCHAN DEVI is legally wedded spouse of Army No 13763557N Rank HAV Name DEEPAK KUMAR Presently residing at Vill- RENG COLONEY BHARTOL PO- P. A. C. NAKATIA Teh- BAREILLY Distt BAREILLY (UP) PIN - 243123 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम KANCHAN DEVI to KANCHAN में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र No 33AA 136270 दिनांक 11/04/2025 नोटरी जबलपुर मप्र
INCORRECT NAME - KANCHAN DEVI
CORRECT NAME - KANCHAN
कृति

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 06 2025-2026 दिनांक 09/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती अर्चना कटारे पति श्री संतोष कटारे ने भवन क्रंमाक 260 का भाग पी.एन. 65, 66 में से पी 66 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000432745 पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती उषा दुबे पति श्री उमाशंकर दुबे के भाग पर वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड, के कुल प्लाट रकवा/निर्मित क्षेत्रफल 1600 में से विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु. पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति
कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/07 दिनांक 11.04.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनमोल जैन पति डॉ. श्री कपिल जैन ने मकान नं. 1167/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 819 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 100
राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 05 2025-2026 दिनांक 08/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री देवेन्द्र कुमार यादव, पिता-बालकृष्ण यादव भवन क्रमांक पी.न. 25/के.एस.नं. 45,46/2 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 1000359382 जलकर पिन नं. ......, पर विक्रेतागण/पंजीकृत गृहस्वामी - श्री रामदयाल प्रजापति/ जे.एल. प्रजापति वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 735 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति
कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

# अभिमत

**कृषि कार्यक्रम के दो हिस्से हैं। एक तो जन स्वास्थ्य सहयोग की जमीन पर विविध देसी बीजों की फसलें उगाना, उनकी जानकारी एकत्र करना, उन्हें संरक्षित करना, देसी बीज और उनकी जानकारी किसानों तक पहुंचाना। और दूसरा, किसानों के साथ मिलकर उनको जैविक खेती से जोड़ना, खेती के वैकल्पिक प्रयोग करना, कार्यशालाओं, बैठकों और कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों तक यह जानकारी पहुंचाना और उन्हें जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करना।**

## अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक अनाज जरूरी

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

**जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉक्टरों का मानना है कि बीमारी का संबंध कुपोषण से है। खाने की कमी से है। एक व्यक्ति के स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। पोषण का संबंध खेती से है। इसलिए स्वास्थ्य की स्थिति सुधारने के लिए कृषि कार्यक्रम चला रहे हैं।**

छत्तीसगढ़ के एक छोटे कस्बे गनियारी में कांग, कोसरा, कुटकी और मड़िया की फसलें हवा में लहलहा रही हैं। कांग के हरे पौधे में सुनहरी लम्बी बालियां मोह रही हैं। कोसरा में मोतियों की तरह दाने हैं। मड़िया की बालियां किसी गुड़िया की चोटियों की तरह खड़ी हैं। लेकिन यह बारिश की फसल नहीं, गर्मी की फसल है। आज इस कॉलम में पौष्टिक अनाजों की चर्चा करें, जो पूरी तरह जैविक हैं, और सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

हाल ही मैं यहां अप्रैल के पहले हफ्ते में गया था। यह जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का खेत था। खेत में लहलहाती फसल को बहुत देर तक देखते ही रहा। हरे-भरे खेत थे और बालियां दानों से भरी थीं। जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था वैसे तो स्वास्थ्य पर काम करती है, लेकिन सिर्फ इलाज ही नहीं, रोगों की रोकथाम पर ध्यान देती है।

इस संस्था में प्राय: जाता रहता हूं। एक तो यहां कम कीमत में अच्छा इलाज होता है, दूसरा यहां स्वास्थ्य को समग्रता से देखा जाता है। संस्था ने कृषि कार्यक्रम, पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किया है। आयुर्वेद चिकित्सा से भी इलाज की व्यवस्था की है। यह सब मुझे प्रभावित करते हैं।

आगे बढ़ने से पहले संस्था के बारे संक्षिप्त में जानना उचित होगा। जन स्वास्थ्य सहयोग (जेएसएस) स्वास्थ्य पर काम करने वाली गैर सरकारी संस्था है,जो यहां वर्ष 1999 से कार्यरत है। स्वास्थ्य की मौजूदा हालत से चिंतित होकर दिल्ली के कुछ मेधावी डाक्टरों ने इसकी शुरूआत की थी। जन स्वास्थ्य सहयोग केन्द्र, बिलासपुर से 20 किलोमीटर दूर गनियारी में स्थित है।

संस्था के कार्यकर्ता बताते हैं कि ग्रीष्मकाल में पौष्टिक अनाज की खेती का प्रयोग साल 2014-15 से चल रहा है। यह पूरी तरह जैविक है, रासायनिक खादों का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया जाता है। पहले इन अनाजों का थरहा डाला जाता है, उसके बाद रोपाई के बाद निंदाई-गुड़ाई की जाती है। और फसल पक जाती हैं।

बिलासपुर जिले का यह इलाका अचानकमार के जंगल से लगा है। अन्य जातियों के अलावा गोंड और बैगा आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। बैगाओं की पहचान उनकी बेंवर खेती (झूम खेती और अंग्रेजी में इसे शिफ्टिंग कल्टीवेशन कहते हैं) से होती है, जिसमें वे कई तरह के अनाज एक साथ होते थे। इसमें अनाज के साथ दालें भी होती थीं। यह खेती संतुलित व पर्याप्त भोजन देने में सक्षम थी।

जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉक्टरों का मानना है कि बीमारी का संबंध कुपोषण से है। खाने की कमी से है। एक व्यक्ति के स्वास्थ्य और विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। पोषण का संबंध खेती से है। इसलिए स्वास्थ्य की स्थिति सुधारने के लिए कृषि कार्यक्रम चला रहे हैं।

इस कृषि कार्यक्रम के दो हिस्से हैं। एक तो जन स्वास्थ्य सहयोग की जमीन पर विविध देसी बीजों की फसलें उगाना, उनकी जानकारी एकत्र करना, उन्हें संरक्षित करना, देसी बीज और उनकी जानकारी किसानों तक पहुंचाना। और दूसरा, किसानों के साथ मिलकर उनको जैविक खेती से जोड़ना, खेती के वैकल्पिक प्रयोग करना, कार्यशालाओं, बैठकों और कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों तक यह जानकारी पहुंचाना और उन्हें जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करना। खास बात यह है कि यहां जो भी फसलें उगाई जाती हैं, पूरी तरह बिना रासायनिक खाद के और जैविक तरीके से उगाई जाती हैं। मिट्टी-पानी के संरक्षण के साथ बोई जाती हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग का समृद्ध देसी बीज बैंक है। उसमें धान के 425, गेहूं 16, मड़िया ( रागी) की 6 और सेमी की 9 किस्में हैं। इसके अलावा, बैंगन, भिंडी, दलहन, तिलहन, अलसी, तिली, सेमी की देसी किस्में हैं। विविध धान किस्मों में महीन, सुगंधित, भूरी, हरी, काली और लाल चावल शामिल हैं। इनमें जल्दी पकने वाली और देर से पकने वाली किस्में शामिल हैं।

होमप्रकाश साहू कहते हैं इस साल खेत में प्रयोग किया और श्री पद्धति से बुआई की गई। इसमें बीज की मात्रा कम लगती है और खेत में पानी भरकर भी नहीं रखा जाता, जिससे पौधे को अच्छी हवा, प्रकाश और भरपूर ऊर्जा मिलती है और पैदावार अच्छी होती है। इस पद्धति को मेडागास्कर पद्धति के नाम से भी जाना जाता है। यह प्रयोग गर्मी में इसलिए किया गया क्योंकि बारिश में ज्यादा पानी में ये फसलें सड़ जाती हैं, इन्हें कम पानी की जरूरत है।

विशेषकर, यह पौष्टिक फसलें इसलिए भी उपयोगी है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में अब गर्मी में धान की फसल लेने का प्रचलन शुरू हुआ है,जो ज्यादा पानी मांगती है। भूजल का अत्यधिक दोहन होता है। पानी की बर्बादी होती है। इससे भूजल लगातार नीचे जा रहा है। यह फसलें कम पानी वाली हैं और गर्मी के धान का बेहतर विकल्प हैं।

होमप्रकाश साहू आगे कहते हैं कि हमारे ये पौष्टिक अनाज लोगों को पोषणयुक्त भोजन देंगे, जो गर्मी में कम पानी में पक जाते हैं। इनमें सब्जी की तरह ही पानी चाहिए। धान की तरह खेतों में पानी भरकर रखने की जरूरत नहीं हैं। जंगल और ग्रामीण इलाकों में पोषण की बहुत कमी है। यह बहुत ही पौष्टिक फसलें हैं, इनमें लौह तत्व, कैल्शियम,रेशे सभी पोषक तत्व होते हैं। कई बीमारियों से बचाव करते हैं। अब तो डॉक्टर भी पौष्टिक अनाजों को खाने की सिफारिश करते हैं, खान-पान में विविधता सेहत के लिए अच्छी मानी जाती है।

कोटा विकासखंड के सरईपाली गांव के धामसिंह मरावी ने मड़िया की खेती की है। यहां मुझे संस्था के पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के महेश शर्मा लेकर गए थे। धामसिंह ने खेती के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हालांकि मड़िया रोपाई में थोड़ी देर हुई, पर फसल अच्छी है। अगले वर्ष इसका ख्याल रखा जाएगा। धामसिंह के खेत को मैंने भी देखा, इसकी रखवाली के लिए मचान बनाया गया है। मचान से पूरा खेत दिखता है, घर के बुजुर्ग खेतों की रखवाली करते हैं। इसी प्रकार, झींगटपुर के गिरधारीलाल पोरते ने भी मड़िया की खेती की है।

धामसिंह मरावी, संस्था के पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, जो आसपास के गांवों के पशुओं का इलाज करते हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं में कमी आ रही है, लेकिन संस्था के प्रयासों से पशुओं का इलाज किया जाता है। यह स्थायी आजीविका का अच्छा स्रोत है, और खेतों में गोबर की जैविक खाद से उर्वरता भी बढ़ती है। यह पारंपरिक खेती का जाना माना तरीका है।

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। धान ही यहां की प्रमुख फसल है, जो बारिश की फसल है। लेकिन कम पानी में विविध पौष्टिक अनाज भी हो सकते हैं, यह जन स्वास्थ्य सहयोग के प्रयोग ने दिखाया है। जन स्वास्थ्य सहयोग की जैविक खेती का प्रयोग किसानों में आकर्षण का केन्द्र है। यहां किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण खेतों की फसलें देखने, देसी बीज लेने और कृषि विधियों की जानकारी लेने के लिए आते रहते हैं। कृषि प्रदर्शनी, अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्राय: लगी रहती है, जहां बीज और उनकी जानकारी उपलब्ध होती है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि ऐसे ही प्रयोगों से मिट्टी पानी के संरक्षण वाली देसी खेती बचेगी, लुप्त हो रहे देसी बीज बचेंगे, छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति बचेगी, खाद्य सुरक्षा होगी, जैव विविधता भी बचेगी और लोगों को भी पोषणयुक्त भोजन मिलेगा। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

### बीता सप्ताह

**5 अप्रैल**

- मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन हो गया।
- आर.बी.आई. ने 500 व 10 के नए नोट छापने का एलान किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद युनूस से कहा कि वे जल्द ही बांग्लादेश में चुनाव कराएं।
- महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ रेलवे नेटवर्क बढ़ाने चार परियोजनाओं को मिली मंजूरी।

**6 अप्रैल**

- गृहमंत्री अमित शह ने बस्तर के बस्तर पंडुम 2025 के एक समारोह में कहा कि हर नक्सलमुक्त गांव को मिलेगी एक करोड़ की विकास निधि।
- श्रीलंका सरकार ने पीएम मोदी को श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान से सम्मानित किया।
- फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का आज जुहू मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया।
- तेलंगाना में एक साथ 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

**7 अप्रैल**

- पीएम नरेन्द्र मोदी ने रामेश्वरम में पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया।
- अयोध्या में रामलला का हुआ सूर्यतिलक, देश दुनिया में लाखों लोगों ने देखा लाइव।
- उच्चतम न्यायालय में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरूण पतली के जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया।
- केरल सरकार के पूर्व मंत्री एमए बेबी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नए महासचिव बने।

**8 अप्रैल**

- छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 31 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।
- दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम आज दो दिनी यात्रा पर भारत पहुंचे
- संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूएचडी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में हर 2 मिनट में एक महिला की गर्भावस्था व प्रसव के कारण मौत हुई है।
- भारतीय नौसेना की ईस्टर्न फ्लीट का आधुनिक युद्धपोत आईएनएस सह्साद्रि श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचा।

**9 अप्रैल**

- अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन संपन्न हुआ। अध्यक्ष यतिलकाटुन खड़े ने कहा कि गांधी से जुड़ी संस्थाओं परहो रहा कब्जा।
- पुर्तगाल यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का सिटी की ऑफ ऑनर सम्मान दिया।
- केन्द्र सरकार ने वक्फ अधिनियम 1995 के प्रावधानों को 8 अप्रैल 2025 से लागू करने की घोषणा की। यानी वक्फ संशोधन विधेयक लागू।
- भाजपा को वर्ष 2023-2024 में राष्ट्रीय पार्टियों सबसे अधिक 2243 करोड़ चंदा मिला।

**10 अप्रैल**

- 2008 मुंबई आतंकवादी हमले के प्रमुख सूत्रधार तहब्बुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्शित हुआ।
- लवली शर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति बनी।
- पं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ कानून।
- भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की बिक्री के लिए एक मेगाडील को मंजूरी दी।

**11 अप्रैल**

- मुंबई 26/11 हमले का मास्टरमाइंड तहब्बुर राणा भारत लाया गया। एनआईए को पअियाला कोर्ट ने 18 दिन की रिमांड पर सौंपा।
- संसदीय कमेटी की एक रिपोर्ट के अनुसार तीन साल में केवल 8 भारतीयों की हो सकी वतन वापसी जबकि दुनिया भर की जेलों में 10 हजार से ज्यादा भारतीय कैद है।
- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने रूस पर आरोप लगाया कि 155 चीनी नागरकि रूस की तरफ से लड़ रहे है।
- आस्ट्रेलिया के नयू साउथ वेल्स की स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिडनी में लिजियोनेयर्स के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अलर्ट जारी किया है।

## बदहाल हैं, यम की बहन यमुना

■ वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

प्रयागराज का महाकुभ हमें मौका दे रहा था कि पवित्र, पूज्य यमुना नदी को शुध्दजल से पोषित नदी बनाने पर वाक्युद्ध समाप्त कर कर्मयुद्ध का प्रारंभ होता। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना प्रदूषण पर राजनैतिक बयानबाजियों की शुरूआत हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा 'छठ पूजा' पर रोक के आदेश और फिर 'यमुना को हरियाणा से जहरीली बनाकर भेजा जा रहा है' - जैसे आरोपों का द्वंद्व 'चुनाव आयोग' व न्यायालयों तक भी पहुंच गया था। चुनौतियां दिल्ली में 'यमुना जल पीकर दिखाने' तक पर आ गई थी। अंतत: चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में दिल्ली पहुंचे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ का प्रसंग छेड़ दिया था। चुनौती भरे लहजे में उनका कहना था कि जैसे महाकुंभ में उन्होंने अपने मंत्रीमण्डलीय सहयोगियों के साथ संगम में डुबकी लगाई थी, क्या वैसे अरविंद केजरीवाल और दिल्ली राज्य की 'आप कैबिनेट' कर सकती है?

**आम जन यमुना की पीड़ा व उसके दम तोड़ने को उसमें बहते कूड़े-कचरे, उठते झागों में ही नहीं देख सकता, बल्कि यमुनोत्री में धवलता, शुभ्रता की शुरूआत लिये यमुना को सहारनपुर जिले से इलाहाबाद तक की 1370 किमी की दूरी में पीली, काली, भूरी होते भी देख सकता है। प्रयागराज प्रवेश के पहले भी यमुना प्रदूषण-जनित धूसरित कालिमा लिये होती है।**

महाकुंभ तो समाप्त हो गया, लेकिन उत्तरप्रदेश सरकार भविष्य के लिये इस लक्ष्य को अपनी चुनौती बना सकती है कि यमुना को प्रयागराज पहुंचने के पहले पूरी तरह से प्रदूषण-मुक्त कर, उसमें यमुनोत्री से चले मूल जल की मात्रा बढ़ाकर, श्रद्धालुओं की डुबकी के लिये इंतजाम कर दिखायेंगे। जिस दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर मुख्यमंत्री योगी दिल्ली के चुनावी दंगल में चुनौती दे रहे थे, उस दिल्ली में यमुनोत्री से चला दस प्रतिशत भी जल उसमें नहीं रहता। नब्बे प्रतिशत से ज्यादा जल राह में निकाल लिया जाता है। इसलिये समझ लें कि यमुना, जो दिल्ली के आगे आगरा, मथुरा और संगम तक भरी-पूरी दिख रही है, उसका बहुत बड़ा अंश अनुपचारित-उपचारित सीवर जल का ही होगी।

आम जन यमुना की पीड़ा व उसके दम तोड़ने को उसमें बहते कूड़े-कचरे, उठते झागों में ही नहीं देख सकता, बल्कि यमुनोत्री में धवलता, शुभ्रता की शुरूआत लिये यमुना को सहारनपुर जिले से इलाहाबाद तक की 1370 किमी की दूरी में पीली, काली, भूरी होते भी देख सकता है। प्रयागराज प्रवेश के पहले भी यमुना प्रदूषण-जनित धूसरित कालिमा लिये होती है। वर्तमान में तो यमुना देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में से एक है। संवेदित जन, संवेदित संत, संवेदित राजनेता, संगम में डुबकी लगाने वाले करोड़ों आम लोग प्रदूषण-मुक्त या न्यूनतम प्रदूषण ढोती यमुना को संगम में पहुंचाने के लिये संकल्पित हो जाते तो दिल्ली में भी यमुना की दशा सुधरने में मदद मिल जाती।

'राष्ट्रीय हरित अधिकरण' के महाकुंभ में निर्देश के पीछे उसके तत्कालीन अध्यक्ष जस्टिस एके गोयल की यह तीखी टिप्पणी भी है कि जो अनजान, भोले श्रद्धालु बहुत आदर भाव से गंगाजल में नहाते हैं व उसे पीते हैं, वे इससे होने वाले स्वास्थ्य के खतरों से अनभिज्ञ होते हैं। अब आवश्यकता है कि धूम्रपान के खतरों से बचाने के लिए सिगरेट के पैकेटों पर छपी चेतावनियों की ही तरह गंगाजल के उपयोग के खतरों की चेतावनियां देकर आमजन के जीवन के अधिकार को सुरक्षित किया जाये। तब गंगा सफाई के राष्ट्रीय मिशन और 'केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' को भी दो सप्ताहों के भीतर अपनी-अपनी वेबसाइटों पर प्रमुखता से यह दिखाने के लिए कहा गया था कि किन-किन स्थानों पर गंगाजल नहाने व पीने के लिए ठीक है, कहां नहीं।

कुंभ समाप्ति के बाद भी नदी जल की शुद्धता सवालों के घेरे में रही है, किन्तु ऐसा भी नहीं है कि नदियों, सरोवरों के प्रदूषित होने की चेतावनियों के बाद आस्थावान इनमें डुबकी न लगायें या आचमन करने का जोखिम न उठायें। खतरनाक प्रदूषित यमुना में डुबकी लगाने व आचमन करने का जोखिम श्रद्धालु निरंतर सालों से उठा रहे हैं। दिल्ली में ही 'छठ पूजा' में महिलायें यमुना के झाग में नहा रही थीं। इसकी तस्वीरें दिखाकर दिल्ली के मुख्य सचिव को काफी कुछ सुनाया भी गया था। आस्था बहुत बड़ी बात है इसीलिये कहीं भी धार्मिक पर्वों व अनुष्ठानों में डुबकी लगाने की चुनौती देना बहुत अर्थ नहीं रखता है।

यमुना की राह में पड़ने वाले हर नगर की कहानी व समस्या एक जैसी है। 'सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट' (एसटीपी) क्षमता भर काम नहीं करते हैं। नगरों, महानगरों, गांवों, कस्बों में जितना अपशिष्ट पैदा होता है वह सब 'एसटीपी' में नहीं पहुंचता। प्रयागराज में ही महाकुंभ के पहले 81 नालों से करीब 290 मिलियन लीटर अपशिष्ट प्रतिदिन बहता था, किन्तु इसका केवल 178 मिलियन लीटर प्रतिदिन दस 'एसटीपी' में जाता था। 81 में से 44 नाले गंगा में 74 मिलियन लीटर सीवरेज डाल रहे थे। यह यमुना की अस्मिता को चोट पहुंचाना ही हुआ।

गंगा, यमुना जैसी पवित्र नदियों से हमारा व्यवहार अमानवीय है, इसकी ही स्वीकारोक्ति नैनीताल हाईकोर्ट के 20 मार्च 2017 के एक ऐतिहासिक आदेश में की गई थी। अदालत ने कहा था कि गंगा, यमुना को जीवित मानकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी कतिपय अधिकारियों को दी जाय। हालांकि इस आदेश के विरूद्ध केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय में गई और पहले तात्कालिक रूप से आदेश स्थगित किया गया व बाद में निरस्त कर दिया गया।

प्रयागराज के पूर्णकुंभ में यमुनोत्री से शुरू हुई पावन यमुना के कष्टों को कम करने का ईमानदार संकल्प संगम तट पर पहुंचा हर श्रद्धालु ले लेता तो यमुना का रूग्ण, मृतप्राय होना कुछ कम होता। कई मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री व राष्ट्रपति महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचे थे। आलीशान शिविर संचालित करने वाले मठाधीशों की संख्या भी कम नहीं थी। अब भी केवल आरतियों के मंहगे तमाशों से बाहर निकलकर वे ही ठोस कुछ करने लगें तो कम न होगा। यमुना की वेदनामयी हालत देखकर तो यही लगता है कि जगह-जगह, चाहे पूर्वोत्तर हो या मध्यप्रदेश, 'नमामि गंगा' के बाद विभिन्न राज्यों में अपनी-अपनी नदियों को नमामि कहना औपचारिकता भर है।


इस महाकुंभ के बाद वैज्ञानिकों द्वारा पारिस्थितिकीय आंकलन होना चाहिये कि दो महिनों से ज्यादा समय में तैयारियां, जिसमें पैतालीस दिनों तक करोड़ों लोगों का आना-जाना, वाहनों का चलना, तम्बुओं के लगने से यदि पारिस्थितिकीय हानि हुई है तो उसकी भरपाई के लिये क्या परियोजनायें चलाई जानी चाहिये। याद करें, 11-13 मार्च 2016 में श्री श्री रविशंकर के 'आर्ट ऑफ लिविंग' का विश्व-सम्मेलन दिल्ली में यमुना के किनारे हुआ था उससे यमुना तट पर हुये नुकसान के लिये 'एनजीटी' को विशेषज्ञ समिति ने बताया था कि बर्बाद तट के पुनर्वास पर लगभग 13 करोड़ 29 लाख रूपये और कम-से-कम दस साल लगेंगे।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## टैरिफ युद्ध : ट्रम्प की नीयत में खोट

कुछ लोगों का मानना है कि आज हम जिस बदसूरत अमेरिका को देख रहे हैं, वह बदलाव का एक चरण है जिसके कारण दुनिया कठिन दौर में आ गई है क्योंकि अमेरिका ने खराब सोच, अनैतिक और संदिग्ध व्यावसायिक कौशल वाले एक गलत नेता को चुना है। अमेरिकी नीति में बनावटी बदलावों को किसी व्यक्ति के नखरे या वास्तव में एक निक्सनियन 'मैडमैन थ्योरी' (मोटे तौर पर तर्कहीन रणनीति के रूप में) को देखने के लिए, अमेरिकी समाज में गहरी दरारों को याद करता है जो वैश्वीकरण की दीर्घकालीन मदहोशी से बढ़ते तनाव के साथ जुड़ा हुआ है।

वैश्वीकरण के कई अर्थ और परिभाषाएं हैं लेकिन पिछले चार दशकों या उसके आसपास के लेंस से देखा जाए तो यह थॉमस फ्रीडमैन की पुस्तक 'फ्लैट वर्ल्ड' की धारणाओं को एक वैश्वीकृत दुनिया के वादे के रूप में प्रस्तुत किया गया है जिसमें अमेरिका स्थित एकाउंटेंट जो एक रिमोट केंद्र से काम करने वाले भारतीय के हाथों वेतन में मामूली से अंतर के कारण अपनी नौकरी खो देता है। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पिछले महीने एक टेक समिट में 2016 में सिलिकॉन वैली में एक मल्टीबिलियन-डॉलर टेक कंपनी के सीईओ के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए यही सवाल उठाया था। वेंस ने पूछा- 'आय में हो रही हानि को भूल जाओ लेकिन उद्देश्य की भावना के नुकसान की भरपाई कैसे होगी, गरिमा की हानि की भरपाई कैसी होगी?' फिर वेंस ने सीईओ से मिले जवाब को उद्धृत किया- 'डिजिटल, पूरी तरह से इमर्सिव गेमिंग'! वेंस ने कहा कि बैठक में उनके साथ उनकी पत्नी थीं उसने टिप्पणी की, 'हमें यहां से निकलना होगा। ये लोग पागल हैं।'



जगदीश रत्तनानी

**ट्रम्प ने 3 अप्रैल को जो टैरिफ युद्ध छेड़ा है उसके माध्यम से अमेरिका वैश्विक व्यवस्था से बाहर निकल रहा है जिसे अब वह 'पागलपन' के रूप में देखता है। भले ही यह वही प्रणाली है जिसे अमेरिका ने बनाया और चलाया क्योंकि इसने वैश्वीकरण के आख्यान को तत्कालीन नए विकास मंत्र के रूप में देखा और आगे बढ़ाया था। ट्रम्प ने अब काल्पनिक रूप से गणना की गई संख्याओं का एक नया सेट रखा है जो निश्चित रूप से तनाव बढ़ाएगा**

ट्रम्प ने 3 अप्रैल को जो टैरिफ युद्ध छेड़ा है उसके माध्यम से अमेरिका वैश्विक व्यवस्था से बाहर निकल रहा है जिसे अब वह 'पागलपन' के रूप में देखता है। भले ही यह वही प्रणाली है जिसे अमेरिका ने बनाया और चलाया क्योंकि इसने वैश्वीकरण के आख्यान को तत्कालीन नए विकास मंत्र के रूप में देखा और आगे बढ़ाया था। ट्रम्प ने अब काल्पनिक रूप से गणना की गई संख्याओं का एक नया सेट रखा है जो निश्चित रूप से तनाव बढ़ाएगा, वैश्विक व्यापार को मार देगा और विश्व व्यापार संगठन के अंत का संकेत देगा। दर्द का असर विश्वव्यापी होगा लेकिन इसकी जड़ें अमेरिका के बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में हैं।

बंद हो रहे कारखानों, छंटनी के बार-बार आने वाले दौर, बढ़ती उपभोक्तावादी संस्कृति, आक्रामक, यहां तक कि अनुचित दखलदांजी करने वाली मार्केटिंग प्रणाली, ट्रेड यूनियनों और सामान्य रूप से श्रमिकों की आवाज का कमजोर होना तथा अमेरिका के कॉर्पोरेट क्षेत्र की भारी शक्ति ने एक साथ योगदान दिया है जिसकी वजह से एक ऐसी स्थिति बन गयी है जिसे अब वैश्वीकरण और उसके सहयोगी 'आउटसोर्सिंग बूम' की बीमारियों के लिए दोषी ठहराया जा रहा है। फिर भी ट्रम्पवाद यह नहीं देखेगा या नहीं देख सकता है कि वैश्वीकरण पूंजीवाद के विस्तार से अलग नहीं हुआ है और वास्तव में पूंजीवाद के विस्तार से ज्यादा कुछ नहीं है।

आखिरकार यह एक ऐसी प्रणाली है जो सबसे कम मजदूरी के लिए जानी जाती है और अधिकतम लाभ की प्राप्ति की नीति के अनुसार चलती है। भले ही यह श्रमिकों के जीवन की कीमत पर हो। उदाहरण के लिए, चीन में कई लोगों ने एप्पल के लिए चलाए जा रहे आई-फोन असेंबली प्लांट्स में मजदूरी पर काम करते हुए आत्महत्या कर ली है। उनके काम की जो परिस्थितियां हैं वे अमेरिका में अपराध हैं। उपरोक्त उदाहरण आईसबर्ग का दिखाई देने वाला ऊपरी सिरा है। ऐसी कई ज्यादातियां है जिनसे दुनिया अनजान है। उक्त उदाहरण मिल्टन फ्रीडमैन की सच्ची भावना को बताता है जिन्होंने 13 सितंबर, 1970 को लिखा था-'एक व्यवसाय की सामाजिक जिम्मेदारी अपने मुनाफे को बढ़ाना है'। वह बिना किसी जिम्मेदार व्यवहार के एक शेयरधारक मूल्य का पीछा करते हुए पूंजीवाद के विचार को वैध बनाकर व्यापार के लिए मुनाफे की दौड़ में शामिल होने के लिए स्वतंत्र है।

आज की पीड़ादायक प्रकृति पर विचार करें- क) 2019 में कॉर्पोरेट अमेरिका ने औपचारिक रूप से फ्रीडमैन सिद्धांत को खारिज कर दिया (2019 बिजनेस राउंडटेबल में 181 शीर्ष वैश्विक सीईओ ने शेयरधारक प्रधानता को खारिज करते हुए व्यापार निगम के एक नए उद्देश्य पर हस्ताक्षर किए), ख) डीईआई सिद्धांतों (विविधता, इक्विटी, समावेशिता) और ग) पृथ्वी और पृथ्वीवासियों ('पृथ्वी -पृथ्वीवासी- लाभ' का दिखावा) के लिए खड़े होने की मांग की लेकिन ड) वह विश्व के दूरदराज हिस्सों से अनुबंधों के साथ श्रम लागत को कम करने के पक्ष में खड़ा होगा, जो वैश्वीकरण है और प्रभावी रूप से फ्रीडमैन के सिद्धांत के अनुसार-काम पर अधिकतम मुनाफा कमाना उद्देश्य है। ऐसा लग रहा था कि फ्रीडमैन मारा गया लेकिन फ्रीडमैन का सिद्धांत फल-फूल रहा है!

यह मैश अप पूरा हो गया है जब ट्रम्प, व्यवसायों को अ) डीईआई को अस्वीकार करने के लिए कहता है, आ) डंप स्थिरता और इ) करों को तेज गति से कम कर मुनाफे का जश्न मनाते हैं लेकिन ई) अमेरिका को महान बनाने के मिशन पर काम करता है जो फ्रीडमैन मुनाफे पर दिशाहीन फोकस से बहुत अलग है। यह एक प्रकार से फ्रीडमैन की भौंडी नकल है जो न यहां की है और न ही वहां की है। इसके विचार सीमा पर ही खंडित हो जाते हैं, सत्ता केंद्रीकृत और शक्तिशाली होती है जबकि राज्य को प्रभावी ढंग से भंग किया जा रहा है। असहमति जाहिर करने वाली आवाजों को खामोश कर दिया जाता है। चुप रहने वालों में ऐसे व्यवसाय शामिल हैं जो आसानी से (और शायद खुशी से) डीईआई को बाहर फेंकने के लिए राजी हैं। आज अमेरिका में छात्र आंदोलन और अन्य राजनीतिक ताकतें चुप हैं, उन्हें विरोध में खड़े होना मुश्किल लगता है। फ्रीडमैनाइट विचार के लिए सरकार के नेतृत्व में ऊपर से नीचे तक का नियंत्रण घिनौना है। इनमें से कुछ बिन्दु पतन के लिए तैयार इस प्रणाली की संरचनात्मक विसंगतियों की ओर इशारा करते हैं जो सही समय या परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। तर्क दिया जा सकता है कि पूंजीवाद ने अपना रास्ता खो दिया है और यह उसी देश में है जो पूंजीवाद का सबसे बड़ा समर्थक है। ट्रम्प की क्रूर चालें इसे पतन से बचाने की बड़ी लड़ाई हैं चाहे इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

आज मूल्यों की ऐसी सभी बातें हट गई हैं और वास्तव में अमेरिका नग्न खड़ा दिखाई देता है। यह नई विश्व व्यवस्था नहीं है जिसकी परिकल्पना विश्व व्यापार संगठन के गठन के समय की गई थी। आरएसएस की आर्थिक शाखा स्वदेशी जागरण मंच के अश्विनी महाजन का यह कहना सही है कि विश्व व्यापार संगठन की पूरी तरह से अवहेलना की जा रही है और इसकी समाप्ति के साथ भारत को ट्रिप्स या बौद्धिक संपदा अधिकार समझौते के व्यापार संबंधी पहलुओं से मुक्त होना चाहिए। बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलू विश्व व्यापार संगठन की उपज है। महाजन के अनुसार रॉयल्टी की समाप्ति के मामले में ट्रिप्स ने भारत को भारी नुकसान पहुंचाया था। रायल्टी भुगतान 17 अरब अमरीकी डालर से अधिक हो गया है। अमेरिका द्वारा विश्व व्यापार संगठन को नजरअंदाज करना विकासशील दुनिया में कई लोगों के दृष्टिकोण की पुष्टि करता है कि सिद्धांतों में निहित ये जटिल व्यवस्थाएं हमेशा अमेरिका और उसके मुनाफाखोर व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए थीं। चूंकि अमेरिका के साथ संबंध बनाए रखने और बनाने में भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है इसलिए इससे बाहर निकलना आसान नहीं होगा। अमेरिका पर मोहित हुए बिना या उससे भयभीत हुए बिना भी भारत ऐसा कर सकता है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

# नकली डाक्टर जॉन केम ने जबलपुर में भी किए कई ऑपरेशन

**जबलपुर/दमोह।** दमोह के कथित फर्जी डॉक्टर ने दमोह ही नहीं समीपस्थ जिले जबलपुर में भी मरीजों की जान से खिलवाड़ किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दमोह मिशन अस्पताल में कथित फर्जी डॉक्टर नरेंद्र यादव ने डॉ. एन. जॉन केम बनकर 15 ऑपरेशन किए, जिनमें से 7 मरीजों की मौत हो गई। यह डॉक्टर जबलपुर के अस्पतालों में भी मरीजों की जान से खिलवाड़ कर चुका है। ज्ञात हो कि दमोह के मिशन अस्पताल से चौंकाने वाला मामला सामने आया था, जिसमें पता लगा कि जो डॉक्टर मरीजों का ऑपरेशन कर उनके दिलों से खेल रहा था वो असल में कोई डॉक्टर था ही नहीं।

**यह है पूरा मामला–** बताया जा रहा हैं कि दमोह के कथित फर्जी डॉक्टर के पास सारी डिग्रियां फर्जी थीं। उन पर आरोप हैं कि वे बिना डिग्री के ही वे मिशन अस्पताल में ताबड़तोड़ ऑपरेशन कर पैसे बना रहे थे। उन पर कई मरीजों को बेमौत मारने का भी आरोप हैं। लंदन से कार्डियक सर्जरी की पढ़ाई करने का दावा करने वाले डॉ एन जॉन केम ने पिछले ढाई महीनों में कुल 15 लोगों के हार्ट का ऑपरेशन किया। इन 15 लोगों में से 7 की मौत हो गई।

### शिकायत पत्र से सामने आया मामला

कथित फर्जी डॉक्टर जबलपुर के अस्पतालों में काम कर चुका युवा कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष चमन राय ने जबलपुर जिला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें जानकारी दी है कि इस फर्जी डॉक्टर ने जबलपुर के भी कई अस्पतालों में अपनी सेवाएं दी हैं और मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया है। अब यह मांग की जा रही है कि उन सभी अस्पतालों का पता लगाया जाए एवं जिन मरीजों का इलाज इस डॉक्टर ने किया है उनकी स्थिति की भी जांच होनी चाहिए। आशंका व्यक्त की गई हैं कि यह डॉक्टर जबलपुर में भी कुछ मरीजों की हत्या का आरोपी हैं। इसके साथ ही जबलपुर के सभी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों के साथ ही गली-गली में खुले हुए क्लिनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों की जांच की भी मांग की गई है।

### आईएमए का आरोप सरकार की गलती

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से डॉक्टर अभिजीत विश्नोई ने बताया कि इस तरह के फर्जी डॉक्टरों और झोलाछाप लोगों के इलाज करने के मामलों में पूरी गलती सरकार की है। अब जाकर हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन आईडी आई है जिसमें आधार कार्ड के जरिए भी यह पता लगाया जा सकता है कि यह डॉक्टर रजिस्टर्ड है या नहीं। उन्होंने बताया कि झोलाछाप लोगों के खिलाफ एक याचिका भी हाईकोर्ट में लंबित है जिसमें पिछले 2 साल से सरकार जवाब नहीं दे रही है। डॉ अभिजीत ने बताया कि अब जिलेवार ऐसी समितियों का गठन करना जरूरी है जो इलाज करने वाले झोलाछाप लोगों पर कार्यवाही सुनिश्चित कर सके।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शनिवार 12 अप्रैल जबलपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री शनिवार को दोपहर 12 बजे अशोक विहार रामपुर स्थित स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में, दोपहर 12.15 बजे पटेल मोहल्ला रामपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ एवं हवन भण्डारा में, दोपहर 12.35 बजे गुप्तेश्वर मंदिर के पास अरविंद राजपूत के निवास पर हनुमान जयंती



पर आयोजित भण्डारा के कार्यक्रम में, दोपहर 12.50 बजे शक्ति नगर स्थित सिद्धपीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान प्रकटोत्सव पर महाआरती एवं भंडारा के कार्यक्रम में, दोपहर 1.15 बजे शिवाजी साईं नगर नयागांव रामपुर में श्री बाल्मीकि रामकथा के कार्यक्रम में, दोपहर 1.30 बजे खेरमाई मंदिर रमनगरा तिलवाराघाट में संगीतमय श्री भगवत महापुराण में तथा दोपहर 1.50 बजे क्रेशर बस्ती ग?ा में महाआरती एवं भंडारा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह दोपहर 2 बजे न्यू शास्त्री नगर कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ समापन विशाल शोभा यात्रा में, दोपहर 2.10 बजे पिसनहारी मढिया पेट्रोल पंप के बाजू में भण्डारा एवं हवन के कार्यक्रम में, दोपहर 2.30 बजे त्रिपुरी चौक लाल बिल्डिंग में गंगा पूजन एवं तेरहवीं के कार्यक्रम में, दोपहर 2.50 बजे इमलीघाट सूपाताल ग?ा स्थित श्री रामेष्ट हनुमान मंदिर में श्री महाबली हनुमान जी प्राकट्योत्सव के कार्यक्रम में, दोपहर 3.10 बजे गौतमगंज ग?ा में संगीतमय श्री रामकथा में, दोपहर 3.20 बजे श्री शिवधाम पचमठा मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में, दोपहर 3.30 बजे संजीवनी नगर लोधी मोहल्ला गढ़ा में श्री हनुमान जन्मोत्सव में, दोपहर 3.50 बजे नव निवेश कॉलोनी मे शामिल होंगे।



## जेडीए ने मदन महल में बकायदारों से की वसूली, दुकानों में लगाया ताला

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं में आवंटित भवन/भूखण्डों दुकानों एवं चेम्बरों के मद में लायसेंस फीस, भू-भाटक आदि वर्षों से जमा नहीं कर रहे ऐसे बकायदारों के विरूद्ध ताला बंदी एवं वसूली की कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा तेज कर दी गई है, उन्हें समय-समय पर नोटिस आदि भी जारी किये गए हैं। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार वैद्य ने बताया कि प्राधिकारण द्वारा योजना क्रमांक 19 मदन महल में वसूली अभियान के अंतर्गत दो दुकानों एवं चेम्बरों में ताला बंदी की कार्यवाही की गई। आपने आगे बताया कि जबलपुर व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं सामाजिक कल्याण समिति शॉपिंग सेंटर एवं राजेन्द्र सिंह को आवंटित मेजनाईन हॉल में वर्षो से लायसेंस फीस आदि की राशि जमा नहीं करने पर एवं वर्षो से नया अनुबंध न करने की स्थिति में 11 अप्रैल 2025 को प्राधिकरण ने अपना ताला लगा दिया इसी के अंतर्गत दुकान क्रमांक 02-03 श्री रमेशचंद कुमार एवं नरेन्द्र सिंह द्वारा प्राधिकरण के खाते में दो लाख का चेक जमा कराया गया। प्राधिकरण के सी.ई.ओ दीपक कुमार वैद्य ने आगे बताया कि वसूली की कार्यवाही में तेजी लाई जायेगी इस अवसर पर प्राधिकरण की संपदा अधिकारी श्रीमती रिती सोनवे सहित संबंधित स्थल यंत्री एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक प्रमाणपत्र के बिना किसी भी चिकित्सक को चिकित्सा सेवा की अनुमति न दें निजी अस्पताल : मिश्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मिशन अस्पताल दमोह में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को ध्यान में रखते हुये जबलपुर जिले में स्थित सभी निजी अस्पतालों और क्लिनिकों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों की प्रमाणित योग्यता एवं पंजीकरण की अनिवार्यता को सख्ती से लागू करने का निर्णय प्रशासन ने लिया है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा द्वारा सभी निजी अस्पतालों को निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जबलपुर जिले के सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि मरीजों की देखभाल और उपचार में प्रत्यक्ष रूप से संलग्न सभी चिकित्सा अधिकारियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री, म.प्र. आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीकरण, आवश्यक प्रमाणपत्र,ल और यदि लागू हो तो अतिरिक्त विशेषज्ञ योग्यता का पंजीकरण हो।

निर्देशों में कहा गया है कि यह प्रावधान राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019, क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट अधिनियम, 2010 एवं मध्य प्रदेश नर्सिंग होम एवं क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अनिवार्य है। अस्पतालों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके यहां केवल उसी चिकित्सा पद्धति के चिकित्सक कार्यरत हों, जिसके लिए वे प्रशिक्षित एवं पंजीकृत हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशों के मुताबिक सभी अस्पतालों को 21 अप्रैल तक अपने चिकित्सा अधिकारियों की योग्यता एवं पंजीकरण की जांच कर इसकी पुष्टि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को लिखित रूप में देनी होगी। इस रिपोर्ट के साथ 100 रुपये के स्टांप पेपर पर यह उल्लेख करना भी आवश्यक होगा कि संस्थान में केवल अधिकृत एवं योग्य चिकित्सकों द्वारा ही चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# पारा 41 डिग्री पर पहुंचा, तपन से आम जनजीवन प्रभावित

## आज तेज हवाओं के साथ बारिश-बूंदा-बांदी का पूर्वानुमान



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के ज्यादातर जिलों में गर्मी की प्रचंडता ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भी जबलपुर और आस-पास के जिलों में पारा चालीस डिग्री के उपर रहा। इस बीच संभाग के जिलों में कहीं-कहीं पर तेज हवाओं के साथ बारिश या बूंदा-बांदी की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर से पश्चिम की तरफ हवाएं आ रही हैं, इनके तेज होने की संभावना है। तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल सकती हैं। इस तरह का मौसम में बदलाव पश्चिमी विक्षोभ में बनने वाले नये सिस्टम के कारण बताया जा रहा है।

इधर 11 अप्रेल को जबलपुर का अधिकतम तापमान 40.8 जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक एवं न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस आंका गया। बीते साल 32.4 एवं 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इससे कहा जा सकता है कि इस साल धूप और गर्मी अधिक है। आठ डिग्री अधिक तापमान है।

तेज धूप की प्रचंडता सुबह नौ बजने के साथ महसूस की जाने लगी थी। दोपहर बारह बजने के बाद तो लोगों का बाहर चलना मुश्किल हो गया था। छाता, गमछा इत्यादि के सहारे ही अपने काम से बाहर जा रहे थे। सार्वजनिक स्थलों से लेकर शासकीय और निजी कार्यालयों में भी दोपहर के समय चहल पहल न के बराबर हो गई थी। आने वाले दिनों में गर्मी की तीव्रता बढ़ने से इंकार नहीं किया जा रहा है।

### अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे स्कूल

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में स्थित सभी स्कूलों के लगने का समय अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया है। इस बारे में आज शुक्रवार को संशोधित आदेश जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बढ़ते तापमान को देखते हुये कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने दो दिन पूर्व आदेश जारी कर स्कूलों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया था। अभिभावकों के लगातार आग्रह पर कलेक्टर द्वारा अब एक बार पुनः स्कूलों के लगने के समय में परिवर्तन किया गया है और विद्यार्थियों के लिये स्कूलों के लगने का कलेक्टर द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार जिले में स्थित सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई और नवोदय विद्यालय अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे। विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने जारी किया गया संशोधित आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय अनुसार ही होंगे।

## कटनी ने जबलपुर को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग में क्रिकेट संचालन के लिए गठित कमेटी के तत्वावधान में खेली गई अंडर 18 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में कटनी ने जबलपुर को 120 रनों के बड़े अंतर से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कटनी ने 50 ओवरों के मैच में 47.3 ओवर खेल कर 235 रन बनाए जिसमें हर्ष कोटवानी के 66 रन आदित्य गौतम के 35 अभिनव दुबे के 29 तथा श्लोक दुबे के 26 रन शामिल हैं। जबलपुर की ओर से मलयलोहिया ने तीन अलंकृत और हिमांक ने दो-दो वासु और मोहित ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

खिताबी लक्ष्य का पीछा करते हुए जबलपुर की पूरी टीम 30.4 ओवर में 115 रन बनाकर आउट हो गई। जबलपुर की ओर से सम्यक जैन ने सर्वाधिक 24 रन बनाए शेष कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर सका। इस तरह कटनी ने चमचमाती ट्राफी पर कब्जा कर लिया। कटनी की ओर से अभिनव दुबे ने शानदार गेंदबाजी की एवं चार विकेट प्राप्त किये वहीं श्लोक, सुमित और यश ने क्रमशः 2- 2 विकेट लिए ।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दोहरे प्रदर्शन के लिए अभिनव दुबे को दिया गया। पुरस्कार संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य सुरेश वर्मा ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्रिकेटर एवं संचालन समिति के सदस्य अचल सिंह गौर ने किया इस अवसर पर सदस्य विष्णु पटेल अंपायर सचिन गोस्वामी तथा पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अजय चौबे उपस्थित थे।

# कंप्यूटर के बिना कैसे चलाना सीखेंगे कर्मी-अधिकारी

### कूलर,पंखे, पीने के ठंडे पानी, बाथरूम की नहीं है व्यवस्था

**जबलपुर, देशबन्धु।** ई ऑफिस के तहत् दिए जा रहे कर्मचारियों के प्रशिक्षण में भारी कमियां दिखाई दे रही हैं, बिना कंप्यूटर के प्रशिक्षण दिया रहा है, जितने कंप्यूटर है उससे अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। इससे कर्मचारियों के प्रशिक्षण की फीस तो संबंधित विभागों से मिल जाएगी लेकिन कर्मचारियों को ज्ञान प्राप्त नहीं होगा। यह मात्र खाना पूर्ति की तरह किया जा रहा है।

विभागों से जिस संख्या में कर्मचारी बुलाए गए है उस संख्या में व्यवस्थाएं नहीं है। प्रशिक्षण स्थल जबलपुर तहसीली कार्यालय के प्रथम तल



के हाल में पर्याप्त बैठने की भी व्यवस्था नहीं है, भर गर्मी में कुछ पंखे चल रहे है, कूलर , ए सी या ठंडे पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है, दिन के 12.58 अपराह्न दिए जा रहे प्रशिक्षण में कर्मचारी /महिला कर्मचारी भारी परेशान रहीं,जब तक कर्मचारियों को प्रैक्टिकल रूप से नहीं बताया जाएगा तब तक ई ऑफिस प्रणाली पर प्रश्न उठते रहेंगे।

### तहसीली कार्यालय के प्रथम तल की जा रही खाना पूर्ति

**इन्होंने ध्यान दिलाया–** राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, अलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, रजनीश पाडेय, के. जी. पाठक, अजय सिंह ठाकुर, योगेंद्र मिश्रा , राजू मस्के, अरुण पटेल, शैलेष गौतम, रामदास बरकडे, सतीश उपाध्याय ने उक्तशय की समस्या पर शासन के आला अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की है।

## पुस्तक समीक्षा - लोकार्पण अवसर पर विषेष

**जबलपुर, देशबन्धु।** मानव जीवन समस्याओं का पुंज है। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए व्यक्ति ताजिन्दगी प्रयास करता रहता है। फिर भी समस्याओं का अंत नहीं हो पाता है, पर जीवन का अंत अवश्य हो जाता है। यह पुस्तक जिन्हे जीवन जीना दुभर लगने लगा है। पारिवारिक संबंध जिनके जर्जर हो चुके है, अपनत्व का भाव हमेशा – हमेशा के लिए पलायन कर चुका है। केवल स्वार्थ की संकीर्णताऐ ही चारों तरफ से घेरें हुए है। पैसे कमाने की हो? में जेबों का वजन तो बढ गया है। लेकिन रिश्तों का वजन घटने लगा है। प्रेंम भी केवल देह के इर्द-गिर्द चक्कर सा काटता हुआ। बेअसर हो गया है। जिसके कारण दाम्पत्य जीवन बिखरने लगा है।

इस पुस्तक के लेखक प्रोफेसर के एल जैन और जानकीरमण कॉलेज के प्राचार्य डा. अभिजीत त्रिपाठी ने समीक्षक हैं।

## विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रभारी अधिकारी के माध्यम से रक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर, देशबन्धु।** ऑल इंडिया असोसिएशन ऑफ नॉनगैजेटेड ऑफीसर्स द्वारा दिनांक 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक डिफेंस के सभी निदेशालय में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से केंद्र सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाया गया है इसी तारतम्य में AIANGO की GCF ब्रांच में प्रभारी अधिकारी के माध्यम से रक्षा मंत्री, डिफेंस सेक्रेट्री तथा पेंशन सेक्रेटरी को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। प्रेषित ज्ञापन में ऑर्डनेंस फैक्ट्रीयों के निगमीकरण पश्चात प्रसार भारती मॉडल लागू कर सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी बनाए रखना, एनपीएस यूपीएस को खत्म कर सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करना तथा सभी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रीयों को पर्याप्त वर्कलोड देकर चार्जमेंन केडर की विभिन्न समस्याओं का समाधान करना इत्यादि मांगे प्रेषित की गई है। ज्ञापन देते समय संजय सिंह,नरेश बाजपेई, कुमार विभु, संजय शाह, राहुल कुमार, मनीष चौरसिया, कुमार संजय, मुकेश बट्टी, सुजीत कुमार, अवनीश कुमार, राजेंद्र रावत, अंजनी कुमार, सचिव चौकसे, संदीप जाटव, रवि शाह, संतोष कुमार , दीपक गनोरकर, धीरज सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे ।

# ताल-तलैयों, कुआं-बावली, और नदियों को किया जा रहा है साफ



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में सुरक्षित कल के लिए जल स्त्रोंतों को बचाए रखने ताल-तलैयों, कुऑं-बावली, और नदियों की सफाई कराई जा रही है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लगातार जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए कार्य करते हुए लोगों को भी इस अभियान से जोडने प्रेरित कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा भी लगातार जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में वरिष्ठ समाज सेवी लेखराज सिंह उर्फ मुन्ना भैया, उनके 125 सहयोगियों के साथ, क्षेत्रीय पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पार्षद श्रीराम पटेल, जनप्रतिनिधियों श्रीमती निशा संजय राठौर, पंकज दुबे, अजय तिवारी, प्रिंसी जैन, मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे, प्रणय गुप्ता, रत्नेश सैनी, भानु प्रताप सिंह ने संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के अंतर्गत गंगासागर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। तालाब की जलकुंभी एवं कूड़ा करकट को साफ कर उठाया गया एवं गंगासागर के घाट की धुलाई एवं सफाई की गई। इस इस अभियान में पांच गा?ी कचरा, जलीय वनस्पति उठवाई गई।




इस दौरान नगर निगम से संभागीय अधिकारी दिनेश ठाकुर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, सी.एस.आई. विष्णुकांत दुबे, एस.आई. अनिता पांडेय, सुपरवै मूर्ति, बर्नवास, अप्पाराव, रवि एवं ब?ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सफाई कार्य किया गया।

**प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन चलाई जायेगी** – शहर के नागरिकों को चिलचिलाती धूप से राहत प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने पहल शुरू की है।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए इस मौसम में चिलचिलाती धूप एवं डस्ट से आम नागरिकों, राहगीरों को राहत प्रदान करने की दिशा में पहल शुरू की गई है। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों पर डिफोगर मशीन लगवाई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत प्रदान की जा सके।

उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में शहर के विभिन्न चौराहों जिसमें तीन पत्ती, ब्लूम चौक, छोटीलाइन चौराहा, मालवीय चौक प्रमुख चौराहों में लोगो को राहत प्रदान करने के लिए निगम द्वारा ख़रीदी गई डिगोगर मशीन प्रतिदिन दोपहर के समय में चलायी जायेगी जिससे लोगो को इस चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल सकेगी।



श्री हनुमान बाग धाम गढ़ा



श्री बजरंग मठ, सूपाताल



श्री हनुमान मंदिर गली नं. 1 सदर



चिंतामणी हनुमान मंदिर, पाटन रोड



काले हनुमानजी शिमला हिल्स

# आज जय हनुमान के जयकारों से गूंजेंगी संस्कारधानी

## संकट मोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सुबह से मध्य रात्रि तक हवन, पूजन, हनुमान चालीसा, कन्या भोज, भंडारा के कई आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु। आज नगर में मंदिरों में पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की जयंती के पावन मौके पर सुबह से विविध धर्ममय कार्यक्रम आयोजित हैं। इसके अलावा कन्या भोज और भंडारा प्रसाद के सैकड़ों आयोजन रखे गये हैं। हर जगह जय हनुमान के जयकारे गूंजेंगे। भक्तों ने इसके लिये व्यापक तैयारी की है। नर्मदा के पावन घाटों जिनमें गौरीघाट, तिलवारा, लम्हेटा, भेड़ाघाट, सरस्वती घाट में भी हवन पूजन एवं उपासना, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा के कार्यक्रम होंगे। हनुमान जी महाराज को बल, बुद्धि का अधिष्ठाता माना जाता है।**

**सिग्नेचर पार्क में स्थापित चिंतामणी हनुमान मंदिर**- पाटन रोड स्थित सिग्नेचर पार्क में स्थापित चिंतामणी हनुमान मंदिर में 12 अप्रेल को हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन होंगे। प्रात: मंगल अभिषेक, आरती पूजन के बाद सुबह 10 बजे से भंडारा होगा। वहीं शाम 7 बजे महाआरती होगी। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया है। बता दें की 12 फीट ऊंचे हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण काले ग्रेनाइट पत्थर से किया गया है। जिसका विशेष महत्व है। मान्यता है कि पूजन से हनुमान जी तो प्रसन्न होते ही है लेकिन शनिदेव की कृपा भी प्राप्त होती है। इस बार हनुमान जी का प्रकट उत्सव शनिवार को पड़ रहा है इसलिए काले हनुमान जी के पूजन का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है एक ही पत्थर पर तारीश गई प्रतिमा का निर्माण कर्नाटक के बेंगलोर में किया गया है। प्रति मंगलवार एवं शनिवार को मंदिर में विशेष आयोजन होते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों की व्यापक स्तर पर तैयारी की गई हैं सिग्नेचर में स्थापित हनुमान जी का यह विग्रह श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है मंगलवार शनिवार के अलावा भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंचते हैं वैदिक आचार्य की मां ने तो तो काले हनुमान जी का पूजा जीव के लिए कल्याणकारी होता है और उसके सभी मनोरथ सफल होते हैं मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से हनुमान जी की जन्म उत्सव पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

**तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम में**- ब्रम्हलीन अनंत श्री विभूषित द्वि पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री की पावन तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम में अनंत श्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु



शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद एवं अनंत श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से श्रीराम लला के पावन अवतरण दिवस से श्री हनुमान लला के प्राकट्योत्सव तक तदनुसार दिनांक 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक परमहंसी गंगा आश्रम स्थित अंजनी पर्वत पर श्री सर्व सिद्धि हनुमान लला सह नवग्रह मंदिर में श्री हनुमत भक्ति सप्ताह महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सप्त दिवसीय महोत्सव में नरसिंहपुर एवं जबलपुर जिले के प्रसिद्ध मण्डलों द्वारा सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है इसी कड़ी में आज़ श्री बालकलियुगी मानस मण्डल जबलपुर द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का गायन किया गया । जिसमें मण्डल के श्री अशोक शास्त्री, रामकिशोर तिवारी, गजेंद्र दुबे, जितेंद्र विश्वकर्मा, इंद्रजीत पटेल , कमल पटेल, शरद साहू विक्की बर्मन अनिल पटैल आदि का सहयोग रहा तथा शंकराचार्य नेत्रालय परिवार एवं श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा मण्डल को सराहा गया।

**हनुमान बाग धाम गढ़ा में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन** - श्री राम भक्त हनुमान बाग मंदिर सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन हनुमानबाग धाम में हनुमान बाग धाम के संरक्षक एवं संस्थापक धर्म विभूषण पंडित बृजेश महाराज जी के आध्यात्मिक सानिध्य में संपन्न किया जाएगा। प्रातः 5 बजे से हनुमत लला का महाअभिषेक पूजन श्रृंगार एवं आरती इसके बाद प्रातः 9 बजे से एक कुंडीय हनुमत महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। अपराह्न 4 बजे यज्ञ की पूर्णहुति होगी। रात्रि 8 बजे महा आरती एवं महाभोग अर्पण किया जाएगा। तीसरे दिन 13 अप्रैल रविवार को प्रातः 9 बजे से कन्या पूजन कन्या भोज एवं ब्राह्मण भोज के साथ विशाल भंडारा अपराह्न 4 बजे तक संपन्न होगा। अभय पचौरी डॉ. आशीष मिश्रा दीपक उपाध्याय मुकेश मिश्रा सुधीर चौरसिया आशु सेठी नीरज सोनी नितिन पांडे कपिल विश्वकर्मा नितिन बसेड़िया संदीप उपाध्याय अवधेश पचौरी अखिलेश चौरसिया नवीन सोनी अभिषेक शुक्ला आदि ने धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

**जय बजरंग परिवार, गली नं 01 सदर**- दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 11 अप्रैल को सांय 06 बजे से सुंदरकांड पाठ। 12 अप्रैल सुबह 11 बजे पूजन,हवन महाआरती रात्रि 08 बजे, विशाल भंडारा सांय 05 बजे से।

**श्री संकट मोचन सिद्धपीठ रानीताल चौक**- रानीताल चौक स्थित श्री संकट मोचन सिद्धपीठ में 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी, प्रात: 6 बजे से हनुमान जी का जन्मोत्सव, प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, दोपहर 10 से 12 बजे तक सुन्दरकाण्ड पाठ, 12 एवं 13 अप्रैल को 2 दिवसीय विशाल भंडारा दोपहर 2 बजे से दोपहर 12 से 2 बजे तक महिला मण्डल द्वारा भजन, सायं 4 से 6 बजे तक हवन, सायं 6 बजे से 8 बजे तक संत महात्माओं के प्रवचन, रात्रि 8 बजे से राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजनों की प्रस्तुति आयोजित की गई है। मंदिर के संचालक व महंत पंडित रामराघव चतुर्वेदी ने समस्त भक्तों से सपरिवार उपस्थिति की आकांक्षा की है।

**टेलीग्राफ हनुमान मंदिर में रूद्राभिषेक का आयोजन**- रानीताल चौक टेलीग्राफ गेट नं0 2 के पास स्थित स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है आयोजनकर्ता मंदिर के प्रधान पुजारी एवं व्यवस्थापक पवन दुबे द्वारा किया जा रहा है। प्रात: 6.00 बजे

**श्री रामलला मंदिर गौरीघाट**- श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन मौके पर श्री रामलला मंदिर गौरीघाट में सुबह 8 बजे से मध्य रात्रि तक विविध धर्ममय आयोजन होंगे अति प्राचीन श्री बालहनुमान विगृह गर्भगृह से बाहर पूजन मंडप में प्रतिष्ठापन भजन संध्या महाआरती, कन्याभोज, हवनपूजन, सामूहिक हनुमान चालीसा के कार्यक्रम होंगे, उपस्थिति का आग्रह है।

**हनुमान जन्मोत्सव महाराष्ट्र व्यायाम शाला**- नगर की सुप्रसिद्ध खेल एवं योग प्रशिक्षण संस्था महाराष्ट्र व्यायाम शाला, मढ़ाताल में श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं संस्था के 136 वें स्थापना दिवस पर शनिवार 12 अप्रैल 2025 को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । प्रात:कालीन कार्यक्रम में 06.00 बजे श्री हनुमान जी का पूजन तथा महाआरती एवं तत्पश्चात रामेश्वरम रामायण मंडली द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड का पाठ किया जाएगा। सायंकालीन कार्यक्रम महिला महाविद्यालय, अमरावती के प्राचार्य डॉ अविनाश भास्कर मोहोरिल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

**जय बजरंग परिवार गली नम्बर 01**- कलयुग के भगवान हम सभी के आराध्य श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव पर्व दिनांक 12 अप्रैल 2025 शनिवार को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जय बजरंग परिवार, गली नं 01 सदर द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दिनांक 11 अप्रैल 2025 को सांय 06 बजे से सुंदरकांड पाठ, सुबह 11 बजे पूजन, हवन।

**काले हनुमानजी दक्षिणेश्वर भगवान सत्य मारुति बड़े सरकार**- काल बजरंग काले हनुमान जी शिमला हिल्स मदन महल की पहाड़ी में स्थापित हैं। नर्मदा मिशन के अध्यक्ष निलेश रावल ने बताया कि प्रभु श्री हनुमान जी महाराज का दो दिवसीय प्रकटोत्सव 11 एवं 12 अप्रैल प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दादागुरु परिवार द्वारा शिमला हिल्स कालोनी मदन महल में मनाया जा रहा है। जिसमें देव वृक्षों से निर्मित पंचवटी एवं मां नर्मदा जल कलश की अखंड 24 घंटे परिक्रमा कर रामधुन संकीर्तन यज्ञ प्राचीन आदिवासी परंपरा अनुसार संकीर्तन मंडल द्वारा किया जाएगा। प्रात: भगवान सत्यमारुति का अभिषेक, ध्वज पूजन, पादुका पूजन, महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 12 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा नक्षत्र-हस्त.।**

**मेष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार

`क-
आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क**
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह**
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**कन्या**
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है।

**तुला**
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है।

**कुंभ**
प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा।

**म.**

## 465 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा पर प्रात 6 बजे परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होगा, एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा, नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## अध्यापकों को नियुक्ति दिलाई जाएगी



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में आयोजित की गई। दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बैठक में संजय राऊत, गीरीश अग्नीहोत्री, शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीरसिंह राठौड़, महामंत्री राकेश गुप्ता, सुषमा अग्रवाल सहित प्रांतीय बैठक में संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील पचोरी एवं उपाध्यक्ष बसंत शर्मा को 3 वर्ष के लिए निस्कासित किया गया। जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी, संगठन मंत्री अजय तिवारी, सचिव दिनेश मिश्रा,नगर अध्यक्ष सुरेंद्र रिछारिया, प्रवीण पाराशर,कालीचरण राय,अनिल कनोजिया, अजय शुक्ला, संतोष, अरुण तिवारी, मनोज शुक्ला, अरविंद शुक्ला, संध्या तिवारी, राजकुमारी गुप्ता मौजूद थे।

## छात्रों ने घेरा कुलपति कार्यालय

**जबलपुर।** एनएसयूआई के रादुविवि प्रभारी अचलनाथ ने विश्वविद्यालय पर विश्व विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर गड़बड़ी के आरोप लगाया मामला श्याम सुंदर अग्रवाल कॉलेज सिहोरा का है जहां पर लगभग डेढ़ सौ से 200 छात्र ऐसे हैं जिन्होंने प्रथम द्वितीय तृतीय वर्ष के एग्जाम देने पर उनको सप्लीमेंट्री आई थी जिसका एग्जाम उन्होंने दोबारा दिया हाल ही में उसका परीक्षा परिणाम आया जिसमें उन सभी छात्रों को पुन: 1,2,3 मार्क्स से सप्लीमेंट्री दे दिया गया और जो छात्र परीक्षा में प्रेजेंट थे, अनुपस्थित कर दिया गया था, जिसके विरोध में अभिषेक, चंद्रशेखर, कृती, शिखा, तनु, एकता, सन्जना, उपासना, प्रियांशु, बाबू,



अंशुल,विशाल,अभिषेक,प्रिंस,राहुल, बब्ला आदि ने विवि में प्रदर्शन किया।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**अरविन्द विष्णु पोल**-



यादव कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी कविता पोल के पिताजी व अस्मिता पोल के ससुर और विद्युत मण्डल में कार्यरत संजय पोल के चाचाजी अरविन्द विष्णु पोल का निधन हो गया। अंतिम यात्रा 12 अप्रैल को दिन में 12.00 बजे निज निवास से रानीताल मोक्षधाम को प्रस्थान करेगी।

**श्री शरद चंद्र श्रीवास्तव**- साईं सुबह परिसर फेस 2 संजीवनी नगर निवासी श्री शरद चंद्र श्रीवास्तव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव गणेश राजपूत**- गंगासागर हनुमान मंदिर के पास गढ़ा रोड निवासी श्री शिव गणेश राजपूत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उदय सिंह ठाकुर**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री उदय सिंह ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल अहिरवार**- राजीव नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री मंगल अहिरवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश वाल्मीक**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गली नं. 2 पोलीपाथर निवासी श्री गणेश वाल्मीक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी समैया**- हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया के पास निवासी हरीश चंद्र समैया की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी समैया (85) का निधन हो गया।अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. आसनी कोरी**- विस्थापित बस्ती फेस 1 तिलहरी निवासी श्री देवेंद्र कोरी की पुत्री कु. आसनी कोरी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कल्लू चौधरी**- शंकर चौक ठक्कर ग्राम निवासी श्री कल्लू चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवी मिश्रा**- लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल के पास निवासी श्री सरमन प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी मिश्रा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चोईथवानी**- एलांजा तिलहरी निवासी श्री सुरेश चोईथवानी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# चोरी के नौ लाख के दो पहिया वाहन जप्त

## चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस



**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा पुलिस ने चार शातिर चोरों को पकड़ा है। जिनके पास से नौ लाख रुपये कीमत के चुराए हुए नौ दो पहिया वाहन जप्त किये गये है, उनका एक साफी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रहीं है।

पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर गढ़ा पुलिस ने सूपाताल तालाब के पास दबिश दी। जहां तीन नई उम्र के लड़के बिना नंबर की स्कूटी बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार करते हुए मिले। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा पिता नितेश विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष निवासी एलआईसी सिम्पलेक्स कंपनी के सामने थाना गढ़ा जबलपुर का होना बताया। आरोपी गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा एवं 02 नाबालिग बालक से कुल 09 दो पहिया वाहन पुलिस ने जप्त किये। आरोपी उक्त चुराए हुए वाहनों को शाहरूख मिर्जा पिता मिर्जा राशिद बैग उम्र 24 वर्ष निवासी रतननगर गणेश सुप्तेश्वर मंदिर के पास अजय टेंट हाउस थाना गढ़ा को बेच देते थे। जिसके बाद पुलिस ने शाहरुख को भी हिरासत में लिया। वहीं आरोपियों का एक अन्य साथी रतननगर निवासी कार्तिक सेन फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रहीं है।

# साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने वाले अब्दुल मजीद के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही

## पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल पुराना पुल सिरसातले निवासी 36 वर्षीय अब्दुल मजीद पिता अब्दुल हफीज द्वारा वाट्सअप चैट में अमर्यादित टिप्पणी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने के मामले में पुलिस के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी ने उसके खिलाफ एनएसए की कार्यवाही की। जिसके बाद पुलिस ने एनएसए का वारंट तामील कराते हुए आरोपी को जेल में निरुद्ध कराया।

पुलिस ने बताया कि अब्दुल मजीद पिता अब्दुल हफीज उम्र 36 वर्ष निवासी पुराना पुल सिरसातले थाना गोहलपुर के द्वारा वाट्सअप चैट में अमर्यादित टिप्पणी कर धार्मिक विश्वास का अपमान करते हुये लोगो की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई थी। जिससे लोगों मे अत्याधिक आक्रोश व्याप्त हो जाने से विवाद होने की सम्भावना प्रबल हो गयी थी, समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अब्दुल मजीद द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2024 में धार्मिक विश्वास का अपमान करते हुये लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचायी गयी थी। जिस पर थाना माढोताल में अब्दुल मजीद के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी अब्दुल मजीद द्वारा किये गये कृत्य को गम्भीर प्रकृति का मानते हुये आरोपी अब्दुल मजीद के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ उक्त कार्यवाही की गई।



# दो सड़क हादसे में आधा दर्जन घायल

## पनागर व गोराबाजार क्षेत्र की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर क्षेत्र में जहां एक बाईक चालक ने मोटर साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी तो वहीं गोराबाजार के बिलहरी में एक स्कार्पियों चालक ने स्कूटी सवार महिला व उसके बच्चों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

पनागर पुलिस ने बताया कि संजीव कुमार उर्फ बाबी व संजय उर्फ संजू बर्मन को अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसजेड-0855 में बैठाकर इमलिया जा रहा था। जैसे ही वे परियट नहर के पास मेन रोड पर पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड पी 5457 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे संजीव व संजय को चोटे आ गई। इसी प्रकार गोराबाजार पुलिस ने बताया कि भानतलैया बकरा मार्केट निवासी 32 वर्षीय पूनम कलसा अपनी एक्सिस वाहन में तीनों बच्चों को बैठाकर अपने मायके जा रहीं थी। जैसे ही दोपहर करीब तीन बजे वह डॉक्टर सुलखिया की क्लीनिक के आगे पहुंची, उसी समय चेतना मैदान की ओर से आ रही स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 9914 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी एक्सिस में टक्कर मार दी। जिससे उन्हें चोटे आ गई। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

# पुलिस को देख नाले में गिरा नशीले इंजेक्शन बेचने वाल आरोपी

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज पुलिस को देखकर बीती रात नशीले इंजेक्शन कारोबार करने वाला आरोपी भागने लगा और अनियंत्रित होकर वाहन सहित नाले में जा गिरा, जो कि अपने वाहन को नाले में ही छोड़कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने आरोपी के वाहन से 22 नग नशीले इंजेक्शन व जुपिटर वाहन जप्त करते हुए उसके खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि बीती रात रात्रि भ्रमण के दौरान आगा चौक सुलभ काम्पलैक्स के पास बल्देवबाग चौक की ओर से जुपिटर वाहन क्रमांक एमपी 20 एसयू-4933 का चालक पुलिस को देखकर वाहन मोड़कर भागने लगा, जो कि अनियंत्रित होकर नाली में जा गिरा और वाहन छोड़कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने उक्त वाहन की डिग्गी से मिली थैली से 11 नग एविल फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन एवं 11 नग एम्पुल बुप्रेनोरफिन के बरामद किये। पुलिस ने मामले में मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# पुल के ऊपर बैठकर लैपटाप से आईपीएल का सट्टा खिलाते आरोपी पकड़ाया



## गोहलपुर पुलिस की कार्यवाही, मोबाईल व लैपटाप जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर पुलिस ने रेयान स्कूल के पास पुल के ऊपर बैठकर लैपटाप से आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिला रहे एक आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से लैपटाप व मोबाईल व सट्टे का हिसाब-किताब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

गोहलपुर टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेयान स्कूल के समीप स्थित पुल पर दबिश दी गई। जहां से पंकज धुर्वे उम्र 35 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर को पकड़ा गया। जिसके पास से मिले लैपटाप में एलटी 777 एप पर आरसीबी एवं दिल्ली केपिटल के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में टीम की हारजीत पर रूपये पैसों का दांव लगवाकर सट्टा खिलाया जा रहा था। आरोपी एवं अन्य यूजर आईडियों से सट्टा खेला जा रहा था। आरोपी ने उक्त आईडियों के धारकों को सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। एप पर आईडी धारकों की आईडी एवं प्वाइंटस तथा पैसों का लेखा जोखा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक एसर कम्पनी का लेपटाप एवं सेमसंग कम्पनी का मोबाइल जप्त करते हुये आरोपी कि विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# शराब के लिये रुपये न देने पर वन रक्षक पर चाकू से हमला

## महाराष्ट्र हाई स्कूल के सामने वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थानातंर्गत महाराष्ट्र हाई स्कूल के सामने बीती रात दो अज्ञात बदमाशों ने एक वन रक्षक से शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक के कंधे के नीचे गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि लार्डगंज थाने के पीछे रहने वाला 30 वर्षीय आदित्य मिश्रा बरेला उत्पादन वन परिक्षेत्र में वन रक्षक के पद पर पदस्थ है, जो कि 8 अप्रैल को तीन दिन की छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था। बीती रात वह रानीताल पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर महाराष्ट्र हाई स्कूल के समीप पहुंचा, उसी समय सुजुकी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड टी में 2 लड़के आये और उसे गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे। उसने रूपये देने से मना किया तो एक लड़के ने उसे पकड़ लिया और दूसरे लड़के ने चाकू से हमलाकर कंधा के नीचे चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये एक्सिस से भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मानसिक रूप से कमजोर युवक घर से हुआ लापता

**जबलपुर,देशबन्ध।** मानसिक रूप से कमजोर युवक उपचार के लिए घमापुर निवासी युवक अपने मामा के घर आया था। युवक गत सुबह घर से लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदा के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर निवासी समाजसेवी प्रवीण गजभिये के भांजा सागर निवासी मिलिंद वैद्य उपचार के लिए आया था। युवक मानसिक रूप से कमजोर था और गत सुबह बिना बताये घर से चला गया। युवक के संबंध में जानकारी मिलने पर मोबाइल नम्बर 9589128285 तथा 9424374194 पर सूचित करें।

# युवक की जांघ में घोंपा चाकू

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थाने में कटरा गणेश चौक निवासी 19 वर्षीय पियूष केवट ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह बीती रात पौने ग्यारह बजे अधारताल चौपाटी में अपने दोस्त अभिनव बर्मन के साथ चाट खाने गया था। जहां पर अनुज ठाकुर, सम्मान पटेल मिले, जो कि शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने लगे। पियूष ने रुपये देने से मना किया तो दोनों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर पियुष के वाये पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रुपये न देने पर सब्जी वाले के साथ मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर थानातंर्गत फुटपाथ पर सब्जी का ठेला लगाने वाले हाथीताल कालोनी निवासी 38 वर्षीय अजय कुमार गुप्ता से सनी गुप्ता व गगन भटरा ने शराब के लिये रुपयों की मांग करते हुए जमकर विवाद किया। आरोपियों ने रुपये न देने पर अजय के साथ न केवल मारपीट की बल्कि उसका सब्जी का ठेला पलटा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# पंडित पू.अय्याजी धम्मदिन्ना जी ने विश्वदीप बुद्ध विहार में धम्मदेशना हुई



**जबलपुर,देशबन्धु।** विश्वदीप बुद्ध विहार रामपुर छापर जबलपुर के धम्मदिन्ना ने विश्वदीप बुद्ध विहार में धम्मदेशना की पंडित पू अय्याजी धम्मदिन्ना ने विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्वलित की और पुष्प अर्पित किया पंडित पू अय्याजी धम्मदिन्ना जी ने विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

# सीआईसी का आदेश बेईमान और अयोग्य व्यक्तियों को बचाने का प्रयास

## हाईकोर्ट ने निरस्त करते हुए लगाई 25 हजार की कॉस्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** सूचना के अधिकार एक्ट की गलत व्याख्या करते हुए केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा जानकारी देने से इंकार किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा कि सीआईसी का आदेष से प्रतीक होता है कि बेईमान और अयोग्य व्यक्तियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

भोपाल स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट में सहायक प्रोफेसर के पद पर पदस्थ जयश्री दुबे की तरफ से उक्त याचिका हाईकोर्ट में दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि वर्ष 2000 में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान द्वारा एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पद पर चयनित व्यक्तियों को नियुक्ति प्रदान की गयी थी। अधिकारियों द्वारा स्वीकार किया गया है कि एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर डॉ. प्रतीक माहेश्वरी की नियुक्ति अवैध थी, क्योंकि उनके पास आवश्यक योग्यता नहीं थी। नियुक्यिों की जांच के लिए दो आंतरिक कमेटी गठित की गयी थी। जिसके बाद डॉ प्रतीक सहित अन्य चयनित व्यक्तियों को कार्यमुक्त कर दिया गया था। याचिका के कहा गया था कि डॉ प्रतीक सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा चयन प्रक्रिया में प्रस्तुत दस्तावेज तथा जांच के लिए गठित आतंरिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए उन्होने सूचना के अधिकार के तहत आवेदन दिया था। आईआईएफएफ के प्रथम अपीलेट अधिकारी तथा केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के द्वारा खारिज कर दिया था। जिसके कारण सीआईसी के समक्ष अपील दायर की गयी थी। सीआईसी ने भी आरटीआई एक्ट की धारा धारा 8(1)(एच) तथा 11 में दिये गये प्रावधानों का हवाला देते हुए बिना सहमति तीसरे पक्ष से संबंधित जानकारी देने से इंकार कर दिया। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि धारा 8(1)(एच) के प्रावधानों के तहत सूचना जांच की प्रक्रिया, अपराधियों की गिरफ्तारी या अभियोजन में बाधा उत्पन्न करने वाली जानकारी प्रदान नहीं की जाती है। यह प्रावधान मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों पर लागू नहीं होते हैं। धारा 8(1)(जे) के तहत ऐसी व्यक्तिगत सूचना प्रदान नहीं कर सकते है,जिसका किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है।

इसी प्रकार एक्ट की धारा 11 के तहत जिस सूचना को तीसरे पक्ष द्वारा गोपनीय माना जाता है, उसके संबंध में नोटिस जारी किया जाना आवश्यक है। धारा 11 की उप-धारा (1) के प्रावधान के तहत कानून द्वारा संरक्षित व्यापार और वाणिज्यिक गुप्त मामले को छो?कर, सार्वजनिक हित में मांगी गयी जानकारी प्रदान की जा सकती है। मुख्य सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी द्वारा एक्ट के प्रावधानों का गलत उल्लेख किया गया है। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को पंद्रह दिनों में निशुल्क जानकारी प्रदान करने के निर्देष दिये है। इसके अलावा याचिकाकर्ता को मुकदमा लागत रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किये जाने के आदेष जारी किये है। याचिकाकर्ता को उक्त राशि आईआईएफएम के आईआईएफएफ के प्रथम अपीलेट अधिकारी तथा केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के द्वारा प्रदान की जायेगी। याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा।




# आवेदक के दावे पर विचार कर लो अंतिम निर्णय

## हाईकोर्ट ने अनावेदकों को दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल और ज्वाइंट डायरेक्टर रीवा को निर्देशित किया है वे याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर उसे नियुक्ति देने के संबंध में अंतिम निर्णय पारित करें। जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है।

बुरहानपुर निवासी गजानंद सोनवने की ओर से अधिवक्ता रोहिणी प्रसाद तिवारी, अशोक तिवारी व धर्मेंद्र पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता का चयन माध्यमिक शिक्षक के रूप में रीवा संभाग के सीधी जिले में हुआ था। विभाग द्वारा पहली सूची में उसका नाम प्रकाशित नहीं किया। इसके बाद 7 अगस्त 2023 को सीधे नियुक्ति पत्र जारी कर उसकी सूची रीवा संभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दी। याचिकाकर्ता को एक अन्य उम्मीदवार के माध्यम से जनवरी 2025 में इसकी जानकारी मिली। याचिकाकर्ता ने तत्काल 29 जनवरी 2025 को विभाग को अभ्यावेदन दिया, लेकिन उसे नौकरी देने से इनकार कर दिया गया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने विभाग को निर्देश निर्देश दिये कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करें।

# हत्या के प्रयास पर कारावास व जुर्माना

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश सिंह की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपी जोधपुर पड़ाव जबलपुर निवासी संजू अहिरवार का दोषी करार दिया है। इसी के साथ पांच वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। अदालत ने आरोपी पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी संजू अहिरवार ने पांच जनवरी 2024 को रात्रि को लगभग 11.30 बजे तिलवारा थाना की परिसीमा में फरियादी रोहित सोनकर की गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया था। गंभीर रूप से घायल रोहित को अविलंब अस्पताल ले जाया गया। यदि समय पर अस्पताल न ले जाते तो उसकी जान जा सकती थी। इसीलिए तिलवारा पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया। अदालत ने तर्क से सहमत होकर उक्त सजा सुनाई।

# एक्सीडेंट का दावा अदालत ने किया निरस्त

## जिस वाहन से मौत का दावा किया गया, उससे नहीं हुआ था एक्सीडेंट

**जबलपुर,देशबन्धु।** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन सदस्य संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने वाहन मालिक-चालक व बीमा कंपनी के विरुद्ध वाद को सिद्ध न पाते हुए निरस्त कर दिया। दरअसल, जिस वाहन से मौत का दावा किया गया था, उस वाहन से दुर्घटना होना साबित नहीं हुआ।

मामले की सुनवाई के दौरान मैग्मा जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि चंद्रा बाई ने सड? दुर्घटना में पति रामप्रसाद की मृत्यु का हवाला देकर क्षतिपूर्ति राशि का दावा पेश किया है। दावे में कहा गया है कि रामप्रसाद मोटर साइकिल से जा रहे थे, तभी बरमबाबा के समीप आम रोड पर तेज गति भारी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे मृत्यु हो गई। लेकिन जिस वाहन से दुर्घटना का जिक्र किया गया, टक्कर उसी वाहन ने मारी थी, यह बात सिद्ध नहीं हो पाई है। दलील दी गई कि वाद निरस्त करने योग्य है। अदालत ने उक्त तर्क से सहमत होते हुए दायर वाद निरस्त कर दिया। इस तरह बीमा कंपनी 19 लाख रुपये की अदायगी से बच गई।

# जवाब दो वरना लगेगा जुर्माना

## दुष्कर्म मामलों में आरोपियों का नाम उजागर करने संबंधी मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सरकार को चार सप्ताह में हर हाल में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने स्पष्ट कहा है कि ऐसा नहीं करने पर 15 हजार रुपए की कॉस्ट के साथ रिप्लाई स्वीकार किया जाएगा और उसकी राशि मप्र हाईकोर्ट विधिक सहायता कमेटी में जमा कराई जाएगी।

दरअसल यह मामला जबलपुर के डॉ. पीजी नाजपांडे व डॉ. एमए खान की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आपराधिक नियम के तहत दुष्कर्म पीड़िता का नाम गुप्त रखने का प्रावधान है। ऐसा न करना लैंगिक भेदभाव है, जो कि संविधान की मंशा के विपरीत है। कानून में यह कहा गया है कि जब तक आरोप साबित नहीं हो जाता, तब तक अभियुक्त निर्दोष होता है। ऐसे गंभीर प्रकरणों में आरोपी का नाम सार्वजनिक करने से उसकी छवि प्रभावित होती है। याचिका में कहा गया कि फिल्मी हस्ती मधुर भंडारकर जैसे कई ऐसे नाम हैं, जो ऐसे आरोपों से बरी हुए हैं, लेकिन सार्वजनिक प्रतिष्ठा धूमिल हो गई। मांग की गई कि उक्त अधिनियम के तहत ट्रायल पूरी होने तक दुष्कर्म के मामलों में आरोपी का नाम भी गुप्त रखा जाये। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# एमपी ट्रांसको ने हादसे का कारण बने भवन का अनाधिकृत निर्माण तोड़ा

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांस्को ) की एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन के समीप के उस निर्माण को आज एमपी ट्रांसको के अधिकारियों की उपस्थिति में तोड़ा गया ,जिसके कारण कल सुहागी सरस्वती कॉलोनी टी आई बंगले के पास एक हादसे में निर्माण कार्य कर रहा मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया था। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड ने बताया कि एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइनों के समीप व लाइनों के इंडक्शन जोन में बने अनाधिकृत निर्माण के कारण हादसे की आशंका रोकने व मानव जीवन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज इस निर्माण को तोड़ा गया । उन्होंने कहा कि इस तरह के असुरक्षित निर्माण न करने के लिए मकान मालिक को समझाइश दी गई।

# कर्मचारियों की जी.आई.एस कटौती राशि बढ़ाई जाए

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के कर्मचारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत क्लास थ्री कर्मचारियों से 200रू प्रतिमाह काटा जा रहा है जो की न्यूनतम राशि है जिसके तहत कर्मचारियों का बीमा सिर्फ दो लाख रूप्ये होता है जो कि आज के इस मंहगाई के दौर में बहुत कम है। अतः कर्मचारियों की समूह बीमा राशि प्रतिमाह बढ़ा कर 1000रू किया जाना चाहिए। क्योंकि जितनी न्यूनतम राषि कर्मचारियों की काटी जाएगी उतनी ही न्यूनतम राशि का बीमा हो पाएगा। परंतु यदि 1000रूपये प्रतिमाह काटे जाते हैं तो कर्मचारियों का दस लाख का बीमा किया जा सकता है। संघ ने आगे बताया कि समूह बीमा योजना राशि कर्मचारियों के वेतन से काटी जाती है यदि 1000रू राशि कर्मचारियों के खाते से काटी जाती है तो इससे सरकार पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। और भविष्य में यदि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटती है तो उन्हे कर्मचारी समूह बीमा योजना के तहत दस लाख रूप्ये मिल सकते हैं।

# श्री हनुमंत लला के प्राकट्योत्सव पर आज होंगे नगर में धार्मिक आयोजन

## सिविल कोर्ट हनुमान मंदिर में हो रहा अखंड रामायण पाठ

**पाटन, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हनुमान मंदिरों में आज हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर हनुमंत लला जी के प्राकट्योत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सिविल कोर्ट परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। अपर सत्र न्यायाधीश श्री ओमप्रकाश रजक सहित चारों पीठासीन अधिकारी जी के विशेष सहयोग से संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नाजरात शाखा में पदस्थ दिग्विजय सिंह चौहान के द्वारा रामायण पाठ कराया जाता है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर,सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव एवं अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ता बंधुओ एवं अपर सत्र न्यायालय सिविल कोर्ट के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में रहता है। वही बजरंग गढ़ गांव में स्थित हनुमान मंदिर प्राचीन काल के बताए जाते है यहां भी अखंड मानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है।



**श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कटरा में होगे आयोजित** – विगत वर्ष की श्रृंखला में इस वर्ष भी अनंत बलवंत संत श्रीमद् रामभक्त हनुमान जी महाराज की जयंती पर श्री अंजनी नंदन समिति पाटन के द्वारा आज प्रात: 6.30 बजे से पूजन अभिषेक,हवन, 9 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ दोप11 बजे से विशाल भंडारे प्रसादी की जाएगी। वही सायं 5.30 बजे हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रात 9 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। श्री अंजनी नंदन समिति ने समस्त हनुमान भक्त जनों से अनुरोध किया है कि शोभा यात्रा में इष्ट मित्रों सहित पधारकर कार्यक्रम को सफल बनायें एवं पुण्य लाभ अर्जित करे।

# 41 लाख रुपए से अधिक के लाभ का बजट पारित

## अनुमानित आय 78 करोड़ 67 लाख 35 हज़ार रुपए, व्यय 78 करोड़ 25 लाख 84 हजार

**सिहोरा, देशबन्धु।** नगर पालिका सिहोरा का साधारण सम्मेलन सभाकक्ष में सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े के मुख्य आतिथ्य नपाध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता, नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी एवं परिषद के सभी सदस्यों, अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेंद्र ओझा ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा अनुशंसित आय-व्यय का अवलोकन किया गया एवं बजट वर्ष 2025-26 की बैठक में प्रस्तुत बजट अनुमानित आय 786735000.00 एवं व्यय 782584000.00 के साथ रु. 4151000.00 बचत का तैयार किया गया।

विभिन्न मदों से प्राप्त आय के विरूद्ध नगर पालिका के कर्मचारियों के वेतन भत्ते आदि एवं नगर के विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों पर व्यय, प्रकाश व्यवस्था / जलप्रदाय व्यवस्था पर व्यय, अंकेक्षण शुल्क की अदायगी का प्रावधान एवं संचित निधि में जमा करने का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्य जैसे सफाई व्यवस्था, संक्रामक रोगों की रोकथाम, सामाजिक जनकल्याणकारी कार्य, उपकरणों आदि की मरम्मत



एवं रखरखाव कर्मचारियों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं एवं कामकाज के संचालन हेतु स्टेशनरी आदि की व्यवस्था सभी आवश्यक कार्यों के निष्पादन हेतु बजट में प्रावधान किया गया।

इस प्रकार परिषद ने बिना कोई कर बढ़ाते हुए लाभ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे जलप्रदाय, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था के लिए समुचित प्रावधान किया गया है, वहीं नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़कों, नालियों के निर्माण, कार्य कराया जाएगा।अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित बजट बैठक में सर्वसम्मति से ध्वनी मत से पारित किया गया।

**अंशदान एवं अनुदान आधारित बजट**

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तुत बजट अंशदान एवं अनुदान पर आधारित है मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुदान, 15 वा वित्त आयोग, सीएम शहरी अधोसंरचना विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, कायाकल्प अभियान,सड़क अनुरक्षण सहित केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान की प्रत्याशा में नगर विकास का लेखा-जोखा तैयार किया गया है।

**6 करोड़ से कराये जायेगें विकास कार्य**

प्रस्तुत आए हुए पत्र 2025-26 में आई डी एमटी योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री अधो संरचना सहित अन्य राज्य शासन केंद्र शासन से प्राप्त अनुदान से नगर में 6 करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं।

**परिषद की बैठक में ये भी रहे मौजूद**

बैठक में प्रमोद चौधरी, रीता शुक्ला कल्पना पांडे, ममता गोटिया, ज्योति चक्रवर्ती बेबी पाल, गौरा देवी विश्वकर्मा, राजेश चौबे,शारदा बर्मन,बेटू शर्मा,जवाहर,लीला बर्मन, रमेश पटेल, अंकुश नायक,माधुरी दाहिया, राजस्व निरीक्षक सुशील वर्मा, मनोज खंपरिया, एकाउंटेंट विवेक सिलावट, सहायक राजकुमार बैगा सहित नगरपालिका कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सार-समाचार



### श्री संकट मोचन का मंदिर में होगा विशाल भंडारा

**बरेला, देशबन्धु।** कलयुग में भक्तों के तारणहार राम भक्त श्री हनुमान जी के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नगर परिषद के बाजू में पीपल के नीचे स्थित स्वयंसिद्ध पीठ प्राचीन दक्षिण मुखी श्री संकट मोचनहनुमान मंदिर में जन्मोत्सव बड़े आनंद और उत्साह के साथ मनाया जाएगा कार्यक्रम विधिवत इस प्रकार है। 12 अप्रैल शनिवार 11 बजे सुबह सामूहिक सुंदर सुंदर कांड का पाठ, दोपहर 12 बजे 108 नारियल के साथ हवन पूर्णाहुति, दोपहर 1 बजे से मूंगदाल का हलवा ,कढ़ी चावल पुलाव ,चना महाभोगप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के पुजारी शरद अवस्थी, प्रदीप विश्वकर्मा, विनोद चक्रवर्ती, रमेश नामदेव, रजनीश कुमार पाण्डेय, सचिन अग्रवाल, अभय पांडे, उमाशंकर विश्वकर्मा,आदर्श विश्वकर्मा, सुनील यादव, राजेश साहू, अनंत पांडे, रूद्र देव पांडे, अरविंद पाठक, दीपक अग्रवाल, ज्ञानेश्वर पयासी,विजय जैन बबलू ठाकुर, ओमी मोनू विश्वकर्मा, राजकुमार बैरागी आदि ने समस्त भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### गर्मी में स्कूल का समय सुबह 7 से12 बजे तक करने की मांग

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन के जिला संयोजक अजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कलेक्टर जबलपुर द्वारा भीषण गर्मी के कारण छात्रों और शिक्षकों के स्वास्थ्य को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से 1 बजे तक किया गया है जो कि स्वागत योग्य है।

संगठन ने कहा कि छात्र , शिक्षक थोड़ी सी राहत की और अपेक्षा कर रहे हैं, वे स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे के स्थान पर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक करने का आदेश जारी करने की अपेक्षा कर रहे है। क्योंकि 1बजे पूर्ण अवकाश के बाद जब बच्चे घरों को वापस लौटेंगे तो सूरज की तपन उनके सिर पर होगी। छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन के राकेश उपाध्याय अजय सिंह ठाकुर दीपक पटेल, तहसील अध्यक्ष उमाकांत पटेल योगेंद्र मिश्रा ने संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण छात्रों और शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है। दोपहर में तेज धूप और गर्मी के कारण छात्रों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इसलिए संगठन ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक आंशिक संशोधन किए जाने की मांग की है।

### सिददा घाट कुलोन में फागो का मुक़ाबला आज

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** मां नर्मदा के आंचल में फागों का जंगी मुक़ाबला शनिवार 12 अप्रैल को शाम सात बजे से होगा। जो सुबह तक चलेगा। जंगी मुकाबले में जानेमाने कलाकार उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कृषक नेता सरपंच परम लाल आहवासी रहेंगे।

### बांधवगढ़ में सोन कुत्तों का झुंड दिखा

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दुर्लभ वन्य प्राणी सोन कुत्तों का झुंड देखा गया है। पतौर परिक्षेत्र के पनपथा बीट में वन विभाग के स्टाफ को गश्त के दौरान तालाब पर 12 सोन कुत्ते पानी पीते हुए दिखाई दिए। जिसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया है।.परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल के अनुसार, सोन कुत्ते श्रेणी एक के दुर्लभ वन्यप्राणी हैं। ये किसी एक स्थान पर नहीं रहते, जंगल में झुंड के साथ विचरण करते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पतौर, मानपुर और धमोखर रेंज में इनका झुंड कभी-कभी दिखाई देता है।

सोन कुत्तों की विशेषता है कि ये हमेशा झुंड में रहते हैं और सामूहिक रूप से शिकार करते हैं। अपने शिकार को जीवित अवस्था में ही खाना शुरू कर देते हैं। लगातार घूमते रहने की प्रवृत्ति के कारण इन्हें गिनना और पहचानना मुश्किल होता है। वन विभाग इनकी सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी कर रहा है।

# 22 दिन से तीन हाथियों का आतंक

## पेड़ में रात बिता रहा बैगा युवक

**अनूपपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के मरवाही वन क्षेत्र से जिले के जैतहरी में वन क्षेत्र आए तीन हाथी लगातार ग्रामों में किसानो की फसलो व घरों में तोड़फोड कर खाने की सामग्री को से पेट भर रहें हैं। इनमें दो हाथी 29 मार्च की रात से क्षेत्र में थे, जिनमें एक बड़ा और एक छोटा हाथी शामिल है। 5 अप्रैल को एक दांत वाला नर हाथी भी इनके साथ मिल गया।



घरों में तोड़फोड़ कर खा रहे राशन

गुरुवार-शुक्रवार रात हाथियों ने कुकुरगोंड़ा के कोसमटोला में झुमुकलाल के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। जहां घर में रखी खाने की सामग्री को अपना अहार बनाया। वर्तमान में तीनों हाथी धनगवां बीट के जंगल में हैं। यह क्षेत्र ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से सटा हुआ हैं। वहीं वन विभाग ने दो गश्ती दल तैयार किए हैं जो ग्रामीणों की मदद से हाथियों पर लगातार नजर रख रहे हैं।

**हाथियों के डर पेड़ पर रहा था शख्स**- कुसुमहाई गांव के पास पाड़ाडोल में दऊवा बैगा नाम के युवक ने हाथियों के डर से वह अपना सामान पेड़ पर बांधकर और खाट चढ़ाकर रात वहीं बिताता है। वह शाम होते ही अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षा के लिए गांव के अन्य लोगों के घरों में भेज देता है।

# बरेला सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं, आयुष के भरोसे चल रही ओपीडी

**बरेला, देशबन्धु।** नगर का एक मात्र शासकीय अस्पताल वर्तमान में भगवान भरोसे चल रहा है यहां पर पदस्थ बॉन्डिंग डॉक्टर का पोस्ट ग्रेजुएट में चयन हो जाने के कारण तबादला हो गया। इसके कारण वर्तमान में शासकीय अस्पताल डॉक्टर विहीन हो गया है जिसके कारण मरीजों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

**पहले गया मुख्यालय और अब डॉक्टर भी नसीब नहीं**-नगर की स्वास्थ्य सेवाएं दिन पर दिन बदतर होती जा रही हैं यहां पर पहले बीएमओ का मुख्यालय था किंतु 4 साल पूर्व. यह मुख्यालय भी बरगी चला गयाऔर वर्तमान में डॉक्टर के चले जाने के कारण अब गरीब आदमी को इलाज के लिए. जिला चिकित्सालय की ओर रुख करना पड़ रहा है. रिक्त पड़े हैं अनेक पद सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर, पुरूष डॉक्टर, एक वार्ड बॉय,ड्रेसर,और टेकनीशियन के पद खाली पड़े हैं।सी एच ओ और होम्योपैथिक डॉक्टर के भरोसे चल रही ओपीडी- वर्तमान में सरकारी अस्पताल में पदस्थ होम्योपैथिक चिकित्सक और उप




स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सी एच ओ के भरोसे यहां की ओपीडी चल रही है।अपने परिजनों का इलाज कराने आए राजा सोनी का कहना है किशासकीय अस्पताल में वर्तमान में कोई भी स्थायी डॉक्टर नहीं है।

मजबूरी वश प्राइवेट चिकित्सक से ही इलाज कराने शहर की ओर जाना पड़ रहा है।एम एल सी के लिए भी होना पड़ रहा परेशान--लड़ाई झगड़े में पुलिस केस दर्ज करने पर घायलों की एम एल सी के लिए पुलिस विभाग भी डॉक्टर न होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चक्कर लगाने विवश है।तथा जिला चिकित्सालय विक्टोरिया भेजना पड़ रहा है।

**उच्च अधिकारियों को नहीं है अस्पताल की चिंता**-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 80 गांव आते हैं. यहां की गरीब आबादी. इलाज के लिए केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर है. स्थाईडॉक्टर को गए हुए लगभग एक साल से ज्यादा होने जा रहे हैं. किंतु इसके बावजूद भी बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा इस अस्पताल में अभी तक कोई भी स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है. उच्च अधिकारियों को भी जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है. यही कारण है कि आज तक यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है. फिलहाल विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

# सिहोरा में बिना एक्सरे टेक्नीशियन के दे रहे गलत रिपोर्ट

**सिहोरा, देशबन्धु।** बिना डिग्री डॉक्टरों की भरमार हर किसी नगर और कस्बे में इन दिनों भरी पड़ी है जिसमें बिना एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर काम करने वाले वार्ड ब्यॉय एक्सरा सहित अस्पताल के काम कर रहे हैं जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ तो नही मिलता बल्कि उनकी परेशानी दोगुनी बढ़ जाती है और गलत इलाज के लिए पैसे भी खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि सिहोरा में गिने चुने पॉली क्लिनिक चल रहे हैं जिनमे अधिकांशत: ग्रामीण क्षेत्र के लोग इलाज कराने आते हैं जिन्हें इन लोगों की ठीक से जानकारी नही होती है।

सिहोरा गढ़िया मोहल्ला निवासी नवीन आहूजा 9 अप्रैल बुधवार की शाम को बाइक से फिसल कर गिर गया था जिसके हाथ पैर में मामूली चोट आई थी जबकि दाहिने हाथ की कलाई में तेज दर्द के साथ सूजन आ गई थी जो सिविल अस्पताल रोड पर स्थित इंद्रा पॉली क्लिनिक में एक्सरा कराने गया जहां पर आदर्श नामक युवक ने एक्सरा फिल्म निकाल कर हाथ सही होना बताया गया। जब दूसरे दिन ज्यादा दर्द होने और हाथ में बड़ी सूजन पर पीड़ित नवीन द्वारा दूसरे हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास जाकर पुन: एक्स-रे कराया गया जिसमें हाथ की कलाई में फ्रेक्चर आया,



जिसके बाद पीड़ित युवक के प्लास्टर किया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित नवीन आहूजा अनुविभागीय अधिकारी से करने की जानकारी दी है और उक्त क्लिनिक पर कार्यवाही की मांग की है जिससे इस तरह की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही किसी अन्य के साथ न हो।

**अप्रशिक्षित कर रहे जांच**

सिहोरा के ज्यादातर क्लिनिक या निजी अस्पतालों और आसपास के ग्रामों में बिना किसी प्रशिक्षण और डिग्री के अप्रशिक्षित लोगों को कम वेतन पर रख कर इन क्लिनिक संचालकों द्वारा काम लिया जा रहा है जिसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित मरीज को ज्यादा परेशानी और आर्थिक रूप से भी ठगा जाता है लेकिन इन क्लीनिकों की कभी जांच नही होती है जिनका मकड़जाल सिहोरा सहित आसपास के गांवों तक मे फैला हुआ है। और गलत ढंग से इलाज के नाम पर रुपये ऐंठे जाते हैं जिसमे स्वास्थ्य विभाग के अमले का ध्यान कभी नही जाता और यदि कभी कोई शिकायत करता है तो जांच के नाम पर वसूली करके मामले को दवा दिया जाता है।

**मरीजों की जान से खिलवाड़**

मरीजों के सामने बड़ी समस्या है। सिहोरा खितौला नगर में अल्ट्रा साउंड और एक्स-रे सेंटर के नाम पर दर्जनों अवैध केंद्र चल रहे हैं। जहां गैर पेशेवर लोग जांच कर रिपोर्ट बना रहे हैं। निजी अस्पताल व नर्सिंग होम के अलावा जांच घरों की भरमार है। ज्यादातर के पास न ही सुविधा होती है न ही उपचार करने का प्रशिक्षण। यहां तो पलंग पर लिटाकर ऑपरेशन तक कर दिया जाता है। नगर में ऐसे अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों से ऐसी कई जांच भी करवाई जाती है, जिसका इलाज से कोई लेना-देना नहीं होता है।



# वन क्षेत्र में अवैध जुताई करते हुए ट्रैक्टर रोटावेटर सहित जब्त

**पनागर, देशबन्धु।** गुरुवार शाम 4 बजे मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी पनागर सौरभ शर्मा के दिशा निर्देशन पर परिक्षेत्र पनागर टीम ने परिक्षेत्र पनागर अंतर्गत सुरमावाह ग्राम के पास संरक्षित वन कक्ष क्रमांक 360 में अवैध तरीके से जुताई करते हुए ट्रैक्टर व रोटावेटर सहित पकड़ा है। मौके पर आरोपी राजेश को पकड़ा गया, जिससे अपराध के संबंध में प्रारंभिक पूछताछ की गई। ट्रैक्टर को रोटावेटर सहित जब्त कर डिपो पनागर लाकर खड़ा कर दिया गया हैएवं नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।उक्त कार्यवाही में डिप्टी रेंजर शिव प्रसाद शर्मा, वनरक्षक नितेश नामदेव, सुमित मिश्रा, मोहित मिश्रा, शैलेश गौतम, सफदर खां व बहादुर सिंह शामिल थे।

# लिफ्ट देकर एक लाख लूटे

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सोहागपुर में एक युवक के साथ लूट की वारदात सामने आई है। सिंगरौली निवासी अभिषेक कुमार गुप्ता से तीन बदमाशों ने एक लाख रुपए की लूट की। अभिषेक जबलपुर की एक कंपनी में स्वैप मशीन लगाने का काम करता है।

घटना गुरुवार-शुक्र वार की दरमियानी रात की है। अभिषेक कोतमा से लौटते समय देर रात शहडोल पहुंचा। उसने स्टेशन जाने के लिए बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। बदमाशों ने 30 रुपए में स्टेशन छोड़ने की बात कही। लेकिन वे उसे स्टेशन न ले जाकर चार घंटे तक शहर में घुमाते रहे। इस दौरान बदमाशों ने शराब भी पी। दो मोबाइल फोन और नकदी लूटकर फरार हुए आरोपी रात करीब एक बजे बदमाश अभिषेक को सोहागपुर के ग्राम छतरपुर ले गए।

वहां उसके दो मोबाइल फोन और नकदी लूटकर फरार हो गए। कुल मिलाकर एक लाख रुपए की लूट की गई। इसके बाद पीड़ित पैदल ही थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी।सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। घटना के बाद शहर में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। पुलिस ने गश्त बढ़ाने का फैसला लिया है।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**पाटन, देशबन्धु।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित सदस्य व विधायक प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आजीविका मिशन, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। वही विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सदस्यों के द्वारा अवगत कराये जाने पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत द्वारा विभागीय अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र में दवाईयां एवं स्टाफ की कमी को दुरुस्त करने



के निर्देश दिये। आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में दीदीओं को और अधिक सक्षम एवं सुदढ़ बनाने के निर्देश दिये गये।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सडकों को गुणवत्तापूर्ण बनाये जाने एवं प्रगतिरत कार्यो का समय-सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही जल जीवन मिशन योजना को प्रभावी बनाकर पेयजल की समस्या को हल करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की संचालित योजनाओं के समस्त कार्य जैसे भूमि पूजन, लोकार्पण एवं समस्त आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को अनिवार्यत: आमंत्रित किया जाए।

## 'ट्रेड वॉर से किसी को फायदा नहीं', यूएस टैरिफ का ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्रियों ने जताया विरोध

**लंदन, (आईएएनएस)।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा से बात की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि ट्रेड वॉर से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब अमेरिका ने अधिकांश देशों पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही स्टील, एल्यूमीनियम और कार के पार्ट्स पर 25 प्रतिशत का आयात टैरिफ लगाया हुआ है। अमेरिका के नए और विवादास्पद टैरिफ सेट ने हाल के हफ्तों में तनाव बढ़ा दिया है, जिसने वैश्विक बाजारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। अमेरिका की तरफ से लगाए गए टैरिफ पर अन्य देशों की भी तीखी प्रतिक्रिया आई हैं। अर्थशास्त्रियों और निवेशकों की ओर से इस फैसले की आलोचना की गई है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने पहले स्वीकार किया था कि यह संभावना नहीं है कि अमेरिका सभी ब्रिटिश आयातों पर नया 10 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा। प्रधानमंत्री, अमेरिकी राष्ट्रपति को ब्रिटिश कारों पर लगे 25 प्रतिशत टैरिफ को हटाने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटिश अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है।

## अमेरिका - हडसन नदी में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन बच्चों समेत पांच पर्यटकों और पायलट की मौत

**न्यू जर्सी, (आईएएनएस)।** पर्यटकों के एक परिवार को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर न्यूयॉर्क में हडसन नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। प्लेन में सवार पांच सदस्यों वाला परिवार स्पेन से था जबकि छठा व्यक्ति पायलट था। यह दुखद दुर्घटना उस समय घटित हुई जब पर्यटकों को ले जा रहा बेल 206 हेलीकॉप्टर नियंत्रण खो बैठा और नदी में गिर गया।

न्यूयॉर्क सिटी पुलिस कमिश्नर जेसिका टिश ने घटना क्रम की पुष्टि करते हुए कहा, हेलीकॉप्टर ने दोपहर करीब 3 बजे स्काईपोर्ट शहर से उड़ान भरी और मैनहट्टन तटरेखा से होते हुए जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज की तरफ दक्षिण की ओर चला गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद विमान मैनहट्टन हेलीपोर्ट की ओर मुड़ गया और नियंत्रण खोकर होबोकेन घाट के पास हडसन नदी में गिर गया। टिश ने कहा, दुर्भाग्यवश, चार पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, दो अन्य को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां, दुख की बात है कि दोनों ने दम तोड़ दिया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने बेल 206 मॉडल के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में बेल 206 सीरीज के हेलीकॉप्टर–जिसमें बेल 206एल भी शामिल है – संयुक्त राज्य अमेरिका में 82 घातक दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं। हादसे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, हडसन नदी में भयानक हेलीकॉप्टर दुर्घटना। ऐसा लग रहा है कि छह लोग – पायलट, दो वयस्क और तीन बच्चे, अब हमारे बीच नहीं हैं। दुर्घटना का फुटेज भयावह है। भगवान पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों को संतावना दे। परिवहन सचिव सीन डफी और उनके प्रतिभाशाली कर्मचारी इस पर काम कर रहे हैं।

वास्तव में क्या हुआ और कैसे हुआ, इसके बारे में जल्द बताया जाएगा। दुर्घटना के बाद संघीय और स्थानीय एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी। अधिकारी इस घातक दुर्घटना के पीछे के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।

## चीन कभी डरा नहीं, 'टैरिफ युद्ध' पर शी जिनपिंग

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को कहा कि टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। उन्होंने कहा कि चीन कभी किसी पर निर्भर नहीं रहा और किसी से डरा नहीं। जिनपिंग ने शुक्रवार को स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। चीन ने 12 अप्रैल से अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का फैसला किया, जिससे कुल प्रभावी दर 125 प्रतिशत हो जाएगी। इससे एक दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी।



चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 70 वर्षों से अधिक समय में देश ने आत्मनिर्भरता और कठिन संघर्ष के जरिए विकास हासिल किया। उन्होंने कहा कि चीन कभी दूसरों की दया पर निर्भर नहीं रहा और किसी भी अनुचित दमन से नहीं डरा। राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा कि चाहे बाहरी दुनिया में कोई भी बदलाव क्यों न हो, चीन उम्मीदों से भरा रहेगा और अपने मामलों को अच्छी तरह चलाने पर ध्यान केंद्रित रखेगा।

चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन और यूरोपीय संघ (ईयू) दोनों ही विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं। दोनों आर्थिक वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार की दृढ़ समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने आर्थिक सहजीवन का घनिष्ठ संबंध स्थापित किया है, उनका सम्मिलित आर्थिक उत्पादन विश्व के कुल उत्पादन का एक तिहाई से अधिक है। राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा कि आर्थिक वैश्वीकरण, अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक वातावरण की रक्षा और एक तरफा धमकी के खिलाफ चीन और यूरोपीय संघ को मिलकर काम करना होगा। वहीं सांचेज ने कहा कि चीन यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। स्पेन हमेशा यूरोपीय संघ–बीजिंग संबंधों के विकास का समर्थक रहा है। सांचेज ने कहा कि यूरोपीय संघ खुले और मुक्त व्यापार के लिए प्रतिबद्ध है और एकतरफा टैरिफ वृद्धि का विरोध करता है।

### आज का इतिहास

1621–सिख गुरु तेग बहादुर का जन्म।
1801–रणजीत सिंह ने खुद को पंजाब का महाराजा घोषित किया।
1861–अमेरिका में गृह युद्ध शुरु हुआ।
1885–प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्त्ववेत्ता राखालदास बंद्योपाध्याय का जन्म।
1910–भारतीय फ़िल्म निर्देशक, निर्माता, पटकथा लेखक और हिंदी फ़िल्मों के गीतकार केदार शर्मा का जन्म।
1917–भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक वीनू मांकड़ का जन्म।
1927–ब्रिटिश कैबिनेट ने महिलाओं को वोटिंग अधिकार देने का समर्थन किया।
1945–अमेरिका द्वारा ओकीनावा पर आक्रमण, जापानी मंत्रिमंडल का त्यागपत्र, अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट का निधन।
1946–सीरिया पर फ्रांस का कब्जा समाप्त हुआ।

### सुडोकू 6880

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | 7 | |
| 4 | | 7 | 9 | 5 | 3 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | | | | |
| 8 | | 1 | | 4 | | 7 | | 5 |
| | | | | | | 9 | | 1 |
| | 9 | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## टैरिफ वॉर के बीच ट्रंप ने लगा दिया भारत की 2 कंपनियों पर बैन, कैसे ईरान बना वजह

अमेरिका ने ईरान के तेल का परिवहन करने और ईरान के 'छाया बेड़े' के तौर पर काम करने के आरोप में संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एक भारतीय नागरिक और भारत की दो कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि जुगविंदर सिंह बरार कई पोतपरिवहन कंपनियों के मालिक हैं और उनके पास लगभग 30 जहाजों का बेड़ा है, जिनमें से कई ईरान के 'छाया बेड़े' के हिस्से के रूप में काम करते हैं। बरार का यूएई में व्यवसाय है इसके अलावा वह भारत स्थित पोत परिवहन कंपनी 'ग्लोबल टैंकर्स प्राइवेट लिमिटेड' और पेट्रोकेमिकल बिक्री कंपनी 'बी एंड पी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' के मालिक हैं या उनका नियंत्रण भी उनके पास है। वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने बरार और भारत–आधारित दो कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया है। ओएफएसी ने कहा कि बरार के जहाज इराक, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान की खाड़ी के जलक्षेत्र में ईरानी पेट्रोलियम के जहाज–से–जहाज (एसटीएस) स्थानांतरण में लिप्त हैं। इसके बाद ये माल अन्य मददगारों के पास पहुंचता है, जो अन्य देशों के उत्पादों के साथ तेल या ईंधन को मिला देते हैं और ईरान के साथ संबंधों को छिपाने के लिए पोत परिवहन संबंधी दस्तावेजों में हेराफेरी करते हैं जिससे ये माल अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच जाता है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा, ईरानी शासन अपने तेल की बिक्री के लिए और अपनी अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए बरार और उसकी कंपनियों जैसे परिवहनकर्ताओं और दलालों के नेटवर्क पर निर्भर करता है उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के तेल निर्यात के सभी माध्यमों को बाधित करने पर दृढ़ है, विशेष रूप से उन लोगों को जो इस व्यापार से लाभ कमाना चाहते हैं।

## पाकिस्तान ने 300 विदेशी मेहमानों को बुलाकर बनाया ऐसा प्लान, जिस पर भड़का बलूचिस्तान

8 और 9 अप्रैल को हुए आयोजन में अमेरिका, सऊदी अरब और चीन समेत कई देशों के 300 प्रतिनिधि जुटे थे। इस कार्यक्रर्म में मंथन हुआ कि कैसे पाकिस्तान के खनिजों को दोहन किया जा सकता है और इससे इकॉनमी एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर को क्या लाभ मिलेगा। पहले से ही अशांत बलूचिस्तान में गुस्सा और भड़क गया है। पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर से गुस्सा भड़का है। इन दोनों ही राज्यों और पीओके के तहत आने वाले गिलगित–बालटिस्तान में बड़े पैमाने पर खनिज है। इसी के दोहन को लेकर पाकिस्तान प्रयास में रहता है, लेकिन बलूचिस्तान से बाल्टिस्तान तक इसे लेकर असंतोष भी है। इसी सप्ताह पाकिस्तान ने मिनरल्स इनवेस्टमेंट फोरम 2025 का आयोजन किया था। इस्लामाबाद में 8 और 9 अप्रैल को हुए आयोजन में अमेरिका, सऊदी अरब और चीन समेत कई देशों के 300 प्रतिनिधि जुटे थे। इस कार्यक्रम में मंथन हुआ कि कैसे पाकिस्तान के खनिजों को दोहन किया जा सकता है और इससे इकॉनमी एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर को क्या लाभ मिलेगा। लेकिन इसे लेकर पहले से ही अशांत बलूचिस्तान में गुस्सा और भड़क गया है। बलूचों का कहना है कि यह स्थानीय लोगों की कीमत पर लूट की कोशिश है। उनके संसाधनों को पाकिस्तान की सरकार लूटती रही है और उसका इस्तेमाल पंजाब में हुआ है। अब वह विदेशी मित्रों को भी इस लूट में साझीदार बना रही है। समिट को संबोधित करते हुए पीएम शहबाज शरीफ ने कहा, यदि हम इस छिपे हुए खजाने का अच्छे से इस्तेमाल करें तो विदेशी कर्ज से मुक्त हो सकते हैं। यह समिट ऐसे दौर में हुआ है, जब बलूचिस्तान में पहले ही रेको डिक कॉपर–गोल्ड माइन को लेकर तनाव की स्थिति है।

## बांग्लादेश - पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और बेटी साइमा वाजेद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल समेत 18 लोगों के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई पूर्वाचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते की गई है।

ढाका सिटी के सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन ने गुरुवार को यह आदेश दिया। उन्होंने एंटी करप्शन कमीशन (एसीसी) की चार्जशीट को संज्ञान में लेते हुए यह वारंट जारी किया और 5 मई तक गिरफ्तारी की प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

इसके अलावा, एक अन्य मामले में भी प्लॉट आवंटन में भ्रष्टाचार को लेकर शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और परिवार के अन्य चार सदस्यों समेत कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। उल्लेखनीय है कि शेख हसीना के खिलाफ अब तक कुल छह मामले दर्ज हो चुके हैं, जिनमें सभी पूर्वाचल प्रोजेक्ट में गड़बडियों से जुड़े हैं। पिछले महीने भी एक ट्राइब्यूनल ने 2013 में शापला चत्तर पर हुए कथित जनसंहार के मामले में शेख हसीना और पूर्व पुलिस प्रमुख बेनजीर अहमद समेत पांच लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जनवरी में भी एक विशेष अदालत ने जबरन गायब करने के मामलों में शेख हसीना और 11 अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट दिया था।



दिलचस्प बात यह है कि जिन ट्राइब्यूनलों ने यह कार्रवाई की है, वे खुद शेख हसीना की सरकार द्वारा बनाए गए थे, ताकि 1971 के युद्ध अपराधों की जांच हो सके। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ये सारी कार्रवाइयां मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही हैं। अगस्त 2024 में हसीना की सत्ता से बेदखली के बाद, उनके और उनके समर्थकों पर कई मामले दर्ज हुए हैं। भारत में शरण ले रहीं शेख हसीना ने फरवरी में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा था कि यूनुस सरकार ने देश को आतंकवाद और अराजकता का अड्डा बना दिया है। उन्होंने वादा किया कि वह देश लौटेंगी और सभी पीड़ितों को न्याय दिलाएंगी।

## डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ अटैक पर चीन की 125 प्रतिशत वाली स्ट्राइक, दिया करारा जवाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर चरम पर पहुंचता दिख रहा है। चीन ने अमेरिकी सामानों के आयात पर टैरिफ रेट को 84 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है, जो शनिवार से लागू होगा। इसके साथ ही चीन ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका अब और टैरिफ बढ़ाता है तो वह जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा क्योंकि ट्रंप प्रशासन की नीतियां अब मजाक बन चुकी हैं।

चीन के वित्त मंत्रालय ने यह फैसला तब लिया है, जब वाइट हाउस ने साफ किया है कि उसने चीनी सामानों पर टैरिफ को बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया है। चीन ने कहा कि इन परिस्थितियों में अमेरिका के साथ व्यापार करना अब व्यावहारिक नहीं रह गया है। इससे पहले बुधवार को चीन ने अमेरिका के सामान पर 84 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।

**चीन अब जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा**

वित्त मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया, वर्तमान टैरिफ रेट पर अमेरिकी सामान अब चीन में बाजार योग्य नहीं रह गए हैं। यदि अमेरिका चीनी निर्यात पर और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन ऐसे कदमों को नजरअंदाज करेगा। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि वॉशिंगटन का बार–बार अत्यधिक टैरिफ का इस्तेमाल अब केवल संख्या का खेल बनकर रह गया है, जो आर्थिक रूप से अर्थहीन है और अमेरिका की दबाव और धमकी की नीति को उजागर करता है। मंत्रालय ने कहा कि यह एक मजाक बन चुका है। हालांकि चीन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि अमेरिका उसके अधिकारों और हितों का उल्लंघन करता रहा तो वह मजबूती से पलटवार करेगा और अंत तक लड़ेगा। चीन ने यह भी कहा कि टैरिफ से होने वाले नुकसान की पूरी जिम्मेदारी अमेरिका को लेनी होगी।


**फिल्मों और स्टडी पर भी तनाव**

अब यह विवाद केवल सामानों पर ही नहीं रुका है। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच तनाव सर्विसेज और लोगों के आपसी संबंधों तक पहुंच गया है। गुरुवार को चीन ने अमेरिकी फिल्मों की संख्या में कटौती की घोषणा की, जिससे संकेत मिला कि बदले की कार्रवाई अब आगे बढ़ रही है।

### *चीन–अमेरिका में वार–पलटवार*

*अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर इस महीने के शुरू से ही जारी है। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जो 9 अप्रैल से लागू होने वाला था। इसके लागू होने से कुछ घंटे पहले ही ट्रंप ने अचानक इसमें और बढ़ोतरी की घोषणा कर दी। इसका जवाब चीन ने तुरंत दिया। बुधवार को बीजिंग ने अमेरिकी सामानों पर टैरिफ को 50त्न तक बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दिया। इसके अगले ही दिन गुरुवार को अमेरिका ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए चीन से आने वाले सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया। साथ ही अन्य देशों को 90 दिनों की अस्थायी छूट देते हुए उनके लिए टैरिफ को घटाकर समान रूप से 10 प्रतिशत कर दिया।*

### वर्ग पहेली 6880




**बायें से दायें:–**

१. जीवन का अवलंब, सहारा, प्रियतम, पति
३. हलचल, घबराहट, उथल–पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९. माथा, ललाट
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक दिशा
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:–**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप से होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा.या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

### वर्ग पहेली–6879



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**आयोजन** *13वां महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा*

## झारखंड मुक्ति मोर्चा का 14 व 15 को केंद्रीय महाधिवेशन, कई बड़े फैसले संभव

**रांची, (एजेंसियां)।** झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) अपने संविधान से लेकर संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की कवायद में जुटी है। पार्टी ने 14-15 अप्रैल को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में 13वां महाधिवेशन आहूत किया है।

इसमें कई अहम राजनीतिक फैसलों की तैयारी है। पार्टी के संविधान संशोधन के लिए गठित उपसमिति ने कई दौर की बैठकों के बाद बदलाव से संबंधित ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है कि महाधिवेशन में कल्पना सोरेन को पार्टी में अहम पद पर लाने का फैसला भी लिया जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के इस महाधिवेशन को लेकर जिस स्तर पर तैयारियां चल रही हैं, उसके आधार पर यह माना जा रहा है कि यह पार्टी के 50 वर्षों से भी ज्यादा के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण संगठनात्मक जलसा होगा।

इसके पहले पार्टी का 12वां महाधिवेशन 18 दिसंबर, 2021 को रांची में आयोजित हुआ था, जिसमें शिबू सोरेन को लगातार 10वीं बार पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था। पिछले महाधिवेशन के समय कोविड का संक्रमण काल चल रहा था। इस वजह से कोई बड़ा संगठनात्मक निर्णय नहीं लिया जा सका था। इस बार महाधिवेशन में झारखंड समेत ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं कुछ अन्य राज्यों के लगभग चार हजार प्रतिनिधि शिरकत करेंगे।



- **झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बड़े बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है**
- **पार्टी के संगठन में नीचे से लेकर ऊपर तक नए उत्साह का संचार**

राज्य के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बड़े बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है। इससे पार्टी के संगठन में नीचे से लेकर ऊपर तक नए उत्साह का संचार हुआ है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अब नए सिरे से राजनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने की दिशा में आगे कदम बढ़ाने को तैयार है। इसके तहत पार्टी संगठन का विस्तार झारखंड के बाहर के राज्यों में करने की रणनीति भी महाधिवेशन में तय होगी। बिहार और बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों पर भी पार्टी की निगाह है। खास तौर पर इन दोनों राज्यों की सीमाओं से सटे जिलों की सीटों को चिन्हित कर अपने उम्मीदवार उतारने पर भी महाधिवेशन में ठोस फैसला हो सकता है।

पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष शिबू सोरेन अब स्वास्थ्य कारणों से राजनीतिक तौर पर सक्रिय नहीं हैं, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि उन्हें सर्वसम्मति से 11वीं बार अध्यक्ष चुना जाएगा। दरअसल, शिबू सोरेन का नाम आज भी पार्टी के लिए सबसे बड़ा संबल है। हेमंत सोरेन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वह या तो फिर इस पद पर चुने जाएंगे या फिर यह दायित्व कल्पना सोरेन को दिया जा सकता है। पार्टी के जिला और प्रखंड अध्यक्षों को पहले की तुलना में ज्यादा राजनीतिक शक्तियां देने, पार्टी में अहम निर्णयों के लिए हाई पावर कमेटी बनाने जैसे निर्णय भी महाधिवेशन में लिए जा सकते हैं।

# खेल जगत

## आरसीबी के खिलाफ विप्रज ने शानदार प्रदर्शन किया: आरोन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने उभरते हुए ऑलराउंडर विप्रज निगम की प्रशंसा की है और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक बेहतरीन खोज कहा है, क्योंकि उनके ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर छह विकेट से जीत दर्ज की। मैच के बाद जियोस्टार पर बोलते हुए आरोन ने निगम के बल्ले और गेंद दोनों से दोहरे प्रभाव और विदेशी सितारों के दबदबे वाले टूर्नामेंट में घरेलू प्रतिभाओं के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आरोन ने कहा कि विप्रज ने आज रात शानदार प्रदर्शन किया, वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक बेहतरीन खोज है। उसने गेंद से योगदान दिया है और जैसा कि हमने देखा है, वह बल्ले से भी विध्वंसक हो सकता है। आगे बढ़ते हुए, वह दिल्ली कैपिटल्स द्वारा किए गए निवेश के लिए बहुत बढ़िया है।



# लखनऊ को हराकर शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी गुजरात

■ गुजरात के सिराज और साई किशोर से पूरन व मार्श को चौकस रहने की जरूरत

■सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 अप्रैल (देशबन्धु)। पंजाब किंग्स के हाथों 11 रन से हार के साथ आगाज करने के बाद तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और दो अर्द्धशतक जड़ने वाले जोस बटलर की आतिशी बल्लेबाजी और खासतौर पर पांच मैचों में दस दस विकेट चटकाने वाले अपने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर के गेंदबाजी इकाई के रूप में दमदार प्रदर्शन से अपने लगातार चार मैच जीतने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस अब पांचवें स्थान पर चल रही लखनऊ सुपर जायंटस को उसके घर में शनिवार को हरा जीत के 'पंजे' के साथ आईपीएल 2025 में भी जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने के इरादे से उतरेगी।

गुजरात टाइटंस के मेंटोर भारत के पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की तारीफ करनी होगी कि उनके मार्गदर्शन में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल खुद बल्ले और अपनी टीम से एक इकाई के रूप में दमदार प्रदर्शन कराने में प्रदर्शन करने में कामयाब रहे है। गुजरात टाइटंस ने अपने घर अहमदाबाद में अपने दूसरे मैच में मुंबई इंडियंस को तीसरे मैच में 36 रन, आरसीबी को चौथे मैच में उसके घर बेंगलुरू में आठ विकेट तथा फिर अपने घर में राजस्थान रॉयल्स को 58 रन से हरा कर जीत का चौका जड़ा। वहीं बल्ले से खासतौर पर छक्कों की बारिश कर रहे तीन अर्धशतक सहित रन बनाने में शीर्ष चल रहे निकोलस पूरन(288 रन) और चार अर्द्धशतक सहित रन बनाने में तीसरे स्थान पर चल रहे मिचेल मार्श (265 रन) लखनऊ सुपर जायंटस को लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत दिला कर अंक तालिका को उसकी स्थिति बेहतर करने की पुरजोर कोशिश करेंगे। लखनऊ सुपर जायंटस की चिंता उसे अपने कप्तान ऋषभ पंत पांच मैचों में चार में बल्लेबाजी का नंबर आने पर कुल 19 रन बना कर रनों के लिए जूझना है। ऋषभ पंत खुद कहते हैं कि उनकी बल्लेबाजी 'ज्यादा जोखिम , ज्यादा मुनाफा' के मंत्र पर चलती है। उनका यह कहना इसलिए ठीक भी है जब ऋषभ पंत का बल्ला बोलते है तो अकेले दम ही टीम को जिता देते हैं और जब ज्यादा आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में ऋषभ आउट हो जाते हैं।



## हर कोई टीम की जीत में योगदान कर रहा है : गिल




गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में बढ़िया स्कोर बनाया। शुरू के तीन ओवर में गेंद बहुत तेज आ रही और ऐसे में रन बनाना आसान नहीं था। साई सुदर्शन और जोस बटलर ने गजब की बल्लेबाजी की। हमारे गेंदबाजों ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की। हर किसी ने योगदान किया। यदि मैन ऑफ दक्र मैच चुनने में दिक्कत हो तो यह बताता है हर कोई टीम की जीत में योगदान कर रहा है। जब आपके पास ऐसे बेहतरीन गेंदबाज हों तो तब कप्तानी आसान हो जाती हश। मैंने जिस भी गेंदबाज को गेंद थमाई उसने योगदान किया।

## मैच को धीमे करने की रणनीति कारगर रही: पंत



लखनऊ सुपर जायंटस के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तब हमने महसूस नहीं किया लेकिन पावरप्ले के बाद हमें मालूम पड़ा मैच खासा करीब रहने वाला है। पहले पावरप्ले के बाद हमने गेंदबाजी से योजना पर काबिज रहने की बाबत बात की और ज्यादा प्रयोग से बचने को कहा। हमारी कोशिश मैच को धीमे करने की थी। जब मैच इतनी तेजी से चल रहा हो तो तो आपको मैच को धीमा करने की जरूरत होती है। कई बार यह रणनीति काम आती है और कई बार नहीं। मैं खुश हूं कि मैच को धीमे करने की हमारी रणनीति केकेआर के खिलाफ मंगलवार को कारगर रही। समद को चौथे पर नंबर पर इसलिए भेजा क्योंकि हम केकेआर की टीम उसके स्पिनरों को देखते हुए क्रीज पर बाएं और दाएं हाथ का बल्लेबाज चाहते थे ।

# 1001 चौके-छक्के, आईपीएल के इतिहास में कोहली ने बनाया विराट रिकॉर्ड



❍आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में शीर्ष पर बने हुए हैं

❍ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी विराट कोहली ने अब तक 18 आईपीएल सीजन खेले हैं

**बेंगलुरु,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रन मशीन के नाम से दुनियाभर में मशहूर विराट कोहली इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आरसीबी के लिए अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी दल के गेंदबाजों को दिन में तारे दिखा रहे हैं। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भले ही आरसीबी को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, विराट ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज करा लिया है। विराट कोहली टूर्नामेंट के इतिहास में 1000 चौके-छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस दिग्गज खिलाड़ी ने अब तक सभी 18 आईपीएल सीजन खेले हैं, उन्होंने आईपीएल 2025 के 24वें मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली का यह रिकॉर्ड आरसीबी की पारी के चौथे ओवर में आया जब उन्होंने डीसी कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर गगनचुंबी छक्का लगाया और इस तरह उन्होंने 1000 चौके-छक्के का आंकड़ा छू लिया जिसमें 721 चौके और 280 छक्के शामिल हैं। वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में शीर्ष पर बने हुए हैं और छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल (357) और रोहित शर्मा (282) से पीछे हैं।कोहली की ऐतिहासिक उपलब्धि के बावजूद, केएल राहुल ने 53 गेंदों पर नाबाद 93 रन बनाकर सुर्खियां बटोरी, जिससे दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट से जीत मिली। अपने घर पर केएल राहुल ने अपनी बल्लेबाजी से डीसी को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। खासकर तब, जब डीसी 164 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 58 रनों पर 4 विकेट गंवा चुकी थी। इससे पहले, आरसीबी ने फिल साल्ट और कोहली की शानदार शुरुआत के बाद 163 रन बनाए। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स की स्पिन जोड़ी अक्षर और कुलदीप यादव की गेंदबाजी ने बीच के ओवरों में आरसीबी के बल्लेबाजों पर ब्रेक लगा दिया। आरसीबी के खिलाफ रन चेज करने के दौरान केएल राहुल को ट्रिस्टन स्टब्स का साथ मिला।

# कीपिंग करते हुए पिच का मिजाज को पढ़कर खेली बड़ी पारी : राहुल




आईपीएल 2025

**बेंगलुरु,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि कीपिंग करते हुए पिच के मिजाज को समझा और आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मैच के बाद राहुल ने कहा कि उन्हें बेंगलुरु की परिस्थितियों की अच्छी जानकारी है। उन्होंने कर्नाटक के खिलाड़ी कि के रूप में अपना पूरा करियर इस शहर में खेलते हुए बिताया है। उन्होंने कहा कि यह थोड़ी मुश्किल पिच थी, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे जो मदद मिली वह यह थी कि मैंने 20 ओवर तक विकेट के पीछे रहकर देखा कि पिच कैसे खेल रही है। मुझे विकेटकीपिंग करते हुए लगा कि गेंद पिच पर थोड़ा रुक कर रही थी और दोनों पारियों के दौरान पिच का मिजाज एक जैसी ही रहा। राहुल ने कहा कि यह दोहरी गति वाली पिच नहीं थी, बल्कि गेंद एक ही गति से बल्ले पर आ रही थी, । बस थोड़ा ,सा रुक रही थी। मुझे पता था कि मेरी स्ट्रेंथ क्या हैं, इसलिए मैं शुरुआत आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहता था और फिर उसके बाद पिच को पढ़ना चाहता था और मैंने वही किया। उन्होंने कहा कि ऐसी पिच पर मुझे पता था कि शॉट्स कहां खेलना है। अगर मैं पहले से ही बड़े शॉट के लिए जा रहा था, तो मुझे पता था कि क्या हासिल करना है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपिंग ने मुझे यह समझने में मदद की कि अन्य बल्लेबाजों ने कैसे खेला, वे कहां आउट हुए और कहां उन्हें छक्का मारने अवसर मिला। उल्लेखनीय है कि केएल राहुल ने 53 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाते हुए दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ जीत दिलाई।

## मार्क बाउचर ने राहुल की पारी को बताया मास्टरक्लास



**बेंगलुरु,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ केएल राहुल की मैच विजयी पारी की तारीफ करते हुए इसे सही मायने में मास्टरक्लास बताया। बाउचर ने कहा कि राहुल शानदार फॉर्म नजर आ रहे हैं और उन्होंने केएल की इस पारी को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई उनकी 77 रन की पारी से भी बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि राहुल जिस समय बल्लेबाजी करने आए थे, तब डीसी ने 2.1 ओवर में 10 रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए थे और रन बनाने के लिए टीम संघर्ष कर रही थी। राहुल ने शानदार नाबाद 93 रन बनाए और अपना दूसरा लगातार अर्धशतक बनाया, जिससे डीसी ने 164 रनों के लक्ष्य का पीछा किया। राहुल ने एक छोड़ संभाले रखा, लेकिन दूसरे छोड़ से विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। डीसी ने महज 58 रनों के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन, घर पर खेल रहे राहुल ने 53 गेंदों की अपनी पारी में छह छक्के और सात चौके लगाए और ट्रिस्टन स्टब्स के नाबाद 38 रनों के साथ 111 रनों की साझेदारी की।

## आरसीबी के घरेलू मैदान पर प्रशंसकों को विरोधी खिलाड़ी के लिए नारे लगे

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में उत्साही भीड़ आमतौर पर आईपीएल के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए एक बड़ा घरेलू लाभ है। लेकिन गुरुवार रात आईपीएल में आरसीबी के घरेलू मैदान पर प्रशंसकों को विरोधी खिलाड़ी के लिए नारे लगाते हुए सुनना काफी कुछ कहने जैसा था। आरसीबी के रंग में रंगे प्रशंसकों के स्टेडियम में ऐसा करने का मुख्य कारण उनके स्थानीय खिलाड़ी, उर्फ 'नम्मा हुडुगा' (कन्नड़ में अपना लड़का) केएल राहुल थे जिन्होंने 53 गेंदों पर नाबाद 93 रन बनाकर मैच जीतने वाली पारी खेलकर और आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की अपराजित स्थिति को बनाए रखकर अपने घर वापसी पर मंच पर कब्जा कर लिया। यह एक ऐसी पारी थी जिसमें राहुल को सुस्त काली मिट्टी की पिच पर कड़ी मेहनत करनी पड़ी, फिर 12वें ओवर के बाद उन्होंने गियर बदलते हुए शानदार बल्लेबाजी की और 13 गेंद शेष रहते छ्ष्ट को जीत दिलाई। अपने विजयी शॉट के बाद - यश दयाल की फुल टॉस पर लॉन्ग-लेग बाउंड्री पर छक्का - राहुल ने गर्व से अपनी छाती थपथपाई।

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज की महिला टीम ने आयरलैंड को छह रन से हराया

**लाहौर।** चिनेल हेनरी (नाबाद 46), स्टेफनी टेलर (46) और जैदा जेम्स (36) रनों की पारियों के बाद हैली मैथ्यूज (चार विकेट), करिश्मा रामहेक और आलियाह एलीने (दो-दो विकेट) की बदौलत वेस्टइंडीज की महिला टीम ने शुक्रवार आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के पांचवें मुकाबले में आयरलैंड को छह रन से हरा दिया। बारिश के कारण मैच को 33-33 ओवरों का कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के 181 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके। आयरलैंड के लिए एमी हंटर ने 46 गेंदों में (48), लौरा डेलानी (32), क्रिस्टीना कोल्टर रीली (26), अर्लीन केली (18) और कप्तान गैबी लुईस ने (17) रनों की पारी खेली। एक समय ऐसा लगा रहा था कि आयरलैंड यह मुकाबला आसानी से जीत लेगा। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर हैली मैथ्यूज ने अर्लीन केली को आउटकर आयरलैंड के हाथों से जीत छीन ली।

### पाक गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को 186 रन के स्कोर पर रोका

**लाहौर।** फातिमा सना (चार विकेट) और सादिया इकबाल (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान की महिला टीम ने शुक्रवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के चौथे मुकाबले में स्कॉटलैंड की टीम को 186 के स्कोर पर रोका। बारिश के कारण मैच को 32-32 ओवरों का कर दिया गया था। आज यहां पाकिस्तान की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान कैथरीन ब्राइस ने सारा ब्राइस के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सारा ब्राइस (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐल्सा लिस्टर ने 24 गेंदों में (31) रन बनाये। कैथरीन फ्रेजर(11) रन बनाकर आउट हुई।

# नॉर्वे शतरंज से पहले विश्वनाथन आनंद ने गुकेश का समर्थन किया



**मुंबई,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शतरंज की दुनिया में सबसे बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता में, सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश डोमराजू इस साल के नॉर्वे शतरंज 2025 में एक उच्च-दांव प्रतियोगिता में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भिड़ेंगे। यह टूर्नामेंट 26 मई से 6 जून तक स्टावेंजर में होगा। शहर में नॉर्वे शतरंज और खेल पत्रकार संघ (एसजेएएम) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने चेन्नई के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी का समर्थन किया और कहा कि मुझे एक बहुत ही रोमांचक लड़ाई की उम्मीद है।

गुकेश में मैग्नस कार्लसन के पीछे जाने की प्रेरणा या दृढ़ संकल्प की कमी नहीं होगी। लेकिन मैग्नस हमारे युवा खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की चुनौती से भी बहुत प्रेरित हैं। मैंने उन्हें कई टूर्नामेंटों में देखा है चाहे वह कोलकाता हो या वर्ल्ड रैपिड ब्लिट्ज, वह इन मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार करते हैं और इसलिए हमारे पास एक बेहतरीन तूफान है। मुझे लगता है कि हमें कुछ बेहतरीन मुकाबलों की उम्मीद करने का हक है। 18 वर्षीय गुकेश ने इस साल उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। टाटा स्टील मास्टर्स जीतकर, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दबदबा बनाया और आखिरकार क्लासिकल शतरंज में अंतिम पुरस्कार हासिल किया: पिछले दिसंबर में सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप का खिताब। इस साल के नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर 1 और मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे), हिकारू नाकामुरा (यूएसए), गुकेश डी (भारत), फैबियानो कारुआना (यूएसए), अर्जुन एरिगैसी (भारत) और वेई यी (चीन) जैसे स्टार खिलाड़ियों की भरमार होगी, जबकि नॉर्वे शतरंज महिलाओं में जू वेनजुन (चीन), लेई टिंगजी (चीन), हम्पी कोनेरू (भारत), अन्ना मुजीचुक (यूक्रेन), वैशाली रमेशबाबू (भारत) और सरसादत खादेमालशारीह (स्पेन) शामिल होंगी।

## भारतीय टीम ने बिली जीन किंग कप में हांगकांग को 2-1 से हराया

**पुणे,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय टीम ने हांगकांग को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में अपना विजयी अभियान जारी रखा है।पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में वैदेही चौधरी के दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को टूर्नामेंट के तीसरे दिन शानदार शुरुआत दी। अहमदाबाद की इस युवा खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर तक खिंचा पहला सेट कड़े संघर्ष के साथ मुकाबल 10-8 से जीता। दूसरे सेट में वह बिना समय गंवाए शुरुआत से ही अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हावी रही और दो घंटे, तीन मिनट तक चले मैच को 7-6 (10-8), 6-1 से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत को हांगकांग के खिलाफ 1-0 की बढ़त मिली।

दोनों देशों के बीच दूसरे एकल मुकाबले में, श्रीवल्ली भामिदीपती ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन मैचों के बाद अपना शत-प्रतिशत रिकॉर्ड जारी रखा।

## बोपन्ना-शेल्टन मोंटे कार्लो क्वार्टर फाइनल में हारे

**रोकब्रून-कैप-मार्टिन ( फ्रांस ),** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और बेन शेल्टन का मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल अभियान शुक्रवार को मोनेगास्क रोमेन अर्नेडो और उनके साथी मैनुअल गुइनार्ड से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। इंडो-अमेरिकन जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन सुपर टाईब्रेक में स्कोरलाइन 6-2, 4-6, 10-7 से हार गई। मोंटे-कार्लो मास्टर्स में बोपन्ना का यह छठा क्वार्टरफाइनल था, यह खिताब उन्होंने 2017 में जीता था। बोपन्ना-शेल्टन ने तीसरे वरीय सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी के खिलाफ 2-6, 7-6(4), 10-7 से दूसरे दौर की जीत हासिल की, जिसमें क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए एक उतार-चढ़ाव भरा मैच टाई-ब्रेक भी शामिल था। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और एलेजांद्रो टेबिलो पर अपनी पहले दौर की जीत के बाद, बोपन्ना 45 साल और एक महीने की उम्र में एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर मैच जीतने वाले एकल या युगल में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कनाडाई दिग्गज डेनियल नेस्टर का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2017 मैड्रिड मास्टर्स में मैच जीतने के समय 44 साल और 8 महीने के थे, विडंबना यह है कि बोपन्ना के खिलाफ, जो उस समय पाब्लो क्यूवास के साथ जोड़ी बना रहे थे। एकल में, एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी क्रोएशिया के इवो कार्लोविच हैं, जिन्होंने 2019 में इंडियन वेल्स में 40 साल की उम्र में भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन को हराया था। पिछले साल, बोपन्ना ने शनिवार को ओपन एरा में सबसे उम्रदराज पुरुष युगल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। इस सफर ने बोपन्ना को युगल में पहली बार विश्व नंबर 1 बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने में भी मदद की।



# बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप: ध्रुव-तनिषा क्वार्टर फाइनल में बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

■ पहला गेम 12-21 से हारने के बाद, भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-16 से अपने नाम किया



**निंगबो ( चीन ),** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 में भारत के बचे हुए आखिरी खिलाड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो मिक्स्ड डबल्स क्वार्टर फाइनल में हार गए। शुक्रवार को भारतीय जोड़ी को हांगकांग के पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट के हाथों 22-20, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा।


इस जोड़ी ने निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चीनी ताइपे के ये होंग वेई और निकोल चैन पर 12-21, 21-16, 21-18 से वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पहला गेम 12-21 से हारने के बाद, भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-16 से अपने नाम किया और तनावपूर्ण निर्णायक गेम 21-18 से जीत लिया। इस बीच, गुरुवार को एकल वर्ग में भारत का अभियान समाप्त हो गया, जब शीर्ष शटलर पीवी सिंधु, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने-अपने दूसरे दौर के मैच हार गए। सिंधु ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद जापानी पूर्व विश्व चैंपियन को चुनौती देने के बाद अकाने यामागुची से 11-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। पुरुष एकल में, किरण ने विश्व चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन 21-19, 13-21, 16-21 से हार गए, जबकि प्रियांशु को कोडाई नाराओका से 14-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में, हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति, जो श्रीलंका के मधुका दुलांजना और लाहिरू वीरसिंघे को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे, लेकिन दूसरे दौर में भी उन्हें पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक से 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.413 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.278 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.539 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.289 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.078 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.056 |
| 7- | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.733 |
| 8- | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.010 |
| 9- | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.889 |
| 10- | सनराइजर्स हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.629 |

# अर्थ जगत

**भारतीय रियल एस्टेट में जनवरी-मार्च में इक्विटी निवेश 74 प्रतिशत बढ़ा**

**नई दिल्ली।** संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च अवधि में सालाना आधार पर इक्विटी निवेश 74 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.9 अरब डॉलर रहा। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई के अनुसार, ''जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान निवेश प्रवाह मुख्य रूप से डेवलपर गतिविधि और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) और संस्थागत निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि से प्रेरित रहा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2024 में कुल इक्विटी निवेश 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर था।



# शेयर बाजार फिर गुलजार, सेंसेक्स 75 हजार के पार

## निवेशकों को हुआ 8.56 लाख करोड़ का फायदा



*मुम्बई। शेयर बाजार में आज तेजी का सिलसिला मार्केट क्लोजिंग के अंत तक देखने को मिला है। सेंसेक्स 1.77 प्रतिशत या फिर 1310.11 अंक की तेजी के साथ 75,157.26 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 1.92 प्रतिशत या फिर 429.40 अंक की तेजी के साथ 22,828.55 पर बंद हुआ है। सेंसेक्स की आज 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए हैं। टीसीएस और एशियन पेंट्स के शेयर लाल निशान पर बंद हुए हैं।*

सेंसेक्स की टॉप 30 में से टाटा स्टील के शेयर मार्केट क्लोजिंग के वक्त करीब 5 प्रतिशत की बढ़त के साथ ट्रेड कर रहे थे। पावरग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3 प्रतिशत से अधिक की बढ़त बनाने में सफल रहे हैं। बीएसई के डाटा के अनुसार 142 कंपनियों के शेयरों में आज लोअर सर्किट लगा है। वहीं, 329 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। दूसरी तरफ 41 कंपनियों के शेयर 52 वीक लो लेवल पर पहुंच गए। वहीं, 23 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। एनएसई का मार्केट कैप 399.41 लाख करोड़ रुपये रहा है।आज की तेजी से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड सभी कंपनियों की कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 8.56 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गया।

### तेजी के प्रमुख कारण

**ट्रंप का टैरिफ पर रोक लगाना-** मार्केट में आई इस तेजी का प्रमुख कारण ट्रंप द्वारा टैरिफ पर 90 दिन की रोक लगाना है। ट्रंप ने चीन को छोड़कर 75 देशों को टैरिफ से 90 दिन के लिए राहत दी है। ट्रंप के इस फैसले से शेयर मार्केट के निवेशकों ने राहत की सांस ली है। मार्केट को उम्मीद है कि इन 90 दिनों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच एक सफल ट्रेड डील हो जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को 90 दिनों की टैरिफ छूट से बाहर रखा है। चीन पर अमेरिका ने 145 फीसदी का भारी-भरकम टैरिफ लगा दिया है। इससे विदेशी निवेशक यानी एफआईआई के बीच सेल चाइना बाय इंडिया बेट्स को बढ़ावा मिल रहा है।

**आरबीआई का रेपो रेट घटाना-** कुछ दिन पहले ही आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर यानी रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इससे निवेशक आश्वस्त हुए हैं कि लिक्विडिटी की कोई कमी नहीं रहेगी। यही कारण है कि आज बाजार में अच्छी खरीदारी देखने को मिली है।

### इस सप्ताह मेटल और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा टूटे

इस सप्ताह सबसे ज्यादा गिरावट मेटल और रियल्टी इंडेक्स में आई। सप्ताह के दौरान 13 प्रमुख सेक्टर्स में से नौ में गिरावट रहे। इसमें रियल एस्टेट और मेटल सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट आई, जो क्रमशः 4 प्रतिशत और 2.9 प्रतिशत नीचे रहे। हैवीवेट फाइनेंशियल और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर में क्रमशः 0.9 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। इसमें लगातार दूसरे वीक साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। आईटी शेयरों में इस चिंता के चलते गिरावट आई कि ट्रेड वार की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी आ सकती है। अमेरिका आईटी कंपनियों के लिए एक प्रमुख बाजार है। इसके अलावा ब्रोडर मिडकैप में में लगातार तीसरे हफ्ते साप्ताहिक गिरावट आई। इस हफ्ते यह 0.3 प्रतिशत गिर गया। जबकि स्मॉलकैप में साप्ताहिक आधार पर 0.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# डॉलर पर भारी रुपया, 61 पैसे उछला



*मुम्बई। शुक्रवार को रुपए ने दमदार वापसी की। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 61 पैसे उछलकर 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपए की इस मजबूती ने निवेशकों को चौंका दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी हलचल मचा दी। अमेरिकी डॉलर में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल के कारण रुपए में मजबूती आई।*

रुपए में तेजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नौ जुलाई तक भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को निलंबित करने के अगले दिन आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.22 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 85.95 के उच्च स्तर पर पहुंचा और अंत में 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की उछाल है। रुपया बुधवार को 42 पैसे टूटकर 86.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। महावीर जयंती के कारण बृहस्पतिवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.33 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.38 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में, बीएसई का 30-शेयरों वाला सेंसेक्स 1,310.11 अंक की मजबूती के साथ 75,157.26 पर जबकि एनएसई निफ्टी 429.40 अंक चढ़कर 22,828.55 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बुधवार को शुद्ध रूप से 4,358.02 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। अमेरिकी डॉलर पर भारी भारतीय रुपया, करेंसी बाजार में हुआ बड़ा उलटफेर शुक्रवार को रुपए ने दमदार वापसी की। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 61 पैसे उछलकर 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपए की इस मजबूती ने निवेशकों को चौंका दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी हलचल मचा दी। अमेरिकी डॉलर में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल के कारण रुपए में मजबूती आई।

# भारत के औद्योगिक उत्पादन 6 महीने के निचले स्तर पर



*नई दिल्ली। देश की औद्योगिक गतिविधियों की रफ्तार फरवरी 2025 में धीमी हो गई है।*

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडस्ट्रियल आउटपुट यानी आईआईपी फरवरी में सिर्फ 2.9 प्रतिशत बढ़ा। जबकि जनवरी 2025 में आईआईपी 5.01 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जो पिछले 8 महीनों में सबसे तेज़ बढ़त थी। गौर करने वाली बात है कि यह बीते छह महीनों में सबसे धीमी रफ्तार है। इसके पहले सितंबर 2024 में आईआईपी की दर 3.2 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई थी।

**मैन्युफैक्चरिंग में भी दिखी थकावट-** आईआईपी में सबसे ज्यादा वज़न रखने वाला सेक्टर मैन्युफैक्चरिंग यानी विनिर्माण है, जिसकी ग्रोथ फरवरी में 2.9 प्रतिशत रही। यह दर पहले के मुकाबले कम है, जिससे साफ है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेजी थोड़ी थम गई है। माइनिंग सेक्टर में सुस्ती-खनन (माइनिंग) सेक्टर की हालत और भी कमजोर रही। इस सेक्टर की ग्रोथ फरवरी में सिर्फ 1.6 प्रतिशत रही, जो यह दिखाता है कि खनन और कच्चे माल के उत्पादन में गिरावट आई है।

# ट्रंप टैरिफ टला, 1500 उछलकर नई ऊंचाई पर पहुंचा सोना

*नई दिल्ली। अमेरिका द्वारा चीन को छोड़कर बाकी देशों पर लगाए गए शुल्क को 90 दिन टालने के बाद सोना तेजी से दौड़ रहा है। लगातार दो दिन से अंतरराष्ट्रीय व घरेलू दोनों बाजार में सोना नया रिकॉर्ड बना रहा है। आज भी दोनों मार्केट में सोने के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए।*



कॉमेक्स पर सोने के वायदा भाव ने 3241.50 डॉलर और एमसीएक्स पर 93,736 रुपये का सर्वोच्च स्तर छू लिया। खबर लिखे जाने के समय घरेलू वायदा बाजार में सोने के वायदा भाव 93,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 92,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे।

**सोना 93 हजार पार कर नए रिकॉर्ड पर पहुंचा-** सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 430 रुपये की तेजी के साथ 92,463 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 92,033 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,497 रुपये की तेजी के साथ 93,530 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 93,736 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 92,463 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 93,736 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**चांदी के भाव भी चढ़े-** चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 405 रुपये की तेजी के साथ 92000 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 91,595 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 773 रुपये की तेजी के साथ 92,368 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 92,500 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 92,000 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर -** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,194.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,177.50 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 58.60 डॉलर की तेजी के साथ 3,236.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव आज 3,241.50 डॉलर के भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.11 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 30.75 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.41 डॉलर की तेजी के साथ 31.16 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 69 |
| एक यूरो | 96. 32 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112 . 58 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 74 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-130 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 93000 चांदी -96100

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 93000 चांदी -96100


## दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338


**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070


भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# चीन-अमेरिका मिलकर बनाते हैं 74 फीसदी प्लास्टिक, भारत की स्थिति क्या है?

*नई दिल्ली। प्लास्टिक प्रदूषण आज पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर पर्यावरणीय संकट बन चुका है- चाहे समुद्र हो या पहाड़, जंगल हो या शहर, हर जगह प्लास्टिक कचरे के अंबार दिखाई देते हैं। एक ताज़ा रिसर्च पेपर ने दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि इस संकट का सबसे बड़ा जिम्मेदार कौन है। साल 2022 में दुनिया में लगभग 26.8 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ।*



चौंकाने वाली बात ये है कि इस प्लास्टिक उत्पादन में सिर्फ दो देशों- चीन और अमेरिका का योगदान मिलाकर लगभग 74 प्रतिशत रहा। जबकि भारत जैसे विकासशील देश का हिस्सा अपेक्षाकृत बहुत कम पाया गया। नेचर मैगजीन में पब्लिश यह विश्लेषण बताता है कि साल 2022 में लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हुआ। इसमें भारत की हिस्सेदारी महज 5 फीसदी ही रही। इस दौरान दुनिया को पर्यावरण का पाठ पढ़ाने वाले अमेरिका का प्लास्टिक उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान रहा, जहां कुल 42 फीसदी उत्पादन हुआ। दूसरे पायदान पर चीन रहा, जिसका योगदान 32 फीसदी पहुंच गया है।

**प्लास्टिक का सबसे बड़ा उपभोक्ता कौन-** प्लास्टिक का उत्पादन करने में भले ही अमेरिका सबसे आगे है लेकिन इस्तेमाल में यह दूसरे पायदान पर चला जाता है। चीन प्लास्टिक का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जो दुनिया की कुल आपूर्ति का 20 फीसदी इस्तेमाल करता है। इस मामले में अमेरिका 18 फीसदी के साथ दूसरे पायदान पर तो यूरोपीय संघ 16 फीसदी के साथ तीसरे पायदान पर काबिज हैं। भारत भी इस मामले में चौथे पायदान पर है, जहां 6 फीसदी यूज होता है। जापान भी 4 फीसदी इस्तेमाल के साथ प्लास्टिक यूज करने में पांचवें पायदान पर है।

**दुनिया में कितना कचरा निकला-** रिपोर्ट में कहा गया कि साल 2022 में प्रति व्यक्ति 216 किलोग्राम के हिसाब से सबसे ज्यादा प्लास्टिक की सबसे ज्यादा खपत अमेरिका में हुई। यह जापान में 129 किलोग्राम और यूरोपीय संघ में प्रति व्यक्ति 87 किलोग्राम प्लास्टिक की खपत से काफी ज्यादा रहा। इस दौरान दुनियाभर में लगभग 26.8 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ, जिसमें सबसे अधिक चीन (8.15 करोड़ टन) ने पैदा किया। उसके बाद अमेरिका (4.01 करोड़ टन), यूरोपीय संघ (तीन करोड़ टन) और भारत (95 लाख टन) का नंबर आता है।

# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी नागपुर की विशेष मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सुविधा अब जबलपुर में

*जबलपुर। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने जबलपुर स्थित मैक्स मेड सेंटर में कार्डियक, लिवर ट्रांसप्लांट और न्यूरोलॉजी के लिए अपनी विशेष मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है।*



इस ओपीडी सेवा की शुरुआत मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के कार्डियक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. पुनीत जांडियाल, जीआई और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के सर्जन, सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राजविलास नारखेडे और न्यूरो फिजियशियन एंड मूवमेंट डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट डॉ. अभिषेक वांकर की उपस्थिति में की गई।

डॉ. राजविलास नारखेडे और डॉ. अभिषेक वांकर हर महीने के दूसरे शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, वहीं डॉ. पुनीत जांडियाल हर महीने के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। अमैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के कार्डिएक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. पुनीत जांडियाल ने कहा, अक्सर मरीज छाती में दर्द, भारीपन, ठंडी, पसीना जैसी शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। इस ओपीडी की शुरुआत हमारी एक और मरीज-केंद्रित पहल की शुरुआत है, जिससे समय पर परामर्श और रोकथाम संबंधी देखभाल उपलब्ध होगी ताकि कोई भी स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी भरे संकेत अनदेखे न हों।

# स्टार्टअप्स की टेक उड़ान, भारत के नवाचारों ने बढ़ाई दुनिया की धड़कनें

*नई दिल्ली। साल 1957 में जब सोवियत संघ ने पहला मानव निर्मित उपग्रह 'स्पुतनिक' अंतरिक्ष में भेजा तो अमेरिका के भीतर वैज्ञानिक और तकनीकी क्रांति की लहर दौड़ गई। राष्ट्रपति आइजनहावर ने तब देश के उद्योगों और विश्वविद्यालयों से विज्ञान में तेजी लाने की अपील की थी। इतिहास ने उस घटना को एक चेतावनी के रूप में लिया और अब वैसा ही दौर फिर लौट आया है।*

आज पूरी दुनिया एक नई तकनीकी दौड़ में शामिल है। जहां एक ओर उड़ने वाली टैक्सियाँ, री-यूजेबल रॉकेट, ह्यूमनॉइड रोबोट और जनरेटिव एआई जैसी चीजें तेजी से हकीकत बन रही हैं वहीं हर देश यह सोचने को मजबूर है कि वह इस दौड़ में कहां खड़ा है। भारत भी इस नई क्रांति में भागीदार बनने के लिए तैयार हो रहा है।

**क्या है डीप-टेक और क्यों है यह ज़रूरी? -** डीप-टेक कोई ट्रेंड नहीं है बल्कि ऐसी तकनीकें हैं जो मौलिक वैज्ञानिक रिसर्च पर आधारित होती हैं। जैसे कि अंतरिक्ष रॉकेट्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, एआइ, बायोटेक्नोलॉजी, और रोबोटिक्स। यह तकनीकें न केवल इंडस्ट्री बदलती हैं बल्कि देशों की आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को भी प्रभावित करती हैं।

### सरकारी कदम और रणनीति

भारत सरकार भी अब इस क्षेत्र में गंभीर निवेश कर रही है-

| | |
|---|---|
| इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन | - 76,000 करोड़ रुपये |
| इंडियाएआई मिशन | - 10,371 करोड़ रुपये |
| डीप टेक स्टार्टअप फंड | - 10,000 करोड़ रुपये |
| स्पेस-टेक वेंचर फंड | - 1,000 करोड़ रुपये |



**चीन और अमेरिका फिलहाल डीप-** टेक इनोवेशन की दौड़ में सबसे आगे हैं। वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक चीन ने सिर्फ जनरेटिव एआई में ही 2014 से 2023 के बीच 38,000 से ज्यादा पेटेंट दर्ज किए अमेरिका से छह गुना ज्यादा। वहीं एएसपीआई की रिपोर्ट कहती है कि चीन 64 में से 57 प्रमुख तकनीकों में विश्व स्तर पर आगे है। अमेरिका, जापान, जर्मनी जैसे देश अपने जीडीपी का 3 प्रतिशत से ज्यादा आर एंड डी पर खर्च करते हैं जबकि भारत अभी भी 1 प्रतिशत से कम निवेश करता है लेकिन भारत ने भी अब अपने इरादे साफ कर दिए हैं।

**भारत की शुरुआत भले देर से हो लेकिन दिशा सही है-** इनमें से कई स्टार्टअप्स अंतरिक्ष, रक्षा और स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए स्काईरूट ने 2022 में भारत का पहला निजी तौर पर लॉन्च किया गया रॉकेट विक्रम-एस सफलतापूर्वक लॉन्च किया।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com


विक्रमोत्सव 2025
विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर
अग्रसर मध्यप्रदेश
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
विक्रम संवत् के प्रवर्तक
सम्राट विक्रमादित्य
महानाट्य का महामंचन
12,13,14 अप्रैल 2025
प्रतिदिन सायं 6:00 से 9:00 बजे तक
माधव दास पार्क, लाल किला, दिल्ली
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
विशिष्ट अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
विशेष प्रदर्शनी
• आर्ष भारत • विक्रमादित्यकालीन मुद्रा-मुद्रांक
• मध्यप्रदेश में पर्यटन • मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां
• मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट • फूड कोर्ट
संस्कार भारती
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा
दीनदयाल शोध संस्थान - नई दिल्ली, संस्कार भारती - नई दिल्ली
श्री विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के सहयोग से आयोजित
आप सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें.
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11005/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025